जैन मित्र मंडल ट्रैक्ट नम्बर १४३

प्रकाशित जैन साहित्य

संयोजक

श्री पन्नालाल जैन अग्रवाल

सम्पादक

श्री ज्योतिप्रसाद जैन

एम ए., एल एल. बी (पी. एच. डी.)

प्रकाशक

जैन मित्र मंडल, दिल्ली

प्रथमावृत्ति १००० प्रति | आषाढ वीर सं० २४८४, वि० सं० २०१५ जून १९५८ | मूल्य २)

विषयानुक्रम

प्रकाशकीय वक्तव्य

आज से ४३ वर्ष पूर्व समाज के कुछ नवयुवको के हृदय मे जैन धर्म के सिद्धान्तो के प्रचार की भावना जागृत हुई। उन्होने ३० मार्च १९१५ को इस संस्था की नीव 'जैन मित्र मण्डल' के नाम से देहली मे डाली। जैन मित्र मण्डल ने अब तक केवल एक ही उद्देश्य रखा है और वह है 'जैन धर्म का साहित्य द्वारा प्रचार'। मण्डल का सारा कार्य, मण्डल की सारी लगन और उसकी—सारी चिन्ताए इसी दिशा मे लगी रही हैं।

२ मण्डल ने अपने शै ाव काल के ६ वर्षों मे ही जैन धर्म तथा साहित्य-प्रचार मे इतना अधिक कार्य किया कि सन १९२१ की सरकारी जनगणना census मे इसको भारत की 'Chief jain literary Society 'प्रमुख साहित्यिक संस्था' घोषित किया गया।

३. जैन मित्र मण्डल जिस समय दो वर्षो का ही था इसने भारत—प्रसिद्ध देहली शास्त्रार्थ "ईश्वर-कर्तृत्व और तीर्थ कर सर्वज्ञ हो सकते है या नही" इस विषय पर 'आर्यकुमारसभा' से देहली मे किया।

४. अभी मण्डल इस कार्य से निबटा ही था कि डाक्टर गौडने 'हिन्दू कोड" 'Hindu Code' नाम की एक पुस्तक लिखी जिसमे जैन धर्म तथा जैनो के विषय मे बहुत सी गलत बातें लिख डाली। यह पुस्तक भारत सरकार द्वारा मान्यता दी जाने को ही थी कि मण्डल ने इस विषय मे आन्दोलन चलाया और एक पृथक 'जैन कोड' बनाने का विचार किया। डाक्टर गौड के आ-क्षेपो का करारा उत्तर दिया। दो पुस्तकें 'Jainism and Hindu Code' और 'Jains of India and Dr. H. S Gour' प्रकाशित की। इस सबके फलस्वरूप डा० गौड ने अपनी पुस्तक की दूसरी आवृत्ति मे अपनी गलतियो को ठीक किया।

५. मण्डल ने, अपनी स्थापना के १० वर्ष पश्चात् यह कटु अनुभव किया

कि जहाँ देश मे अन्य सर्व धर्मों के प्रवर्तको के-भगवान कृष्ण, राम, मोहम्मद, ईसा, गुरु नानक के–जन्म उत्सव बडी धूमधाम से मनाये जाते हैं वहाँ जैन धर्म के किसी भी तीर्थ कर का जन्म उत्सव नही मनाया जाता, इसी भावना से ओत प्रोत होकर जैन मित्र मण्डल ने सर्व प्रथम सन् १९२५ मे 'महावीर जयन्ती महोत्सव' देहली मे मनाया जिसमे मौलाना मोहम्मद अली, महात्मा भगवानदीन, प० अर्जुनलाल सेठी जैसे विद्वानो के भाषण हुए। समाज मै इस प्रकार के उत्सव मनाने पर विरोध भी हुआ, मडल के कर्मठ सैनिकों को आक्षेप भी सहने पडे, परन्तु उत्सव की उपयोगिता तथा उसकी सफलता नै उनके उत्साह को बढाया और उसके बाद ३३ वर्षो मे मडल ने महावीर जयन्ती को एक बहुत ही प्रभावशाली, सुन्दर आकर्षक तथा सार्वजमिक रूप दे दिया।

आज मण्डल को इस बात का गौरव है कि समस्त भारत मे महावीर-जयन्ती मनाने तथा मनवाने का श्रेय इसी संस्था को है।

महावीर जयन्ती को अधिक से अधिक उपयोगी बनाने के हेतु मडल कविसम्मेलन, सगीतसम्मेलन, उर्दु मुशायरा तथा व्याख्यानो का बडा ही सुन्दर तथा रोचक प्रोग्राम रखता है। इस अवसर पर मडल भारत के राष्ट्रपति, प्रधान मत्री, विदेशो के राजदूत, भारतसघ के मन्त्रीगण, भारत राज्य के राज्यपालो तथा अन्य सभी जाति तथा धर्म के नेताओ को आमन्त्रित करता है और उनसे इस आयोजन के विषय मे तथा भगवान महावीर के सिद्धान्तों व आजके युग मे उनकी आवश्यकता पर सुन्दर तथा प्रभावशाली लेख तथा सन्देश मगाता है और उन्हे सहस्रो की सख्या मे प्रकाशित कर देश तथा बिदेशों मे वितरण करता है।

६. जैन मित्र मडल देहली जैन समाज मे पुस्तक प्रकाशन में एक अद्वितीय स्थान रखता है। मडल नै अपना उद्देश्य जैन धर्म के शास्त्रो के प्रकाशन का नही रखा बल्कि इसने अंग्रेजी नागरी तथा उर्दू मे नये प्रकार के सहित्य का निर्माण कराया। आज के युग मे [illegible] इतना भी समय

नहीं है कि वह अपने धर्म के मोटे मोटे शास्त्रों को पढ सके, आज का युग चाहता है छोटी छोटी पुस्तकें जो कि वह अवकाश के समय सुगमता से पढ सकें। मंडल ने अपनी कार्य पद्धति इसी ओर रखी। उसने समाज के प्रकाण्ड विद्वानो से, जैन ही नही किन्तु अजैनो से भी जैनधर्म तथा इसके सिद्धान्तो पर छोटे छोटे ट्रैक्ट लिखवाए, जिनको हजारो की सख्या मे प्रकाशित कर बिना मूल्य देश-विदेशो तथा जैन व अजैन जनता मे वितरण किया। ससार का कोई भी देश ऐसा नही होगा जहाँ जैन मित्र मडल के ट्रैक्ट न पहुचे हो। इस प्रकार का १४२ पुस्तके मडल प्रकाशित कर चुका है। शायद कोई ही दूसरी ऐसी जैन सस्था होगी कि जो इतने 'पुष्प' अबतक प्रकाशित कर सकी हो।

७ पिछले वर्ष साहित्य प्रचार मे जैन मित्र मडल ने एक बहुत ही बडा कदम उठाया। ससार को चकित कर देने वाला राष्ट्रपति द्वारा कहा गया 'ससार का आठवाँ आश्चर्य' ७१८ भाषामयी ग्रन्थराज 'भूवलय' के प्रकाशन का कार्य इस सस्था ने उठाया। और गत वर्ष 'इसका मगल प्राभृत' 'इसके कतिपय सारगर्भित श्लोक' तथा इसमे अन्तर्गत 'भगवद्गीता' नाम की तीन पुस्तके प्रकाशित की जिनका उदघाटन काँग्रेस के मनोनीत अध्यक्ष श्री ढेबर भाई ने आचार्य श्री १०८ देशभूषण जी महाराज की उपस्थिति मे किया।

८. मण्डल के पास सदैव 'जैनसाहित्य' के विषय मे परिप्रश्नात्मक पत्र आते रहते है और जैन धर्म जानने तथा जैन साहित्य के पढने के इच्छुक सदैव जैन साहित्य की माँग जैन मित्र मडल मे करते रहते है। अब तक 'दिगम्बर जैन समाज' मे इस प्रकार की कोई पुस्तक या सूची नहीं थी कि जिससे प्रकाशित जैन साहित्य का पता चल सकता हो। इसी कमी को दृष्टि मे रखते हुए जैन समाज के सर्व अधिक 'मूक' तथा ठोस सेवक ला० पन्नालाल जी अग्रवाल देहली द्वारा सयोजित तथा प्रसिद्ध ऐतिहासिक लेखक डा० ज्योति-प्रसाद जी लखनऊ द्वारा सम्पादित 'प्रकाशित जैन साहित्य'की सन् १९४५ तक की यह सूची प्रकाशित करते हुए हमे बडा हर्ष हो रहा है। हम इन दोनो ही के बहुत कृतज्ञ हैं कि उन्होने इसमे अपना अमूल्य समय देकर यह पुस्तक

सम्पादित की है। साथ ही हम आचार्य श्री जुगलकिशोर जी मुख्तार अधिष्टता वीरसेवामन्दिर, श्री वासुदेवशरण जी अग्रवाल, प्रोफेसर बनारस विश्व-विद्यालय तथा डा० हीरालाल जी अध्यक्ष प्राकृत विद्यापीठ मुजफ्फरपुर (बिहार) के भी बहुत आभारी है जिन्होंने इस पुस्तक के प्रास्ताविक, प्राक्कथन, प्राथमिक लिखकर इस पुस्तक की उपयोगिता को बहुत बढ़ा दिया है। श्री पं० परमानन्द जी तथा श्री मुनीन्द्रकुमार जी ने इस पुस्तक के कुछ प्रूफ देखे हैं, जिसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं

हम श्री रामचद्र जैन भारत सरकार **valuation officer**, पुन-र्निवास मत्रालय तथा श्री अ०-ल भा० दिगम्बर जैनकेन्द्रीय महासमिति देहली के आभारी हैं जिन्होने इस पुस्तक के प्रकाशन मे १३१ क्रमश. तथा ५१) दान देकर इस पुस्तक की उपयोगिता को अपनाया है।

हमे आशा है कि पुस्तक की उपयोगिता मे जनता प्रभावित होकर इस पुस्तक को अपनायेगी।

अजितप्रसाद जैन ठेकेदार सभापति
महतावसिंह जैन महामन्त्री

आदीश्वरप्रसाद जैन मंत्री
पन्नालाल जैन मंत्री
जैन मित्र मण्डल, धर्मपुरा, देहली

प्राथमिक

जैन संस्कृति की धारा बहुत प्राचीन और महत्त्वपूर्ण है। किन्तु दुर्भाग्यतः जैन धर्मानुयायी अपनी वस्तु को स्थिर रूप देने व उसे संसार के सम्मुख उपस्थित करने मे बहुत शिथिल और दीर्घसूत्री रहे हैं। उदाहरणार्थ, जबकि वैदिक परम्परा के ग्र थ कम से कम चार हजार वर्ष पुराने पाये जाते हैं, तब महावीर भगवान से पूर्व का कोई जैन साहित्य सुरक्षित नही है। भगवान महावीर की वाणी को उनके शिष्यो ने उन्ही के जीवन-काल मे द्वादशांग रूप रच लिया था, ऐसी जैन श्रुत-परम्परा है। किन्तु इसे कोई एक हजार वर्ष तक लिखित रूप नही दिया जा सका। दिगम्बर परम्परानुसार तो वह समस्त द्वादशांग श्रुत कोई छह सातसो वर्षो मे ही क्रमशः विस्मृत और विलुप्त हो गया, और जो रहा उसके आधार पर नये सिरे से षट्खडादि ग्र थो की रचना की गई। श्वेताम्बर परम्परा म महावीर निर्वाण से लगभग एक हजार वर्ष पश्चात् उसके बचे खुचे ग्र शो का सकलन कर उन्हें पुस्तको का रूप देने का प्रयत्न किया गया।

चीन देश मे ग्र थो के मुद्रण का कार्य नौवी शती मे प्रारम्भ हो गया था। यूरोप मे मुद्रण कार्य पन्द्रहवी शती मे तथा भारत में सोलहवी शती में आरम्भ हुआ। किन्तु जैन ग्र थो का प्रकाशन सन १८५० से पूर्व का कोई नही पाया जाता। अभी अभी तक धार्मिक ग्र थो के मुद्रण का समाज में विरोध भी होता रहा है। आज सभ्य ससार का उपलब्ध प्राचीन साहित्य प्रायः समस्त ही प्रकाशित हो चुका है और उसके प्रमुख भाग अन्य भाषाओ में भी अनुदित हो गये हैं। किन्तु एक जैन साहित्य ही ऐसा है जिसका अति प्रचुर भाग, नष्ट होते होते जो कुछ बचा है, वह अभी भी शास्त्र भडारो की अधेरी कोठरियो मे बन्द पडा है। यह दशा आज सभ्यता के विकास की दृष्टि से नितान्त शोचनीय है। हमारी साहित्यिक निधि का लेखा-जोखा लगाने मे और

दशा सुधारने मे प्रस्तुत पुस्तक बहुत उपयोगी सिद्ध होगी, इसमे सन्देह नही।

श्रीयुत पन्नालाल जैन अग्रवाल जैन साहित्य की बहुत कुछ सेवा कर चुके हैं और उन्हें जैन साहित्य प्रकाशन का खासा परिचय है। प्रस्तुत पुस्तक में उन्होंने जैन साहित्य की प्रकाशित हिन्दी, सस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश आदि भाषा की रचनाओ की अकारादि क्रम से सक्षिप्त सूची प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया है। इसके आधार से साहित्यक विद्वान जैन प्रकाशन की गति-विधि का पता लगा सकेंगे। जिन्हे ग्रंथ-सग्रह करना है वे इसके द्वारा अपने पुस्तकालय को पूर्णता की ओर अग्रसर कर सकते हैं। और जिन्हें यह समझना है कि अभी भी कितना साहित्य प्रकाशित होना शेष है, वे इस सूची मे उल्लिखित आधुनिक रचनाओ के अतिरिक्त प्राचीन सस्कृत की केवल १८०, प्राकृत की ४४, अपभ्रंश की १८ और प्राचीन हिन्दी की २७५ पुस्तकों को डा० वेलणकर कृत 'जैन रत्न कोश' तथा विविध जैन भडारो की नई सूचियो आदि से मिलान कर देखे, तो उन्हे पता चलेगा कि अभी भी सैकडो नही सहस्रो प्राचीन जैन रचनाये अधेरे मे पडी हुई हैं। इस सूची की भूमिका रूप जो 'जैनियों की साहित्य सेवा और प्रकाशित जैन साहित्य" शीर्षक निबन्ध सम्पादक द्वारा प्रस्तुत है वह अपने विषयगत बहुत महत्वपूर्ण सामग्री को लिए हुए है।

मैं इस ग्रथ का हृदय से स्वागत करता हू और उसके सयोजक, सम्पादक तथा प्रकाशक और साथ ही वीर सेवा मन्दिर को, जिसके तत्त्वावधान मे सम्पादन का सब कार्य सम्पन्न हुआ है, विशेष धन्यवाद देता हुआ यह आशा करता हूँ कि इसके द्वारा भविष्य मे जैन साहित्य के प्रकाशन और प्रसार का मार्ग अधिक प्रशस्त बनेगा।

१४-२-१९५८ हीरालाल जैन

मुजफ्फरपुर डायरेक्टर 'प्राकृत जैन विद्यापीठ'

प्राक्कथन

श्री पन्नालाल जैन की इस छोटी किन्तु उपयोगी पुस्तक का मैं स्वागत करता हूँ। इसमे जैन वाङ्मय के क्षेत्र मे अब तक के साहित्यिक कार्य का अच्छा परिचय दिया गया है। उस वर्णन मे पर्याप्त जानकारी का सग्रह है। श्री पन्नालालजी ने अध्यवसाय पूर्वक अपने आप को उस विभाग से अद्यावधिक अवगत रक्खा है। जहाँ तक भारतीय सस्कृति और वाङ्मय का सम्बन्ध है हम उसके अखड स्वरूप की आराधना करते हैं। ब्राह्मण और श्रमण दोनों धाराओ से उसका स्वरूप सम्पादित हुआ है। श्रमण सस्कृति के अतर्गत जैन संस्कृति साहित्य, धर्म, दर्शन, कला इन चार क्षेत्रो में अति समृद्ध सामग्री प्रस्तुत करती है। नई दृष्टि से उसका अध्ययन और प्रकाशन आवश्यक है। यह देखकर प्रसन्नता होती है कि जैन विद्वान् निष्ठा के साथ इस कार्य में लगे हैं। उनके प्रयत्न उत्तरोत्तर फलवान् हो रहे हैं। प्राकृत और अपभ्र श भाषाओं की सामग्री मे तो अब प्राय देश के सभी विद्वानो की अभिरुचि बढ रही है।

वह समय परिपक्क है जब इन ग्रथो को नए ढंग से सशोधित रूप में सम्पादित करके प्रकाशित किया जाय। जो कार्य अब तक हुआ है उसका एक लेखा-जोखा जान लेने पर नवीन कार्य की प्रेरणा प्राप्त हुआ करती है। इस दृष्टि से यह वृत्तान्त उपयोगी है। इसके अन्त मे जैन भडारों और पुस्तकालयों की एक सूची जोड दी जाय तो और अच्छा रहेगा। हमे यह देखकर आनन्द होता है कि सरस्वती भंडारो के स्वामी और प्रबन्धक अब प्राय उदार दृष्टिकोण अपनाने लगे हैं। सम्पादन और प्रकाशन के लोकहितकारी कार्यो मे उन से मिलने वाले सहयोग की मात्रा बढ रही है। इस महती शताब्दी के उत्तरार्ध मे जैन साहित्य के समुचित प्रकाशन की धारा और अधिक वेगवती बन सकेगी, ऐसी आशा होती है। अनेक केन्द्रों से वितत कार्य के सूत्रो का सम्मिलित पट और सुन्दर बनेगा, ऐसे शुभ लक्षण प्रकट हो रहे हैं। इस समय जो विद्वान

और जो संस्थाए इस पुनीत कार्य मे सलग्न हैं उनकी नामावली ग्रथ के प्रारम्भिक भाग मे आ गई है उन–उन विशिष्ट मित्रो के यशस्वितम परिश्रम को दृष्टि पथ मे लाते हुए मन आश्वस्त होता है कि इस वाङ्मय रूपी कल्प वृक्ष का अगले पचास वर्षों मे शतश. सहस्रश: विस्तार सम्भव हो सकेगा।

यद्यपि प्राचीन आगम साहित्य प्रकाशित हो चुका है, किन्तु उसको निर्युक्ति, चूर्णि, भाष्य, टीका आदि के साथ अभिनव रूप मे भूमिका, टिप्पणी, शब्दानुक्रमणी आदि के साथ पुन. प्रकाशित करने के कार्य शेष ही है। जब वे इस रूप मे उपलब्ध होगे तभी उनसे सास्कृतिक सामग्री के दोहन का कार्य पूरा किया जा सकेगा। इस युग का महनीय उद्देश्य तो भारतीय राष्ट्र का सर्वांग पूर्ण सांस्कृतिक इतिहास है। यह कितना विशाल कार्य और कैसा उदात्त लक्ष्य है इसकी कल्पना सहसा मन मे नही आती। किन्तु अभी तो कार्य का आरम्भ मात्र है। सांस्कृतिक इतिहास के निर्माण की कला अभी विकसित होने लगी है। यह महान् कार्य अनेक सकल्पवान् साधको की अपेक्षा रखता है। एक-एक शब्द का मूल्य मणिमुक्ता की भाँति चतुराई से परखना होगा, उसके सूत्रो को बौद्ध साहित्य, सस्कृत साहित्य एव प्रादेशिक भाषाओ के साहित्य मे ढूढना होगा। तब सब की सम्मिलित आभा से ऐतिहासिक के मन मे अर्थों का पूरा आलोक प्रकट हो सकेगा। इसकी कल्पना से ही रोमाञ्च होता है। भारत के भावी इतिहासकारो के लिए सास्कृतिक सामग्री के सुमेरू स्तब्ध खड़े हैं, जिनकी परिक्रमा लगानी होगी। हम जिस दृष्टि कोण की कल्पना कर रहे है उसमे इतिहास, साहित्य, सस्कृति, कला, धर्म, दर्शन और जीवन-परम्परा–इन सात सूत्रो को एक साथ मिलाकर भारती महाप्रजा के राष्ट्रीय पुरावृत्त का दिव्य इन्द्रायुधाम्बर सम्पन्न करना होगा। यहाँ अभेद, समन्वय, सप्रीति का दृष्टिकोण मुख्य है। काल के प्रवाह मे जो कुछ बचा रह गया है वह मात्रा मे कितना विस्तृत है इसकी टकसाली साक्षी जैन शास्त्र भडारो में उपलब्ध ग्रथ राशि से प्राप्त हुई है। श्री वेलणकर द्वारा संगृहीत 'जिनरत्नकोश' इस क्षेत्र का भव्य प्रयत्न है। यह

जानकर प्रसन्नता होती है कि वीर सेवा मंदिर दिल्ली की ओर से लगभग ६००० अप्रकाशित ग्रन्थों की एक सूची तैयार कराई गई है। राजस्थान के भंडारों की छान बीन श्री कस्तूरचन्द्र कासलीवाल और श्री अगरचन्द नाहटा बराबर आगे बढा रहे हैं। आशा है अगले बीस वर्षों में भंडारों के पर्यवेक्षण का कार्य पूरा कर लिया जायगा। और तदनुसार प्रकाशन की शक्तिशाली योजनाए भी राष्ट्र मे बन जाएंगी।

इस पुस्तक मे प्रकाशित जैन साहित्य की एक अकारादि क्रम से नाम सूची संग्रहीत की गई है। इसमे लगभग २७०० पुस्तको का संक्षिप्त परिचय दिया है। तैयार यादी की भाति यह सूची पाठकों के लिये उपयोगी रहेगी। जो ग्रंथ इस सूची मे छूट गए हों उनके नाम भी अपनी जानकारी के अनुसार जोड़ लिए जा सकते हैं। श्री पन्नालाल जी का यह उत्साहमय प्रयत्न बहुत अच्छा है।

काशी विश्वविद्यालय — **वासुदेवशरण अग्रवाल**

फाल्गुन शुक्ल १२, स० २०१४

संकेत-सूची

अनु०=अनुवाद-अनुवादक
अप०=अपभ्रंश
अं०=अंग्रेजी
आ०=आवृत्ति, आचार्य
ई०=ईस्वी
का० ती०=काव्यतीर्थ
गु०=गुजराती
जि०=जिला
टी०=टीका-टीकाकार
डा०=डाक्टर
दा० वी०=दानवीर
दि० दिगम्बर
न०=नम्बर
न्या०आ०=न्यायाचार्य
न्या० ती०=न्यायतीर्थ
न्या० ल०=न्यायालंकार
प०=पंडित
पृ०=पृष्ठ
प्र०=प्रकाशक-प्रकाशित
प्रा०=प्राकृत
प्रो०=प्रोफेसर
बा०=बाबू
ब्र०=ब्रह्मचारी
भा०=भाषा
म० र०=महिलारत्न
मा०=मास्टर
मि०=मिस्टर
मु०=मुन्शी
मू०=मूल्य
ले०=लेखक-लेखिका
व०=वर्ष
वा०=वार्षिक
वि० र०=विद्यारत्न
स० भ०=सत्यभक्त
सं०=संस्कृत, संपादक
संक०=संकलनकर्ता
संग्र०=संग्रहकर्ता
संपा०=संपादक-संपादिका
संशो०=संशोधक
सा० आ०=साहित्याचार्य
सा० र०=साहित्यरत्न
सि०=सिद्धांत
सि० च०=सिद्धांत चक्रवर्ती
सि० शा०=सिद्धांत शास्त्री
से०=सेठ
स्व०=स्वर्गीय
हि०=हिन्दी
Ed = Editor , Edited
Trad = Translated
Pub = Publisher
Tr = Translator
Dj.= Digambar jain
C.R.= Champat Rai
J.L.= jagmander lal
G.R.= Ghasi Ram

प्रास्ताविक

इस पुस्तकके सयोजक बा० पन्नालालजी जैन अग्रवाल अपने चिर-परिचित मित्र हैं। आप बडे ही सेवाभावी और साहित्य-प्रेमी सज्जन हैं— साहित्य-सेवियो को अपनी सेवाए प्रदान करनेमे सदा ही उदार एव परिश्रम-शील रहा करते है। कई वर्ष तक आप वीर-सेवा-मन्दिरके मंत्री रह चुके हैं। इस पुस्तक का आयोजन भी आपके उक्त मन्त्रित्व-कालमे ही हुआ है। पुस्तक के आयोजनादि-सम्बन्धकी कुछ रोचक-कथा इस प्रकार है, जिसे उन पत्रोम जाना जाता है जिन्हे सयोजकजीने अपने पास सुरक्षित रख छोडा है —

डा० माताप्रसादजी गुप्त एम० ए० प्रयाग सन् १९४३ मे 'हिन्दी पुस्तक-साहित्य' नामकी एक ग्रन्थसूची लिख रहे थे, जिसमे हिन्दीकी चुनी हुई पुस्तकोका परिचय उन्हें देना था और वह भी सन् १८६७ से १९४३ तक १०० वर्ष के भीतर प्रकाशित पुस्तकोका—लिखितका नही। नवम्बर १९४३ मे डा० साहब के तीन पत्र बा० पन्नालालजी (संयोजकजी) को प्राप्त हुए, जिनमे यह इच्छा व्यक्त की गई कि यदि हिन्दीके जैन ग्रन्थोकी कोई अभीष्ट सूची उनके पास तय्यार हो या वे तय्यार कराके दे सकें तो उसका उपयोग उक्त सूची में किया जा सकता है। इन पत्रो पर से सयोजक-जीको हिन्दी जैन ग्रन्थोकी एक ऐसी सूची तय्यार करनेकी प्रेरणा मिली जिसमे वे ग्रन्थ भी शामिल थे जो मूलत भले ही सस्कृत-प्राकृतादि भाषाओ में हो परन्तु उनके अनुवादादिक हिन्दी भाषामे लिखे गये हो। तदनुसार उन्होने हिन्दी जैन ग्रन्थो की एक सूची तय्यार की और उसे देखने-जाँचने के लिये मेरे पास सरसावा वीर-सेवा-मन्दिर मे भेज दिया। यह सूची अपने को जनवरी १९४४ के अंतमे प्राप्त हुई और उसे सस्था के विद्वान प० परमा-नन्दजीको जाँच आदि के लिये सुपुर्द कर दिया गया। प० परमानंद जीने

जाँचने, सुधारने और कितने ही नये ग्रंथो की उसमे वृद्धि करने के बाद उसे फर्वरी के अन्त मे वापिस कर दिया और वह दूसरी मार्चको डा० सा० के पास प्रयाग भी पहुच गई, जिसकी पहुच देते हुए डा० मा० ने सूची को बड़े ही परिश्रमसे तैयार हुई बतलाया और अपनी सूची के प्रेस चले जाने की सूचना करते हुए यह परामर्श दिया कि यदि विषयो के अनुसार वर्गीकृत होकर वह अनेकान्त (मासिक) मे प्रकाशित हो जावे तो बड़ा अच्छा हो। साथ ही उसी पत्र तथा २० मार्च के पत्र मे यह आश्वासन भी दिया कि वे यथा समव उस सूची का उपयोग करके उसे वापिस लौटा देंगे। १६ अप्रेल १९४५ से पहले तक यह सूची वापिस नही लौटी, २२ जुलाई तथा २ नवम्बर के पत्र मे सूची के उपयोग-सम्ब ध मे इतनी ही सूचना की गई—'सूची जरा देर से प्राप्त हुई थी इस कारण उसमे पूरा लाभ नही उठा सका। आपकी सूची के प्राचीन ग्रथो म नितान्त अपरिचित होने के कारण कुछ को चुनना और शेष को छोड़ना ठीक नही लगा। आधुनिक ग्र थो मे से जो महत्व पूर्ण हैं उनमे स अधिकाश मेरी सूची मे पहले से थे। जैनधर्मका परिचय कराने वाले आधुनिक ग्र थ एकाध आपकी सूची से भी मिलगए हैं।'

डा० माताप्रसादजी की उक्त सूची 'हिन्दी पुस्तक साहित्य' नाम से अप्रेल १९४५ मे प्रकाशित हो गई, उसे देख कर हमारे सयोजक जी को प्रकाशित जैन ग्र थो की एक बड़ी सूची तय्यार करने की विशेष प्रेरणा मिली। फलत: उन्होने हिन्दी के अतिरिक्त सस्कृत, प्राकृत, और अपभ्रंश भाषा के ग्र थो की भी एक सूची सकलित की और उसे आरा के जैन सिद्धान्तभास्कर (त्रैमासिक) में छपाना चाहा, परन्तु वहाँ क्रमश. प्रकाशित करने की बात उठी, जो उचित नही जँची। तदन तर भारतीय ज्ञान पीठ के प्रधान विद्वान न्यायाचार्य प० महेन्द्र कुमार जी से इसके विषय मे पत्र व्यवहार हुआ और वह मार्च १९४६ मे उनके पास बनारस भेज दी गई। न्यायाचार्य जीने उसे देखकर ८ अप्रेल के पत्र में लिखा कि "इस (सूची) में बहुत परिश्रम करनेकी आवश्यकता है तब कही यह छपने योग्य होगी। अभी हमारे यहा छपाई का सिलसिला भी ठीक नहीं हो सका है"। इस बीच मे संयोजकजीने बा० ज्योतिप्रसादजी

एम० ए० लखनऊसे भी पत्रव्यवहार किया, जिन्हे हाल मे पी एच० डी० की उपाधि भी प्राप्त हो गई है, और उन्हें सूचीके सम्पादन की प्रेरणा का, जिसके उत्तर मे उन्होने अपने ४ अप्रेल १९४६ के पत्र मे लिखा कि "हिन्दी सूची भी मैं सम्पादन करदूँगा आप मगालें।" इस स्वीकृति के अनुसार वह सूची उन्हे बनारस से भिजवादी गई और उन्हें ११ अप्रेल को मिल गई, जिसकी पहुँच के पत्र तथा बाद के भी कुछ पत्रो मे उन्होने सूची के सम्पादन की कुछ कठिनाइयो तथा अपने इकले की असमर्थतादि का उल्लेख करते हुए मुझ स परामर्श करने तथा वीरसेवामन्दिर की मार्फत इस कार्य के सम्पन्न होने आदि का सुझाव रक्खा। फलतः इस ग्रंथसूची परउस वक्त तक कोई खास काम नही हो सका जब तक कि श्री ज्योतिप्रसादजी की नियुक्ति १ ली अक्तूबर १९४६ को वीरसेवामन्दिर मे नही हो गई।

मुझे उक्त सूची की स्थिति आदि का पहले से कोई विशेष परिचय नही था, और इस लिये यह समझ लिया गया था कि बा० ज्योतिप्रसाद जी, जिन्होने सूचीका सम्पादन स्वीकार किया है, अपने अवकाशके समयो मे उस काम को भी करते रहगे, तदनुसार ही उन्हें उसकी यादहिहानी करा दी गई; परन्तु वैसा कुछ नही हो सका। साथ ही, यह मालूम पडा कि सूची में कितना ही सशोधन, परिवर्तन और परिवर्द्धन किया जाने को है। अतः आफिस वर्क के रूप मे इस कार्य सम्पादन के लिए बाबू ज्योतिप्रसाद जी की खास तौर से योजना की गई और कार्य की रूप-रेखा भी प्राय निर्धारित कर दी गई। उस वक्त तक वह सूची कोष्ठको के रूप मे थी, अकारादि क्रम से ग्रथ उसमे जरूर दिये थे परन्तु वह क्रम बहुधा कोश-क्रम के अनुसार ठीक नही था—कितने ही ग्रन्थ आगे पीछे लिखे हुए थे, कुछ दोबारा तिबारा प्रविष्ट हो गये थे, बहुत से ग्रन्थ लिखने से छूट गये थे और कुछ ग्रथो का परिचय भी कही कही त्रुटित तथा गलत हो रहा था। इन सब दोषोको दूर करते हुए प्रत्येक ग्रन्थके परिचयको जिनरत्नकोशादि की तरह धाराप्रवाह (running) रूप मे एक साथ देने की व्यवस्था की गई और

यह भी निश्चय किया गया कि जैनियोकी साहित्य-सेवाको प्रदर्शित करने-वाली एक अच्छी प्रभावक भूमिका भी साथ में रहे, जिससे इस पुस्तक की उपयोगिता बढ जाय। तदनुसार ही वीरसेवामन्दिर मे उक्त सूची पर नये-कार्डीकरणादि द्वारा सम्पादन-कार्य हुआ, जिसके फल स्वरूप उसे वर्त्तमान रूप प्राप्त हुआ है और उसमें सामयिक पत्रो तथा भाषणो के अतिरिक्त लगभग साढे छह सौ ग्रन्थो का नई वृद्धि हुई है—उर्दू, मराठी, गुजराती, बगला और अंग्रेजी की तो सभी पुस्तके नई प्रविष्ट की गई है।

बा० ज्योतिप्रसाद जी का कार्य-काल वीरसेवामन्दिर में ३१ जुलाई १९४७ तक रहा। अपने इस दस महीने के कार्यकाल मे उनका अधिकांश समय प्रस्तुत सूची के सम्पादन मे ही व्यतीत हुआ, जिसे ६-७ महीने का पूरा समय कहा जा सकता है। जुलाई के अन्त मे जैसे-तैसे भूमिका का कार्य पूरा होकर सूची का सम्पादन-कार्य समाप्त हुआ। अपने इस सम्पादन कार्य मे, जिसमें वीरसेवामन्दिर के दूसरे विद्वानो प० परमानन्द जी शास्त्री तथा न्यायाचार्य प० दरबारी लालजी का भी कुछ सहयोग प्राप्त होता रहा है, सम्पादक जी कहाँ तक सफल रहे उसे विज्ञपाठक स्वय समझ सकते है।

सूची का सम्पादन समाप्त होनेसे पहले ही सयोजक जी को उसके शीघ्र छपाने की चिन्ता थी, जिसके लिये उन्होंने अनेक पुस्तक प्रकाशको से पत्र व्यवहार किया—बडौदा के ओरियटल इंस्टिट्यूट, इलाहाबाद लाजर्नल कम्पनी, डा० माताप्रसाद जी गुप्त और इलाहाबाद के रायसाहब रामदयाल जी अग्रवाल तक को पुस्तक-प्रकाशन के लिये प्रेरणा की गई, परन्तु कही से भी सफलता प्राप्त नही हुई—सभी ने अपनी अपनी परिस्थितियो के वश छपाने मे असमर्थता व्यक्त की। उस समय कागज का भी बडा अकाल था, सारे देश मे उसका सकट व्याप्त था और कागज के सरकारी कोटे की भारी झझट थी, इसी से प० नाथूराम जी प्रेमी ने उन्हे बम्बई से लिखा था कि 'प्रकाशित करने के लिए मै किसे बताऊँ ! इस समय तो शायद ही कोई छापने को तय्यार हो।" वीरसेवामन्दिर को कागज का कोटा बहुत ही कम प्राप्त

था और कोटे से अधिक कागज दूसरे मार्ग से भी खरीद कर नही लगाया जा सकता था, यह बडी दिक्कत दरपेश थी और इसलिये मैंने संयोजकजी को लिख दिया था कि 'ऐसी हालत में यदि आप किसी दूसरे प्रकाशक से इसे प्रकाशित करना चाहें तो उसमे अपने को कोई खास आपत्ति नही हो सकती।'

इस तरह प्रस्तुत ग्रन्थ का प्रकाशन जो उस समय रुका तो वह अनेक परिस्थितियों के वश अर्से तक रूका ही पड़ा रहा। वीरशासनसंघ कलकत्ता के मंत्री बा० छोटे लाल जी के पास भी यह दो एक वर्ष प्रकाशन की बाट जोहता हुआ पडा रहा। कलकत्ता से ग्रन्थ की प्रेस कापी वापिस आने पर संयोजक जी जैनमित्रमडल दिल्ली के मंत्रियो बा० महतावसिंहजी बी० ए० और बा० आदीश्वरप्रसाद जी एम० ए० से इस ग्रंथ को मडल से छपाने की अनुमति प्राप्त करने मे ही नही किन्तु उसे प्रेस को दे देने मे भी सफल हो गये, और इस तरह इस ग्रंथ के दुर्भाग्य का उदय समाप्त हुआ, यह बडी खुशी की बात है और इसके लिये जैन मित्र मंडल और उसके उक्त दोनो मंत्री विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। बा० पन्नालालजी का सम्बन्ध जैन मित्र मडल से बहुत पुराना है, आप कई वर्ष तक उसके सहायक मंत्री रहे है और आप के उस मंत्रित्व-काल मे जैनमित्रमडल चमक उठा था। ऐसी स्थिति मे आपकी एक उपयोगी कृति चिरकाल तक यो ही पडी रहे यह उसे कहाँ तक सहन हो सकता था आखिर काल-लब्धि आई और उसे ही उस पुस्तक को छपाने के लिये विवश होना पडा, जिसके छपाने मे वह भी पहले उपेक्षा-भाव दर्शा चुका था।

यह है इस पुस्तकके आयोजनादि-सम्बन्धी की कुछ रोचक कथा।

मुझे इस पुस्तक के प्रेस मे जाने का हाल उस समय मालूम पडा जब कि ५-७ फार्म ही छपने को बाकी रह गये थे। यदि प्रेसमे जानेसे पहले मुझसे इस विषय मे परामर्श कर लिया गया होता तो उसमे कितना ही सुधार हो जाता—कम से कम मुद्रणकला की जो खटकने वाली त्रुटियां पाई जाती है

वे ता न रहने पाती, और छपाने मे भी इतनी अशुद्धियाँ न रहती। अस्तु, जैसी कुछ भी है यह पुस्तक अब पाठकों के सामने उपस्थित है और अपने उस उद्देश्य को पूरा करने में बहुत कुछ समर्थ है जिसे लेकर यह प्रस्तुत की गई है। जिस पुस्तक के पीछे वीरसेवामन्दिर की भारी शक्ति लगी हो और कितना ही अर्थ-व्यय हुआ हो उसे इतने वर्षों के बाद पाठकों के हाथोमे जाता हुआ देखकर मेरी प्रसन्नताका होना स्वा- भाविक है।

अन्त मे यह जान कर मुझे बडी प्रसन्नता हुई कि डा० वासुदेवशरण जी अग्रवाल और डा० हीरालालजी जैसे प्रमुख विद्वानोंने अपने अपने वक्तव्यो (प्राथमिक, प्राक्कथन) मे इस पुस्तक का अभिनन्दन किया है, और इसके लिए मैं दोनो ही विद्वानो का हृदय से आभारी हूँ।

आशा है समाज की सभी संस्थाएँ और साहित्य-प्रेमी सज्जन इससे इधर-उधर बिखरे हुए अपने अज्ञात साहित्यका एकत्र परिचय प्राप्त कर उससे यथेष्ट लाभ उठाने मे समर्थ हो सकेंगे।

वीर सेवा मन्दिर
२१ दरियागज, दिल्ली
ज्येष्ठ वदि ३, स० २०१५

जुगलकिशोर मुख्तार

जैनियों की साहित्य सेवा
और
प्रकाशित जैन साहित्य

किसी भी देश अथवा जाति के सांस्कृतिक विकास का मापदण्ड उसका साहित्य होता है। जातीय साहित्य की विपुलता, विविधता और उत्कृष्टता ही जातीय संस्कृति की उन्नतावस्था की द्योतक होती है। भारतीय संस्कृति की श्रमणधारा की प्रधान एवं सर्व प्राचीन प्रतिनिधि जैन संस्कृति विशुद्ध भारतीय होने के साथ ही साथ प्रायः सर्व देशव्यापी भी रही है। जैनधर्म का सम्बन्ध कभी भी देश के किसी एक ही भाग विशेष अथवा जाति या वर्ग विशेष से नहीं रहा वरन सदैव से ही न्यूनाधिक अंश में यह धर्म सम्पूर्ण देशव्यापी रहता चला आया है और प्रायः प्रत्येक जाति तथा वर्ग के व्यक्ति इसके अनुयायी रहे हैं। एक प्रसिद्ध पुरातत्त्वज्ञ के कथनानुसार तो सम्पूर्ण भारतवर्ष में शायद एक भी ऐसा स्थान नहीं मिल सकता जिसे केन्द्र बना कर यदि बारह मील व्यास का एक काल्पनिक वृत्त खींचा जाय तो उसके भीतर एक या अधिक जैन मन्दिर, तीर्थ, बस्ती या पुराना अवशेष न मिले।

वर्तमान में जैन धर्मानुयायियों की संख्या यद्यपि अत्यल्प-लगभग २५-३० लाख रह गई है, तथापि आज भी वे देश में सर्वत्र फैले हुए हैं और विभिन्न प्रान्तों, जातियों, वर्गों और श्रेणियों के व्यक्ति उनमें सम्मिलित हैं। साथ ही वर्तमान जैन समाज प्रधानतया वर्तमान भारतीय समाज के समुन्नत, सुशिक्षित एवं समृद्ध भाग का ही एक महत्त्वपूर्ण अंश है। वह प्रगतिमान है और अपने लोकोपयोगी कार्यों के लिए प्रसिद्ध है। उसके अगणित तीर्थ, देवालय,

शास्त्र भंडार तथा अन्य साहित्यिक एव लोकोपकारी सस्थाए सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से सचालित है। धर्म वैशिष्ट्य और सस्कृति वैशिष्ट्य के रहते हुए भी जैन समाज ने सदैव से अपने आपको अखिल भारतीय समाज एव भारतीय राष्ट्र का अविभाज्य अ ग समझा है और आज भी समझती है। जैन हिन्दू हैं या नही इस सम्बन्ध मे जो मतभेद है उनका कारण धर्म वैभिन्य ही है। धार्मिक एव तत्सबधित सास्कृतिक परम्परा की दृष्टि से जैन अवश्य ही हिन्दू नही हैं किन्तु राष्ट्रीयता एवं भारतीयता की दृष्टि से वे हिन्दू ही है इसमे कोई सदेह नही। उनका धर्म, सस्कृति और वे स्वय प्राचीन काल से भारत के ही मूलत. शुद्ध अधिवासी रहे है। वे यही जन्मे और फले फूले है। वे भारत के ही है और भारत उनका है।

जैन साहित्य–एक अत्यन्त प्राचीन काल से चली आई देश व्यापी संस्कृति के रूप मे जैन सस्कृति ने अखिल भारतीय सस्कृति की धर्म, दर्शन, साहित्य, कला, विज्ञान, राजनीति, समाज-व्यवस्था, रीति रिवाज एव आचार-विचार इत्यादि विविध शाखाओ को अनगिनत, अमूल्य एव स्थायी महत्त्व की देनें प्रदान की हैं। ज्ञान सवर्द्धन एव साहित्य निर्माण के क्षेत्र मे ही जैनो ने प्राचीन व अर्वाचीन विभिन्न भारतीय भाषाओ मे विविध विषयक विपुल साहित्य का सृजन करके, भारती के भडार को सुसमृद्ध एव समलकृत किया है। सस्कृत साहित्य को जैन विद्वानो की देने साधारण नही है, किन्तु उन्होने प्राचीन काल से प्राकृत एव तत्पश्चात् अपभ्र श जैसी अपने-अपने समय की लोक भाषाओ को विशेषकर इसी कारण अपनाया और साहित्य का माध्यम बनाया जिससे कि सर्व साधारण उक्त रचनाओ का लाभ उठा सके। इसी उद्देश्य को लक्ष्य बनाते हुए उन्होने विभिन्न प्रान्तीय, देसी भाषाओ मे ग्र थ रचनाए करके उक्त भाषाओ के विकास मे अत्यधिक महत्त्वपूर्ण योग दान दिया। तामिल भाषा के प्राचीन 'सगम' साहित्य का पर्याप्त एव श्रेष्ठतर भाग जैन विद्वानो की ही कृति है, और कनाडी भाषा का तो तीन चौथाई से अधिक साहित्य जैनो द्वारा ही निर्मित हुआ है। गुजराती एव राजस्थानी भाषाओ के साहित्य की जैनो द्वारा

महती अभिवृद्धि हुई और तैलगु, मलयालम्, मराठी, उडिया, बगाली, बिहारी गुरुमुखी आदि प्राय प्रत्येक प्रान्तीय भाषा मे अल्पाधिक जन साहित्य उपलब्ध है। आधुनिक देसी भाषाओ की जननी अपभ्र श पर तो जैनो का प्राय स्वाधिकार सा रहा ही था, हिन्दी की भी प्राचीनतम ज्ञात एव उपलब्ध रचनाए' जैनो की ही प्रतीत होती हैं। पुरातन हिन्दी के गद्य-पद्य साहित्य का एक बड़ा अ ंश जैन प्रणीत है, और वह कोई साधारण अथवा उपेक्षणीय कोटि का भी नही है। व्यापार की प्रधान सकेत लिपि 'मु ंडिया' मे एकमात्र साहित्यिक रचना अभी जैनो की ही उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त उर्दू, फारसी, अ ंगरेजी, जर्मन, फ्रेन्च, इटालियन आदि भाषाओ मे भी जैन साहित्य विद्यमान है।

जहा तक लेखन शैली का प्रश्न है, जैन साहित्यकारो ने विभिन्न भाषाओ की गद्य पद्यमयी अनेक नवीन शैलियो का आविष्कार किया और प्राय. सर्व ही प्रचलित शैलियो को अपनाया एव विकसित किया। मुक्तक एव स्फुट काव्य, खण्ड काव्य, महा काव्य, नाटक, चम्पू, आख्यान उपाख्यान, चारित्र पुराण, ऐतिहासिक कल्पित, घटनात्मक, नीत्यात्मक, वर्णनात्मक अथवा भावात्मक, सूत्र, वृत्ति, वार्तिक, निर्यु क्ति, चूर्णि, टीका टिप्पणि, भाष्य व्याख्या, वैज्ञानिक विवेचन, से युक्त निबध प्रबध, रासा विलास, ढमाल चौपई, स्तुति स्तोत्र, पद भजन प्राय सर्व ही प्राचीन अर्वाचीन शैलियो मे रचनाए की तथा विभिन्न प्रचलित एव नवीन छन्दो, रस अलकार आदि का सफल प्रयोग किया। आधुनिक जैन साहित्यकार भी वर्तमान मे प्रचलित सभी शैलियो का सफल प्रयोग कर रहे है। यद्यपि जैन साहित्य की सृष्टि मे प्रधानतया धार्मिक प्रकृति ही कार्य करती रही है तथापि उसके सृजको ने उसे लोकरजक एव लोकोपयोगी बनाने का भी यथाशक्य प्रयत्न किया और वे इसमे सफल भी हुए। भाषा एव शैली के सुचारू एव उपयुक्त चुनाव के द्वारा उन्होने अत्यन्त शुष्क एव नीरस विषयो और प्रसगो को भी रुचिकर, पठनीय, सुबोध एव सर्व ग्राह्य बनाने का प्रयत्न किया।

जैन श्रमण सस्कृति निवृत्ति प्रधान है, अतएव स्वभावत उसके साधको एव उपासको द्वारा निर्मित साहित्य सामान्यत वैराग्यमयी, चारित्र प्रवण और

शान्त रस प्रधान रहा, तथापि प्राय प्रत्येक लोकोपयोगी एव समयापयुक्त विषय पर इन विद्वानो ने अपनी प्रमाणीक लेखनी का चमत्कार दिखलाया। धर्म-शास्त्र, तत्व ज्ञान, आचार शास्त्र, पुराण चारित्र, पूजा प्रतिष्ठा पाठ, स्तुति स्तोत्र आदि विविध धार्मिक साहित्य के अतिरिक्त काव्य, नाटक, चम्पू, कथा साहित्य, जीवन चरित्र, आत्म चरित्र, इतिहास, राजनीति, नीत्योपदेश, समाज शास्त्र, दर्शन, अध्यात्म, न्याय, तर्क, छन्द, व्याकरण, अलकार, काव्य शास्त्र, कोष, भाषाविज्ञान, मन्त्र शास्त्र, ज्योतिष, सामुद्रिक, वैद्यक, पशु चिकित्सा, स्थापत्य मूर्तकला एव वास्तु विज्ञान, गणित, सामान्य विज्ञान, रसायन, भौतिक, जन्तु विज्ञान, भूगोल, खगोल, रत्न परीक्षा, भ्रमण वृत्तान्त, स्थान परिचय इत्यादि प्राय सब ही विषयो पर ग्रन्थ रचना की। इन बातो का विस्तृत परिचयात्मक विवेचन साहित्यिक इतिहास का विषय है। तथापि जैन साहित्य की विपुलता, विविधता और महत्व का बहुत कुछ अनुमान केन्द्रिय, प्रान्तीय तथा रियासती सरकारो द्वारा प्रकाशित हस्तलिखित ग्रन्थो की खोज सम्बधी विभिन्न विवरण पत्रिकाओ, म्यूजियम रिपोर्टो, पुरातन पुस्तक भडारो तथा सार्वजनिक एव व्यक्तिगत सग्रहालयो के सूची पत्रो, विभिन्न स्थानीय दिगम्बर श्वेताम्बर जैन ग्र थ भण्डारो की उपलब्ध सूचियो तथा जैन पत्र पत्रिकाओ मे प्रकाशित तत्सम्बधी फुटकर लेखादिको से हो जाता है। इस प्रकार ऐसे बीसियो सहस्त्र जैन ग्रन्थो का पता चलता है जो उपलब्ध है। जिसपर अनेक प्राचीन जैन ग्रन्थ भडार, विशेषकर दिगम्बर सम्प्रदाय के, अभी तक बन्द ही पडे हुए है। उनमे कितने, कैसे और क्या-क्या साहित्य रत्न छिपे पडे है यह कहा भी नही जा सकता। जो भडार खुल गये है उनमे से भी कितनो की ही कोई व्यवस्थित सूची निर्मित एव प्रकाशित नही हो पाई है। वैसे तो प्राय प्रत्येक नगर, कस्बे और ग्राम मे जहा जैनियो की थोडी बहुत भी आबादी है तथा देश भर मे यत्र तत्र फैले हुए बहुसख्यक जैन तीर्थो मे से प्रत्येक पर एक वा अधिक जिन मन्दिर प्राय अवश्य ही विद्यमान है और प्राय प्रत्येक जिनालय अथवा उपाश्रय आदि मे छोटा बडा एक शास्त्र भडार भी अवश्य ही होता है जिसमे कि ताडपत्रीय, भोजपत्रीय अथवा कागज आदि अल्पाधिक प्राचीन हस्तलिखित ग्रथो का ही सग्रह प्राय.

रहता है । कितने ही जैन कुटुम्ब भी ऐसे है जिनके पूर्वजो मे साहित्यिक अभिरुचि रखने वाले विद्वान होते रहे है और उक्त विद्वानो द्वारा सग्रहीत लिखित अथवा रचित कितने ही ग्रथ बपौती के रूप मे चले आये उनके वशजो के पास आज भी सुरक्षित है, और जिनका सदुपयोग वे लोग चाहे भले ही न कर सके, किन्तु किसी अन्य को देना क्या कभी भी दिखाने मे भी सकोच करते है। इस प्रकार के असख्य फुटकर जैन शास्त्र भडारो का कोई व्यवस्थित या अव्यवस्थित भी अन्वेषण अभी तक हुआ ही नही और उनमे एक अकस्मात् दर्शक को बहुधा कितनी ही महत्वपूर्ण एव अलभ्य साहित्यिक सामग्री का दर्शन हो जाता है। अभी हाल मे ही काशी नागरी प्रचारणी सभा के अन्वेषक श्री दौलतराम जुआल के प्रसग मे लखनऊ के केवल एक ही दिगम्बर जैन मन्दिर के शास्त्र भडार के कुछ मात्र हिन्दी हस्तलिखित ग्रथो का निरीक्षण करने का सुयोग मिला था। परिणाम स्वरूप कई एक अधुना अज्ञात हिन्दी के प्राचीन जैन साहित्यकारो और उनकी कृतियो का पता चला तथा कई एक अन्य ज्ञात प्राचीन साहित्यिको के ऐतिह्य पर महत्त्वपूर्ण नवीन प्रकाश पडा।

ग्रन्थ सूची–जैन ग्रथो की 'वृहत्टिप्पणिका' नामक एक प्राचीन ग्रथसूची पहिले से ही विद्यमान थी और आधुनिक युग मे भी कई स्वतन्त्र ग्रथसूचिये प्रकाशित हो चुकी है। जैन श्वेताम्बर कान्फ्रेन्स ने 'जैन ग्रथ नामावली' नामक एक सूची प्रकाशित की थी और पाटन, जैसलमेर, सूरत, अहमदाबाद, लीबडी आदि स्थानो के श्वेताम्बर ग्रथ भडारो की व्यवस्थित सूचिये प्रकाशित हो चुकी है। दिगम्बर सूचियो मे सर्व प्रथम ग्रथ सूची जयपुर निवासी बाबा दुलीचन्द श्रावक के अपने मन्दिर मे स्थित शास्त्र भडार की थी। जिसे उन्होने 'जैन शास्त्र माला' के नाम से सन् १८९५ ई० मे प्रकाशित किया था। सन् १९०१ मे लाहौर निवासी बा० ज्ञान चन्द्र जैनी ने 'दिगम्बर जैन भाषा ग्रथ नामावली' नाम से एक अन्य सूची प्रकाशित की। सन् १९०५ मे फ्रान्सीसी विद्वान डाक्टर ए० गिरनोट ने अपनी 'जैना बिबलियोग्रेफिका' (फ्रान्सीसी भाषा मे लिखित) मे ज्ञात बहुसख्यक जैन ग्रथो की सूची दी। ऐलक

पन्नालाल दिगम्बर जैन सरस्वती भवन, बम्बई, की सन् १६२३ से १६३२ तक प्रकाशित ६ वार्षिक रिपोर्टो मे उक्त भडार मे सगृहीत हस्तलिखित ग्रथो की परिचयात्मक सूचिये प्रकाशित हुई। इसी भवन की झालरापाटन स्थित शाखा की ग्रथ सूची भी 'ग्रथ नामावली' के नाम से प्रकाशित हो चुकी है। वीर सेवा मन्दिर, सरसावा से प्रकाशित मासिक अनेकान्त की विभिन्न किरणो मे दिल्ली के कई बडे बडे ग्रथ भडारो की सूचिये तथा सोनीपत, इन्दौर, नागौर आदि के भी कुछ भडारो की सूचिये मे प्रकाशित हो चुकी है। उपरोक्त वीर सेवा मन्दिर मे कई एक दिगम्बर ग्रथ भडारो के लगभग ६००० अप्रकाशित तथा अन्य सूचीयो मे न दिये हुए हस्तलिखित ग्रथो की प्रमाणिक परिचयात्मक सूची के प्रकाशन की योजना चल रही है। अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी तीर्थक्षेत्र कमेटी, जयपुर ने आमेर (जयपुर) के प्रसिद्ध प्राचीन भडार की तथा स्वय महावीर जी क्षेत्र (चाँदन गाँव, जयपुर) के भडार की सयुक्त ग्रथ सूची पुस्तकाकार प्रकाशित की है। इतना ही नही किन्तु महावीर जी तीर्थ क्षेत्र कमेटी की ओर से श्री प० कस्तूर चद काशलीवाल एम० ए० ने जयपुर के शास्त्रभडारो से दो ग्रन्थ सूचिये तैयार की और एक जैन ग्रन्थ प्रशास्ति सग्रह तैयार किया जो उस क्षेत्र कमेटी के द्वारा प्रकाशित हो चुके है। आगे और भी ग्रथ भडारो की सूचियो के निर्माण का कार्य चालू हो रहा है। इसके सिवा धर्मपुरा, दिल्ली, नये मन्दिर के सचालको की ओर से प परमानन्द शास्त्री उक्त मन्दिर के शास्त्र भडार की सूची बना रहे है जो प्राय तय्यारी के लगभग है, उसका प्रकाशन भी जल्दी ही होगा। दक्षिण कर्णाटकस्थ मूडबद्री आदि के वृहत् जैन भडारो मे सग्रहीत कन्नडी ग्रथो की श्री प० के० भुजबलि शास्त्री द्वारा सुसम्पादित एक वृहत्सूची भारतीय ज्ञान पीठ, काशी से प्रकाशित हुई है। यत्र तत्र अन्य भडारो की सूचिये प्रकाशित करने की ओर भी लोगो का ध्यान आकर्षित हो रहा है। किन्तु इस दिशा मे अब तक का सर्वाधिक महत्व-पूर्ण एव प्रमाणीक प्रयत्न विल्सन कालिज, बम्बई के विद्वान प्रोफेसर डा० हरि दामोदर वेलङ्कर द्वारा सम्पादित "जिनरत्न कोष" है। इस ग्रथ का प्रका-

शन सन् १९४४ ई० मे भडारकर ओरियंटल रिसर्च इस्टीट्यूट, पूना द्वारा 'गवर्नमेंट ओरियटल सीरीज, क्लास 'सी' न० ४ के रूप मे हुआ है । इस ग्रथ मे जो कि लीपजिग (जर्मनी) से प्रकाशित टी० आफ्रेक्ट के सुप्रसिद्ध ग्रंथ 'कैटेलोगस कैटेलोगोरम' की शैली पर निर्मित हुआ है, विद्वान सम्पादक ने १२१ विभिन्न रिपोर्टों, ग्रथ सूचियो, सूचीपत्रो आदि के आधार पर लगभग दस हजार जैन ग्रथो का तथा उनकी विभिन्न ज्ञात प्रतियो का सक्षिप्त परिचय अकारादि क्रम से दिया है । इस कोष मे दिगम्बर, श्वेताम्बर व उभय सम्प्रदायो के ग्रथो को समान रूप से समाविष्ट किया गया है । किन्तु जैसा कि विद्वान सम्पादक ने ग्रथ के प्राक्कथन मे स्वय स्वीकार किया है, वे दिगम्बर साधन सामग्री का अत्यल्प उपयोग ही कर पाये । इसी कारण से उक्त कोष मे समाविष्ट दिगम्बर ग्रथ सख्या मे भी कम है, उनकी विवेचित प्रतिये भी न्यूनतर है और उनका परिचय अपेक्षाकृत अधिक न्यूनतर होने के साथ ही साथ कही कही त्रुटित एव दोषपूर्ण भी है ।

प्रशस्ति आदि—उपरोक्त ग्रन्थ सूचियो के अतिरिक्त, जैन ग्रन्थो के आदि अथवा अन्त मे पाई जानेवाली उनके रचियताओ, टीकाकारो, अतिलेखको, दातारो आदि की प्रशस्तियो के भी कई सग्रह प्रकाशित हो चुके है, यथा मुनि श्री जिनविजय द्वारा सम्पादित 'जैन पुस्तक प्रशस्ति सग्रह,' जैन सिद्धान्त भवन आरा से प्रकाशित 'प्रशस्ति सग्रह,' तथा वीर सेवा मन्दिर, दिल्ली द्वारा निर्मित दो जैन ग्रन्थ प्रशस्ति सग्रह जिनमे से एक मे सस्कृत प्राकृत ग्रन्थो की प्रशस्तिये सकलित हैं और दूसरे मे अपभ्रश ग्रन्थो की । श्री महावीर जी तीर्थ क्षेत्र कमेटी (जयपुर) भी आमेर भडार के ग्रन्थो मे प्राप्त प्रशस्तियो का एक सग्रह प्रकाशित करा रही है । किन्तु अभी तक हिन्दी जैन ग्रन्थो की प्रशस्तियो का सकलन करने की ओर किसी का ध्यान नही गया है । मेरे स्वय के अवलोकन मे अबतक लगभग ५०-६० ऐसी प्रशस्तिये आ चुकी है जिनके प्रकाशन से न केवल हिन्दी जैन साहित्य के इतिहास पर ही वरन मध्य कालीन भारत के राजनैतिक एव सास्कृतिक इतिहास पर भी अच्छा प्रकाश पड़ने की

पर्याप्त सभावना है। अपने ऐतिहासिक महत्त्व के अतिरिक्त ये ग्रन्थ प्रशस्तिये तत्तद ग्रन्थो, उनके कर्त्ताओ, उक्त ग्रन्थो की प्रतियो आदि से सम्बन्धित जानकारी के लिए अत्यधिक उपयोगी सिद्ध होती है।

साहित्यिक इतिहास—जैन साहित्य की अतीत कालीन प्रगति और इतिहास पर अभी तक कोई भी एक पूर्ण एव प्रमाणिक ग्रन्थ निर्मित नही हुआ है। भारतीय साहित्य के सामान्य इतिहास मे, हिन्दी सस्कृत आदि भाषाओ के साहित्य से सम्बधित अथवा दर्शन, कला, विज्ञान आदि विविध विषयक साहित्य के इतिहास ग्रन्थो मे, किसी भी कारण से क्यो न हो, प्राय जैन साहित्य की उपेक्षा ही की जाती रही है। प्रथम तो इन पुस्तको मे जैन साहित्य का कोई उल्लेख ही नही रहता, और यदि किसी किसी मे रहता भी है तो अत्यल्प, सक्षिप्त, गौण और बहुधा त्रुटिपूर्ण भी। उसे कोई महत्त्व भी नही दिया जाता और न साहित्यक विकास मे उसके उपयुक्त स्थान पर कोई प्रकाश डाला जाता है। किन्तु विभिन्न भाषाओ मे रचित जैन साहित्य के इतिहास पर जो कुछ थोडा बहुत साहित्य अब तक प्रकाशित हो चुका है वही पढकर उसके वास्तविक महत्त्व तथा भारतीय साहित्य मे उसके सम्माननीय स्थान का बहुत कुछ अनुमान हो जाता है। जैन साहित्य के इतिहास विषय पर निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है—प० नाथूराम प्रेमीकृत 'दिगम्बर जैन ग्रन्थ कर्त्ता और उनके ग्रन्थ,' 'हिन्दी जैन साहित्य का सक्षिप्त इतिहास,' 'कर्णाटक जैन कवि,' 'जैन साहित्य और इतिहास'। श्रीयुत आर-नरसिहाचार्य कृत 'कर्नाटक कवि चरिते' श्री मोहनलाल देसाई कृत 'गुर्जर कवि'-२ भाग, प्रो० ए० सी० चक्रवर्ती कृत 'जैन लिटरेचर इन तामिल'। श्री मूलचन्द वत्सल कृत जैन कवियो का इतिहास,' बाबू कामताप्रसाद कृत 'हिन्दी जैन साहित्य का सक्षिप्त इतिहास। राजस्थानी भाषा के जैन साहित्य पर श्री अगरचन्द नाहटा ने अच्छा कार्य किया है। हिन्दी के पुरातन जैन गद्य साहित्य पर हम स्वय एक पुस्तक लिख रहे है। इन पुस्तको के अतिरिक्त सुयोग विद्वानो द्वारा सम्पादित प्राचीन ग्रन्थो के आधुनिक सस्करणो की विद्वत्ता पूर्ण

विस्तृत प्रस्तावनाओ मे, गत वर्षों मे प्रकाशित विभिन्न जैन अभिनन्दन ग्रन्थों मे, जैन हितैषी, जैन साहित्य सशोधक, जैन विद्या आदि भूत कालीन सामायिक पत्रो की फाइलो मे तथा जैन सिद्धान्त भास्कर, अनेकान्त, जैन सत्यप्रकाश, वीरवाणी आदि वर्तमान पत्र पत्रिकाओ मे फुटकर लेखो के रूप मे जैन साहित्य और उसके इतिहास से सम्बन्धित विपुल सामग्री बिखरी पडी है। अग्रेजी प्रभृति विदेशी भाषाओ मे जैन सम्बधी साहित्य के स्वरूप एव प्रगति का ज्ञान डा० ए० गिरनोट (Dr A. Guirnot) कृत 'जैना बिबलियोग्रेफिका,' रा० बाबू पारसदास द्वारा सम्पादित 'जैन बिबलियोग्रेफी,' न० १ तथा बाबू छोटेलाल जी कृत 'जैन बिबलियोग्रेफी' से हो सकता है। किन्तु इन पुस्तको मे सन् १६२५ के उपरान्त का विवरण नही है। जैन कथा साहित्य पर डा० जे० हर्टल का कार्य श्लाघनीय है।

साहित्य के इतिहास और प्राचीन ग्रन्थो तथा ग्रन्थ प्रतियो के परिचय से जहाँ वर्तमान युग की बहुज्ञता बढती है तथा विद्वानो एव अन्वेषको को अपने कार्य मे भारी सहायता मिलती है वहाँ उनके कारण वर्तमान प्रकाशन प्रगति को भी भारी प्रोत्साहन मिलता है। साहित्यक क्षेत्र को समुन्नत एव प्रगतिशील बनाने के लिए युगानुसारी मौलिक ग्रन्थ रचना और उनका प्रकाशन तो आवश्यक है ही, प्राचीन अप्रकाशित ग्रन्थ रत्नो के आवश्यक अनुवादादि सहित सुसम्पादित सस्करणो का प्रकाशन भी अतीव आवश्यक एव वाञ्छनीय है। जो साहित्य शताब्दियो और सहस्त्राब्दियो से कराल काल को चुनौती देता हुआ अपने लोक हितकारी अथवा लोकरजक रूप और स्थायी महत्त्व के कारण अक्षुण्ण रहता चला आया है, अपनी इस अत्यन्त मूल्यवान बपौती का सरक्षण, प्रचार, प्रसार एव सदुपयोग करना वर्तमान सन्तति का प्रधान कर्तव्य है। इस प्रकार न केवल तत्तद सस्कृति की धारा अनवरोध रूप से प्रवाहित होती चली जायगी वरन उसके पुनीत जल मे निमज्जन करते रहने से मानव समाज सदैव अपना कल्याण करता रहेगा, उसे नव स्फूर्ति प्राप्त होती रहेगी और उसे अपना जीवन पथ-प्रशस्त रखने मे सहायता मिलेगी।

मुद्रण कला का प्रभाव–अस्तु छापेखाने के प्रचार के पश्चात् भारतवर्ष मे जब से साहित्य का मुद्रण प्रकाशन प्रारम्भ हुआ है, विशेषकर जैन समाज मे तब ही से प्राचीन ग्रन्थो के प्रकाशन का ही बाहुल्य रहा है। उत्तरोत्तर उत्कृष्टत्तर यान्त्रिक अविष्कारो को प्रसूत करने वाले इस यन्त्र प्रधान युग मे साहित्य का मुद्रण एव प्रकाशन भी अधिकाधिक शीघ्रता एव विपुलता के साथ वृद्धि को प्राप्त होता रहा है। विविध प्रकार के बहुसख्यक शिक्षालयो की स्थापना के साथ साथ मुद्रित ग्रथो के अल्प मूल्य मे सहज सुलभ होने के कारण साक्षरता, शिक्षा, बहुविज्ञता एव पठनाभिरुचि अधिकाधिक व्यापक होती जा रही है। विभिन्न प्रकार के असख्य पुस्तकालयो तथा अनगिनत सामयिक पत्र पत्रिकाओ के द्वारा उन्हे भारी प्रोत्साहन मिल रहा है। आज यह समस्या नही है कि 'पुस्तके तो है ही नही, पढे क्या और कैसे ? आज तो वास्तविक कठिनाई यह है कि पुस्तके तो प्रत्येक स्थान मे सहज सुलभ है, और बहुसख्या मे, उन सब ही को पढ लेना असभव सा है, और आवश्यक अथवा उपयोगी भी नही है। तब अपने लिए उनका किस प्रकार चुनाव करे, उनमे से कौन-कौन सी को पढे और किस-किस को न पढे ? मनुष्यो के बढते हुए ज्ञान, शिक्षा एव साहित्यिक सस्थाओ की सख्या वृद्धि शिक्षा प्रणाली के द्रुत विकास तथा मानव जीवन की अत्यन्त वेग के साथ वृद्धि, को प्राप्त होती हुई आवश्यकताओ और विषमताओ के कारण साहित्यगत विषय भी सख्यातीत होते जा रहे है। अपनी-अपनी रुचि, आवश्यकता एव साधनो के अनुसार पृथक-पृथक विषय मे विशेषज्ञता प्राप्त करना आवश्यक होता चला जा रहा है।

पुस्तक सूची की आवश्यकता–इन सब कारणो से आज मुद्रित प्रकाशित पुस्तको की परिचयात्मक सूचियो की आवश्यकता एव उपयोगिता बहुत अधिक हो गई है। प्रगतिशील पाश्चात्य भाषाओ के साहित्य के सबध मे ऐसी अनेक सूचिये विद्यमान है और निर्मित होती रहती हैं। दूसरे उनके प्रकाशको के सूची पत्र भी इतने सारपूर्ण और प्रमाणीक होते है–विषय विशेष सम्बन्धी

साहित्य के प्रकाशक भी बहुधा प्रथक-प्रथक है—कि उक्त व्यवसायिक सूचीपत्रो से ही तत्सम्बन्धी आवश्यकता की अधिकाश पूर्ति हो जाती है। किन्तु भारतवर्ष के और विशेषकर हिन्दी के प्रकाशको की अवस्था इससे नितान्त भिन्न है। यहाँ विशेषज्ञता को कोई महत्त्व नही दिया जाता, प्रकाशक अनगिनत हैं किन्तु उनमे सुव्यवस्था और सगठन का सर्वथा अभाव है। उनके सूचीपत्र मात्र व्यवसायिक दृष्टि से प्रेरित सस्ती विज्ञापन बाजी के नमूने भर होते है अत. पर्याप्त दोष पूर्ण भी होते है। उनसे पुस्तक विशेष का वास्तविक, ठीक-ठीक तथा पूर्ण परिचय प्राप्त नही होता। ऐसे सब ही प्रकाशित सूचीपत्रो का प्राप्त करना भी दुष्कर है, हिन्दी की सभी प्रकाशित पुस्तको की यथार्थ जानकारी भी उनसे नही हो सकती। अतएव हिन्दी की पुस्तको की एक ऐसी सार्वजनिक सूची की आवश्यकता थी जिससे हिन्दी ग्रन्थ प्रकाशन के स्वरूप, प्रगति, इतिहास, त्रुटियो और आवश्यकताओ का ज्ञान हो सके। इस अभाव की पूर्ति अनेक अशो मे प्रयाग विश्व विद्यालय के प्रोफेसर डा० माता प्रसाद जी गुप्त द्वारा सम्पादित तथा हिन्दुस्तानी एकेडेमी, प्रयाग द्वारा हाल मे ही प्रकाशित 'हिन्दी पुस्तक साहित्य' नामक ग्रन्थ से हो जाती है। इस पुस्तक मे विद्वान सम्पादक ने एक विस्तृत महत्त्वपूर्ण प्रस्तावना के अतिरिक्त लगभग ५,५०० मुद्रित प्रकाशित हिन्दी पुस्तको की सक्षिप्त परिचयात्मक अनुक्रमणिका दी है, जिसमे प्राचीन अर्वाचीन, मौलिक एव टीका अनुवादादि, धार्मिक, सम्प्रदायिक (अधिकाशत: वैदिक परम्परा के ही हिन्दू समाजगत विभिन्न सम्प्रदायो से सम्बन्धित), लौकिक विविध विषयक, छोटी-बडी, महत्त्वपूर्ण तथा अति सामान्य कोटि की साधारण-प्राय सर्व ही हिन्दी सस्कृत पुस्तके सम्मिलित है। स्कूली पाठ्यक्रम की साधारण पुस्तके, पारसी थ्येटर कम्पनियो मे खेले जाने वाले सस्ते नाटक, सिनेमा के गायन आदि की पुस्तके, पुराने ढग के साग, ख्याल, नौटकी, आल्हा, आदि की पुस्तके तथा फुटकर वा अज्ञात ट्रैक्ट आदि छोड दिये गये है। साथ मे युग-विभाजनगत विषयानुसार पुस्तकानुक्रमणिका तथा लेखकानुक्रमणिका से पुस्तक की उपयोगिता और अधिक बढ़ गई है।

किन्तु एक सहृदय साहित्यिक विज्ञान के द्वारा रचित साहित्यिक विज्ञान सबधी ऐसी निर्देशात्मक पुस्तक के अवलोकन से जिस बात पर साश्चर्य खेद हुआ वह यह है कि इस पुस्तक मे भी जैन साहित्य की उपेक्षा ही की गई है और उसके प्रति अन्याय भी हुआ है। पुस्तक मे निर्देशित लगभग ४,५०० लेखको मे से केवल ५० लेखक जैन है जिनमे २० ऐसे हैं जिन्होने जैन सबधी कुछ नही लिखा, और यदि उनमे से किसी की कोई जैन रचना है भी तो उनका उल्लेख नही किया गया, शेष ३० लेखको मे दो हजार वर्ष प्राचीन आचार्य कुन्दकुन्द से लेकर आधुनिक काल के अति गौण लेखक तक सम्मिलित है। कुल ७०-७५ जैन पुस्तको का उल्लेख है जिनमे सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रश एव हिन्दी के मौलिक तथा टीका अनुवादादिक और कथा कहानी, पूजा पाठ, पद भजन, अध्यात्म, तत्वज्ञान, निमित्त शास्त्र आदि कितने ही विषयो के दिगम्बर, श्वेताम्बर, स्थानक वासी सभी सम्प्रदायो के एक-एक दो-दो ग्रन्थ बानगी के लिए दे दिये गये हे। इन गिने चुने लेखको और उनकी कृतियो के परिचय भी बहुधा दोष पूर्ण एव भ्रामक है, उदाहरणार्थ, कुन्दकुन्दाचार्य कृत 'समयसार' को नाटक लिखना, 'बारह मासा नेमिनाथ' पुस्तक को केवल बारह मासा लिखकर उसके लेखक के रूप मे नेमिनाथ को लिखना, 'जैन रामायण' के कर्त्ता का नाम रामचन्द्र के स्थान पर हेमचन्द्र लिखना, कवि वृन्दावन दास कृत 'अर्हत पाशा केवलि' नामक शकुन शास्त्र को प्राचीन युग का एक जीवन चरित्र(!) लिखना। 'जाति की फेहरिस्त' और 'अग्रवालो की उत्पत्ति' जैसी पुस्तको को 'धर्म-तत्कालीन' विषय के अन्तर्गत तथा 'जैन स्तवनावली' और 'जैनग्रन्थ सग्रह' जैसे प्रकीर्णकस्फुट पाठ सग्रहो को 'साहित्य का इतिहास-तत्कालीन' विषयके अन्तर्गत देना, इत्यादि। और यह तब जबकि सम्पादक महोदय को जैन साहित्य की पूर्वोल्लिखित इतिहास पुस्तके और ग्रन्थ सूचिये आदि तथा कम से कम प० नाथूराम प्रेमी के जैन ग्रन्थ कार्यालय के बृहत्सूचीपत्र के अतिरिक्त, जोकि सब सहज सुलभ थे, किसी भी अच्छी जैन साहित्यिक सस्था अथवा प्रकाशन सस्था या एक वा अधिक जैन साहित्यिको से ही पत्र व्यवहार द्वारा प्रकाशित जैन

साहित्य के सम्बन्ध मे बहुत कुछ जानकारी सरलता से प्राप्त हो सकती थी। स्वय लाला पन्नालाल जी अग्रवाल देहली निवासी ने जो कि ऐसे कार्यों मे सदैव अत्यधिक उत्साह रखते है और अपना पूर्ण सहयोग देने मे तत्पर रहते हैं, डा० माता प्रसाद जी की इस पुस्तक के लिए लगभग चार सौ मुद्रित जैन पुस्तको की एक परिचयात्मक सूची तैयार करके उनके पास भेजी थी। किन्तु सभवतया कुछ विलम्ब से प्राप्त होने के कारण, या क्या, डाक्टर साहब ने पन्नालाल जी की सूची का भी उपयोग नही किया। डाक्टर गुप्त की इस जैन साहित्य सबधी उदासीनता का जो कि भारत के बहुभाग अजैन विद्वानो और साहित्यिको मे आज इस बीसवी शताब्दी के मध्य मे भी पाई जाती है बहुत कुछ अनुमान प्रस्तुत पुस्तक के अवलोकन से तथा गुप्त जी की पुस्तक के साथ उसका तुलनात्मक अध्ययन करने से हो जायगा। इसमे सदेह नही है कि किसी जैन पुस्तक का मात्र मुखपृष्ठ देखकर अथवा किसी सूचीपत्र मे उसका नाम मात्र पढकर जैन साहित्य से अनभिज्ञ एक अजैन विद्वान के लिए उसका यथोचित परिचय देना बहुधा दुष्कर है। स्वय काशी नागरी प्रचारिणी सभा की हस्तलिखित ग्रन्थो की खोज सम्बधी विवरण पत्रिका मे जैन साहित्य विषयक अनेक उल्लेख सदोष एव भ्रान्तिपूर्ण है, जिनका एक लेख के रूप मे सशोधन करके मैने अभी हाल मे ही सभा के अन्वेषक श्री दौलतराम जुआल द्वारा प्रकाशनार्थ सभा को प्रेषित किया है। किन्तु ये कठिनाइयाँ जैन विद्वानो के सहज सुलभ सहयोग से सरलता से दूर की जा सकती है। गत वर्ष मे सभा के अन्वेषक महोदय ने लखनऊ के जैन शास्त्र भडारो मे सग्रहीत लगभग एक सौ हिन्दी ग्रन्थो के विवरण लिये, इस कार्य मे उन्हे मेरा पूर्ण सहयोग प्राप्त था, अपने लिये हुए विवरणो को वे मुझ से पूर्ण तथा सशोधित करवाकर ही भेजते थे, अतएव उक्त विवरणो मे कोई भारी या खटकने वाली भूले रह जाने की तनिक भी सभावना नही है।

जैन प्रकाशनो की दशा—हिन्दी प्रकाशन कार्य की जिस कुव्यवस्था का उल्लेख ऊपर किया गया है, किंतु पुस्तक प्रकाशन की दशा उससे भी बुरी है।

सामान्य भारतीय तथा हिन्दी पुस्तक प्रकाशन के प्राय सर्व दोष तो इसमे बढे चढे रूप मे पाये ही जाते, उनके अतिरिक्त कई एक अन्य त्रुटियाँ भी हैं। जैन पुस्तक प्रकाशन अभी तक एक लाभदायक व्यवसाय नहीं बन पाया है। उसके यथोचित सुविकसित एव सुव्यवस्थित होने मे अनेक बाधक कारण रहे है। जैन सस्कृति जैसी सर्वांगीण है, उसके दर्शन, साहित्य, कला और विज्ञान जैसे सुविकसित, उत्कृष्ट और व्यापक है, उनके विशेषाध्ययन, शोध खोज एव अनुसधान के लिए एक केन्द्रीय जैन विश्व विद्यालय का होना अत्यन्त आवश्यक था। ऐसे एक विश्व विद्यालय की स्थापना के लिए कई बार कुछ आन्दोलन भी चले, लगभग २५–३० वर्ष पूर्व वर्णीत्रय-पूज्य प० गणेश प्रसाद जी वर्णी, स्व० बाबा भागीरथ जी वर्णी तथा स्व० प० दीपचद्र जी वर्णी ने जैन विश्वविद्यालय की स्थापना का बीडा उठाया था, किन्तु समाज से उपयुक्त सहायता सहयोग न मिलने के कारण असफल रहे। भारतवष के विद्यमान विश्व-विद्यालयो मे भी जैनाध्ययन की कोई साधन सुविधाए नही है। बनारस के जैन कलचरल रिसर्च इन्स्टीटयूट द्वारा श्वेताम्बर बन्धु गत दो तीन वर्षो से इनमे से कुछ विश्व विद्यालयो मे जैन रिसर्च फेलोशिप स्थापित करने की ओर प्रयत्न शील हैं, किन्तु इस कार्य मे उन्हे दिगम्बर समाज का प्राय कोई सहयोग प्राप्त नहीं है। ज्ञानोदय मासिक मे एकाध बार इस योजना का समर्थन तो किया गया, किन्तु सेठ शान्ति प्रसाद जी द्वारा साहित्यिक कार्यो के लिए स्थापित ट्रस्ट के प्रबधको ने भी कोई सक्रिय उपक्रम इस दशा मे अभी तक नही किया, यद्यपि यह उनके लिए सहज था। कोई ऐसा उत्कृष्ट जैन कालिज भी विद्यमान नही है जिसमे जैनालॉजी का एक पृथक विभाग हो और जैनाध्ययन की समुचित साधन सुविधाए हो। जैन कालिजो और स्कूलो की सख्या भी कुछ कम नही है, किन्तु वे नाम मात्र के लिए ही जैन हैं, अर्थात् वे केवल इसी कारण जैन नामाकित है क्योकि वे जैनो द्वारा उन्ही के धन से स्थापित और उन्ही के उद्योग से सचालित है। किन्तु उनके पाठ्यक्रम मे जैन साहित्य और सस्कृति का किसी प्रकार का कोई स्थान नही है। इसके अध्ययन अध्यापन के लिए उनमे कोई साधन सुविधाए नही है। उनके पुस्तकालयो मे बिना मूल्य, भेट,

या दानादि द्वारा जैन पुस्तके और पत्र पत्रिकाए भले ही आ जाय किन्तु उनके ऊपर कुछ व्यय करने की अथवा उनका सग्रह करने की कोई प्रवृत्ति नही है और न कोई आवश्यकता ही समझी जाती है। उनमे अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की जैन साहित्यादि के अध्ययन मे अभिरुचि और आकर्षण तो तब हो जबकि उनके अध्यापको मे से भी कुछ की हो। यही दशा जैन छात्रावासो–जैन बोर्डिग हाउसो और होस्टलो की है।

यह ठीक है कि वर्तमान युग धर्म स्वातन्त्र्य और असाम्प्रदायिकता का है अतएव सार्वजनिक लौकिक शिक्षा मे किसी धर्म अथवा सम्प्रदाय विशेष की धार्मिक शिक्षा का सम्मिलित किया जाना उचित नही समझा जाता, वरन् न्याय विधान द्वारा उत्तरोत्तर वर्जित किया जा रहा है। किन्तु किसी सस्कृति और तत्सम्बधित लोकोपयोगी साहित्य एव विचार धारा का अध्ययन साम्प्रदायिक अथवा धार्मिक कदापि नही कहला सकता। जब वेदो, उपनिषदो, हिन्दू धर्म शास्त्रो और पुराणो का, वैदिक परम्परा के न्याय, मीमासा, साख्य वैशेषिक आदि षट् दर्शनो का, निर्गुण सगुण सम्प्रदायो और मध्यकाल के विभिन्न सन्त-मतो का तथा धर्म सुधार आन्दोलनो का, बौद्ध दर्शन और सस्कृति का, इस्लाम के इतिहास और परम्परा का, क्रिश्चियन थियोलाजी का अध्ययन अध्यापन जो कि भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयो मे स्वीकृत है, साम्प्रदायिक धार्मिक नही समझा जाता तो फिर जैनोलाजी का, जैन सस्कृति–दर्शन, साहित्य और इतिहास का अध्ययन अध्यापन साम्प्रदायिक अथवा धार्मिक क्यो समझा जाय और भारत के सास्कृतिक अध्ययन मे उसी की उपेक्षा क्यो की जाय। अवश्य ही उसे अनिवार्य विषय न बनाकर ऐच्छिक या वैकल्पिक विषय बनाया जा सकता है।

उपरोक्त जैन कालिजो, स्कूलो, छात्रालयो आदि के लिए जिन स्थानो मे ये सस्थाए स्थित होती है, उनकी स्थानीय जैन समाज से तो भरसक द्रव्य एकत्रित किया ही जाता है, देश के अन्य विभिन्न प्रान्तो और स्थानो की जैन समाज से भी पर्याप्त द्रव्य सग्रह किया जाता है। इस द्रव्य प्राप्ति के लिए समाज से जो लिखित अथवा मौखिक अपीले की जाती है उनमे सर्वाधिक बल इसी बात

पर दिया जाता है कि विकसित जैन सस्था जैनत्व की प्रभावना के लिए ही विद्यमान है, जैन धर्म, सस्कृति और साहित्य की अथक सेवा करना ही उनका व्रत है अत जैनो का कर्तव्य है कि उसके लिए यथा शक्य द्रव्य दान देकर विद्या दान का पुण्य लूटें। किन्तु यह सब वाग्जाल और धोका है, इन सस्थाओ मे से प्राय किसी ने भी अब तक कम से कम अपनी ओर से जैन साहित्य और सस्कृति की कुछ भी सेवा नही की है। उनसे जैन साहित्य के लौकिक अ श के भी पठन पाठन और प्रकाशन को कोई प्रोत्साहन नही मिला है।

जो जैन सस्कृत विद्यालय है उनसे भी जैन साहित्य के सवर्धन मे विशेष सहायता नही मिल रही है, उनके कुछ फुटकर स्नातक व्यक्तिगत रूप से जैन साहित्य की अवश्य ही प्रशसनीय सेवा कर रहे है, पर वह अति सीमित और एकाँगी ही है। जैन समाज मे कई एक परीक्षा बोर्ड है, किन्तु उनके पठन-क्रम बहुत सीमित और रूढ है, उनके वैकल्पिक विषय अत्यल्प सख्यक है, इतिहास पुरातत्त्व और सस्कृति जैसे अत्यन्त महत्त्वपूर्ण विषय भी उनमे सम्मिलित नही है, तुलनात्मक अध्ययन की कोई व्यवस्था नही है। इसके अतिरिक्त उनके अधिकारीगण जो जैसी पुस्तके उपलब्ध है उन्ही को अपने पठनक्रम मे रखकर सतोष कर लेते है। पठनक्रम के उपयुक्त नवीन पुस्तको के निर्माण कराने मे वे प्रवृत्त ही नही होते।

जैन साहित्य का बाह्य जैनेतर समाज मे सम्यक् प्रचार करने की जैनो की दिली प्रवृत्ति ही प्रतीत नही होती अतएव उसके लिए उपयुक्त साधन भी नही जुटाये जाते। कितना ही सुन्दर, लोकोपयोगी या लोकरजक तथा प्रमाणीक प्रकाशन हो, सार्वजनिक पत्र पत्रिकाओ मे उसके विज्ञापन, समालोचनाएं आदि निकलवाने की ओर कोई ध्यान नही दिया जाता। अजैन उसे एक साम्प्रदायिक रचना मान कर उपेक्षणीय समझते है और जैन उसे दूसरो को दिखाने की आवश्यकता नही समझते।

देश मे यत्र तत्र अनेक सार्वजनिक जैन पुस्तकालय एव वाचनालय भी खुलते जा रहे हैं, किन्तु उनमे भी जैन कालिजो और स्कूलो आदि की भांति

जैन पुस्तकों और पत्र पत्रिकाओं को क्रय करके संग्रह करने की आवश्यकता नहीं समझी जाती, बल्कि सस्ते, जासूसी, ऐयारी, घटना प्रधान अथवा रोमांचक उपन्यास कहानियों के ही संग्रह को विशेष महत्त्व दिया जाता है ।

जैन साहित्य के स्वरूप का सम्यक् प्रचार न होने से नवयुवक विद्यार्थी वर्ग तथा पठनाभिरुचि रखने वाले वयस्क व्यक्ति भी पहले से ही यह मान बैठे हैं कि पठन क्रमान्तर्गत विषयो की दृष्टि से, लौकिक ज्ञानवर्द्धन की दृष्टि से, जीवन सम्बधी दैनिक आवश्यकताओ की दृष्टि से अथवा मनोरंजन की दृष्टि से जैन साहित्य एक निरर्थक-बेकार की वस्तु है, उसका यदि कोई मूल्य है तो केवल धार्मिक है सो भी श्रद्धालुओ के लिये ही । और एक औसत व्यक्ति वास्तव मे इस दृष्टि को कोई विशेष महत्त्व नही देता, जो कुछ महत्त्व देता है वह रिवाजन या लिहाजन अथवा नाम और पुण्य दोनों एक साथ कमाने की ही नियत से देता है । किन्तु वास्तविकता तो यह है कि जैन साहित्य मे किसी भी अन्य साम्प्रदायिक साहित्य की अपेक्षा-और पुरातन भारतीय साहित्य का अधिकाश किसी न किसी सम्प्रदाय से ही सम्बन्धित है—उपरोक्त लोकतत्त्वो का बाहुल्य ही पाया जाता है । उसकी सहायता से पठनक्रमान्तर्गत अधिकाश विषयो को भी सवर्द्धित किया जा सकता है । यहा तक कि उसके गूढ सैद्धान्तिक एव दार्शनिक मन्तव्यो की भी कैसी समयानुसारी, लौकिक एव व्यावहार्य व्याख्या की जा सकती है यह बात भारतीय ज्ञानपीठ, काशी से हाल मे ही प्रकाशित तथा काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय के प्रोफेसर महेन्द्रकुमार जी द्वारा लिखित तत्त्वार्थवृत्ति की प्रस्तावना मे 'सम्यग्दर्शन' के विवेचन से सहज अनुमानित की जा सकती है। किन्तु जैन साहित्य के लोकरूप का अभी प्रचार ही नही हुआ, यद्यपि वर्तमान जैन पत्र-पत्रिकाओ तथा नव प्रकाशित जैन साहित्य मे पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध हैं, पर उसे खरीद कर पढ़नेवालो का अभाव है । जैन समाज में अनेको श्रीमान ऐसे हैं जिनके यहाँ बहुभाग जैन पत्र-पत्रिकाएं पहुंचती रहती है प्रकाशित जैन पुस्तकें भी पर्याप्त मात्रा मे आ जाती हैं, उन

सबका मूल्य प्रायः धर्मादे की रकम मे से दे दिया जाता है । किंतु इन पुस्तकों और पत्र पत्रिकाओं में से अल्पांश का भी कोई उपयोग वे श्रीमान अथवा उनके परिवार का कोई व्यक्ति शायद ही करता हो । ये चीजे प्रायः कालतूमद और रद्दी की टोकरी के उपयुक्त समझ ली जाती हैं—उन्हें बिना देखे और पढे ही, हजार हजार, और दो दो हजार की जैन जनसख्या वाले स्थानो में भी दो चार से अधिक ऐसे व्यक्ति न मिलेंगे जो मूल्य देकर जैन पत्र पत्रिकाएं और जैन साहित्य मगाते हों । कितनी भी उच्च कोटि की पुस्तक हो अधिक से अधिक एक हजार छपती हैं और वही सस्करण वर्षों के लिये पर्याप्त होता है, दूसरे सस्करण की नौबत ही नही आती । अत्यन्त उच्चकोटि की पत्रिकाए निकल रही है किंतु पाच छ सौ से अधिक किसी की भी ग्राहक सख्या शायद नही है । साप्ताहिक पत्रो मे से दो एक की एक हजार से कुछ ऊपर भले ही हो । इसमे दोष प्रकाशकों और पत्र सम्पादको आदि का भी है । वे स्वय अपने साहित्य और पत्रों के व्यापक प्रचार के लिये प्राय कुछ भी सुव्यवस्थित उद्योग नही करते ।

इन्ही सब कारणो से जैन पुस्तक प्रकाशन, जैन पुस्तक विक्रय तथा जैन सामयिक पत्रो का व्यवसाय बहुत ही कम सफल और लाभदायक हो पाता है । अतएव व्यावसायिक जैन प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता और पत्रकार अत्यल्प सख्यक है ।

जैन लेखकों की दशा :—जैन लेखको की दशा और भी बुरी है । जैन समाज मे विद्वानो, और अच्छे उच्चकोटि के लेखको की भी कोई कमी नही है, किंतु उपरोक्त परिस्थितियो मे कोई भी जैन विद्वान या लेखक निराकुलता पूर्वक साहित्य साधना नही कर सकता और न उसके द्वारा अपना और अपने परिवार का निर्वाह ही कर सकता है । अधिकतर लेखक तो अपनी कृतियो के लिए किसी प्रकार के पारिश्रमिक को प्राप्त करने का विचार ही नही करते, और यदि कोई कोई वैसा विचार भी रखते हैं और उसकी आवश्यकता अनुभव करते हैं तो वे उन्हें प्रकट करने का अथवा पारिश्रमिक की माग

करने का साहस ही नहीं रखते, वैसा करने में बहुधा लज्जा और संकोच अनुभव करते हैं, परिणाम स्वरूप भले ही वह अपनी साहित्य साधना को त्याग दें, गौण अथवा शिथिल कर दें । बहुभाग जैन लेखक अपनी साहित्यिक अभिरुचि, साहित्य अथवा समाज सेवा की लगन या धार्मिक श्रद्धा के वश होकर अथवा केवल स्वान्त सुखाय ही लिखते हैं । उनकी साहित्य साधना मे कोई आर्थिक प्रयोजन प्राय. रहता ही नही, विशेषकर इसी कारण से क्योंकि वह दुष्कर है, लोकमत उसके अनुकूल नही है और क्योकि वैसा करने में अपनी मान हानि के सिवायं और कोई लाभ नही दीखता । इन जैन लेखकों का कोई सगठन नही है, कोई आवाज नही है । वे जो कुछ लिखते हैं उसके लिये बदले मे कुछ इच्छा या आकाक्षा न रखते हुए भी उसका प्रकाशन कराने में भी बडी कठिनाई का सामना करना पडता है । एक व्यक्ति अपने जीवकोपार्जन के प्रयत्न को बाधा पहुचा कर अथवा उसके समय मे से ही जो कुछ अवकाश मिले उसमे तथा अपने स्वास्थ्य की परवाह न करके और आराम को तिलाँजली देकर, स्वय ही सर्व साधन सामग्री जुटाये और परिश्रम तथा आवश्यक द्रव्यादि व्यय करके कोई पुस्तक लेखादि तैयार करे और फिर सामर्थ्य हो तो स्वय ही उसे प्रकाशित भी कराये तथा हो सके तो अमूल्य ही वितरण भी करदे, वर्न अपनी पांडुलिपि को देख देख कर खुश हुआ करे । अथवा वह किसी व्यवसायिक प्रकाशक या साहित्यिक सस्था, किसी धार्मिक या सामाजिक सभा सोसाइटी, अथवा किसी धनी मित्र अथवा रिश्तेदार की खुशामद करे । सम्भव है कि इस प्रकार उसकी रचना प्रकाशित हो जाय और यह भी सम्भव है कि सर्व प्रयत्नो के बावजूद भी वह प्रकाशित न हो । प्रकाशित होने पर उसे पुरस्कार या पारिश्रमिक मिलने की बात तो दूर है, यदि प्रोत्साहन और प्रशसा के दो शब्द तथा सूखा धन्यवाद मिल जाय तो बहुत है । जैन पत्रकार किसी भी लेखक के लेख का मूल्य, चाहे वह लेख किसी कोटि का क्यो न हो, अधिक से अधिक अपने पत्र के उस अंक [illegible] हुआ है, एक प्रति समझते हैं [illegible]

का एहसास ही करते हैं। चाहे कितना ही महत्त्व पूर्ण लेख हो उसकी अति-रिक्त प्रतियाँ लेखक को प्रदान करने की तो प्रथा ही नही है, लेख की पहुच या स्वीकृति की सूचना देने अथवा अस्वीकृत होने पर उसे लौटा देने की तो आवश्यकता ही नही समझी जाती। आर्थिक प्रतिदान की आशा न होने से लेखक व्यय साध्य सामग्री के सकलन एव उपयोग द्वारा अपनी रचनाओ को यथोचित प्रमाणीक, उपयोगी एव आकर्षक भी नही बना पाता। जैन समाज मे साहित्य की शोध, खोज एव निर्माण करने कराने वाली कई एक अच्छी सस्थाए भी विद्यमान हैं जो प्रायः सार्वजनिक अथवा सामाजिक द्रव्य की सहायता से संचालित हो रही हैं और जिनके सचालन मे कोई आर्थिक अथवा व्यवसायिक प्रयोजन नही है। किन्तु क्योकि वे स्वय इस दृष्टि से शून्य सी हैं अत जिन विद्वानों से वे साहित्य सृजन कराती है उन्हे भी स्वत. इस दृष्टि से शून्य ही मान लेती हैं। ऐसी अवस्था मे सुलेखको का पर्याप्त सख्या मे सद्भाव होना और उच्च कोटि के साहित्य की सृष्टि करना दुष्कर व दुस्साध्य है, यह सहज ही अनुमान किया जा सकता है।

तथापि जब प्रकाशित हो चुके तथा हो रहे जैन साहित्य पर दृष्टि जाती है तो वह किसी भी अन्य भारतीय सम्प्रदाय अथवा समाज के साहित्य की अपेक्षा मात्रा मे भी कम नही है और किसी अंश मे भी निम्नतर कोटि का नही है तथा लोकतत्त्व की प्रचुरता भी उसमे अपेक्षाकृत पर्याप्त मात्रा में है। इसका कारण यह है कि जैन समाज मे साक्षरो और शिक्षितो की सख्या एक पारसी समाज को छोड कर सर्वाधिक है, और उसकी सामान्य दशा भी इतनी समृद्ध अवश्य है कि नितान्त भूखे और दरिद्री इसमे बहुत थोड़े है। धार्मिक साहित्य सृजन अधिकतर धार्मिक भावना के वश ही किया और कराया जाता है। व्यवसायिक प्रकाशको और पुस्तक विक्रेताओ के अतिरिक्त अनेक अव्यवसायिक साहित्यिक सस्थाए, ग्रन्थ मालाए, ट्रस्ट आदि तथा स्थानीय पचायतें, धार्मिक सामाजिक [illegible] पुरुष जो ज्ञानदान वा शास्त्रदान [illegible] रूप से भी पुस्तके प्रका-

शित करते कराते रहते हैं। कुछ उच्च कोटि की संस्थाओं में तो सवैतनिक विद्वान भी साहित्यिक शोध खोज एव निर्माण कार्य करने लगे हैं। कभी-कभी पुरस्कार अथवा पारिश्रमिक देकर ठेके पर भी ये कार्य कराये जाने लगे हैं— यद्यपि ऐसे दोनो प्रकार के उदाहरण अभी अत्यल्प सख्यक ही हैं। कितने ही लेखक श्रेष्ठ विद्वान होने के साथ-साथ सुसमृद्ध भी है और वे निस्वार्थ भाव से उच्च कोटि के साहित्य सृजन मे पर्याप्त योगदान देते रहे है। ऐसे भी कितने ही उदाहरण हैं जबकि उक्त विद्वानों ने स्वयं लिखा, अच्छा लिखा और बहुत लिखा और फिर अपनी सर्व या अधिकाँश कृतियों को स्वद्रव्य से स्वयं ही प्रकाशित करवाया अथवा अपने प्रभाव से एक या अधिक धनी व्यक्तियों द्वारा प्रकाशित करवाया। त्यागी साधु महात्माओं के स्वप्रयत्न अथवा प्रभाव और प्रेरणा से भी बहुत सा साहित्य निर्मित और प्रकाशित होता रहता है।

वास्तव मे जैन समाज प्रधानतया दिगम्बर और श्वेताम्बर नामक दो सम्प्रदायो मे विभक्त है। लेखकों और प्रकाशको आदि की जिस दशा का वर्णन ऊपर किया गया है वह यद्यपि सामान्यत समस्त जैनसमाज पर लागू होती है तथापि ये दोष दिगम्बर समाज मे विशेष रूप से बढे चढे मिलते है। श्वेताम्बर जैनसमाज मे ग्रन्थ प्रकाशन व्यवस्था अपेक्षाकृत अधिक सुव्यवस्थित एव सुसगठित है। उनके विद्वानो और लेखको की दशा भी पारिश्रमिक, पुरस्कारादिक की दृष्टि से बहुत अच्छी है। स्व साहित्य का बाह्य समाज मे प्रचार करने की श्रेयस्कर प्रवृत्ति भी उनमे रही है। उनका साधु समाज साहित्यिक कार्य मे यथाशक्य योग दान देता है किन्तु उनके साथ जो कमी है वह यह है कि इन बातों की ओर से श्वेताम्बर गृहस्थ, दिगम्बर गृहस्थ की अपेक्षा कही अधिक उदासीन एव अयोग्य हैं। उनमे सुविज्ञ विद्वान् एव सुलेखक सख्या मे अत्यल्प है, अतएव साहित्यिक सस्थाओ, निर्मित साहित्य की उत्कृष्टता एव विपुलता तथा सामयिक पत्र पत्रिकाओं की दृष्टि से दिगम्बर समाज श्वेताम्बर समाज की अपेक्षा कुछ आगे ही है।

अस्तु, यदि जैन समाज को समय की गति के साथ-साथ सजीव रूप में

उन्नति पथ पर अग्रसर होना है, सभ्य ससार की दृष्टि में उसे अपने आप को ऊंचा उठाना है और स्वय उस ऊंचाई के उपयुक्त बनना है तो उसे अपने साहित्य को प्रगतिशील एव समुन्नत बनाना ही होगा, अपने प्राचीन साहित्य रत्नो को ढग से ससार के सामने प्रस्तुत करके उनका तथा उनकी जननी जैन संस्कृति का महत्त्व प्रदर्शित करना और मूल्य अंकवाना होगा, लोक हितार्थ एव ज्ञान वर्द्धन के लिए उसका उपयुक्त सदुपयोग कराना होगा, उसका अधिकाधिक प्रचार एव प्रसार करना होगा, समाज के स्त्री पुरुष आबालवृद्ध में सर्व व्यापी पठनाभिरुचि–पुस्तक आदि क्रय करके पढने और अध्ययन करने की प्रवृत्ति जागृत करनी होगी, जो व्यक्ति तनिक भी प्रतिभा सम्पन्न एव साहित्यिक अभिरुचि वाला हो उसे सर्व प्रकार प्रोत्साहन, जिसमे समुचित पुरस्कार पारिश्रमिक अत्यावश्यक है, प्रदान करके उस व्यक्ति मे जो सर्वोत्तम तथ्य है उसे साहित्य के रूप मे ससार को प्रतिदान कराने की सुचारु योजना करनी होगी और साहित्यिक अनुसधान, निर्माण एव प्रकाशन कर्त्री सस्थाओ, परीक्षा बोर्डों, विद्या केन्द्रों, सामयिक पत्र पत्रिकाओ तथा व्यक्तिगत विद्वानो और लेखकों का केन्द्रीकरण नही तो कम से कम एक सूत्रीकरण करके उन्हे सुव्यवस्थित रूप से सुसंगठित करना होगा, साहित्यगत अथवा सस्कृतिजन्य विविध विषयो का सुचारु विभाजन करके विषय विशेषो मे विशेषज्ञता प्राप्ति के प्रयत्नो को प्रोत्साहन देना भी वाञ्छनीय होगा। यह सब किये बिना इस द्रुत वेग से प्रगतिशील सघर्ष प्रधान युग मे जबकि न किसी व्यक्ति को अनावश्यक अवकाश है, न व्यर्थ के शौक पूरा करने की रुचि और साधन है और न धार्मिक श्रद्धा जीवन का कोई वास्तविक महत्वपूर्ण अ ग रहती जाती है, प्रत्युत परिगुणित होती हुई मान्वी इच्छाए, वासनाए और आवश्यकताए तथा जीविकोपार्जन की जटिल समस्या एव स्वार्थ परता प्रत्येक व्यक्ति का गला बेतरह दबाये हुए है, किसी समाज और उस समाज की सस्कृति के लिए, चाहे वह कितनी भी महत्व पूर्ण क्यो न हो, उन्नति पथ पर अग्रसर होते रहना तो दूर की बात है, जीवित रहना भी अत्यन्त कठिन है।

ऐसी परिस्थितियो मे, प्रकाशित साहित्य का एक प्रकार का लेखा-जोखा और विवरण इसलिये परम आवश्यक हो जाता है कि इसके द्वारा जहा एक ओर लोक की तत्सम्बधी अनभिज्ञता दूर होकर उसे समाज विशेष अथवा वर्ग विशेष द्वारा किये गये योगदान का परिचय प्राप्त हो जाता है, राष्ट्र अथवा विश्व के भी साहित्य मे उसका उचित स्थान एव प्रगति निश्चित करने में सुभीता हो जाता है, तथा उसके समुचित सदुपयोग द्वारा मानव की ज्ञानवृद्धि होती है उसकी ज्ञान साधना को नवीन साधन सहायता आदि मिलती है, वहा दूसरी ओर तत्तद समाज को भी यह ज्ञात हो जाता है कि उसके साहित्य की क्या स्थिति है, उसकी प्रगति की क्या अवस्था है, तथा उनमे कहाँ क्या त्रुटिये और दोष हैं, उसकी क्या आवश्यकताये हैं, जिनसे कि उक्त दोषों का निवारण और आवश्यकताओ की पूर्ती का प्रयत्न किया जा सके। विद्वानो अन्वेषकों, पाठको, शिक्षको और सग्रह कर्ताओ, लेखको और प्रकाशको सभी को इस प्रकार के विवरण से अपने अपने कार्य मे पर्याप्त सुविधा हो जाती है। दूसरे, जैन साहित्य प्रकाशन की जिस दुरवस्था का उल्लेख ऊपर किया जा चुका है, उसकी अवस्थिति मे सभी प्रकाशित जैन पुस्तको का परिचय किसी भी व्यक्ति को सरलता से प्राप्त होना अत्यन्त कठिन है। अत॰ प्रकाशित जैन पुस्तकों के एक यथासभव पूर्ण तथा सक्षिप्त परिचयात्मक विवरण की आवश्यता एवं उपयोगिता स्पष्ट ही है। श्वेताम्बर जैन साहित्य के सम्बध मे ऐसी दो-एक सूचिये पहिले ही प्रकाशित हो चुकी है, यथा अध्यात्म ज्ञान भडार प्रसारक मडल, पादरा (गुजरात) द्वारा प्रकाशित 'मुद्रित जैन श्वेताम्बर ग्रन्थ नामावली', तथा श्री आत्मानन्द जैन सभा, भावनगर द्वारा प्रकाशित 'श्री जैन श्वेताम्बर ग्रन्थ गाइड' जिनमे कि उक्त समाज की मुद्रित प्रकाशित पुस्तकों का विषयानुसार परिचय दिया गया है। इन दोनो सूचियो मे प्रथम सूची अधिक महत्त्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, प्रसिद्ध श्वेताम्बर पुस्तक विक्रेता—सरस्वती पुस्तक भंडार, हाथीखाना, रतन पोल, अहमदाबाद के सूची पत्र में प्रायः सब ही प्रकाशित श्वेताम्बर जैन पुस्तकें दी हुई हैं। इन सूचियो की अवस्थिति मे तथा

शोधन एव समय के अभाव के कारण प्रस्तुत पुस्तक मे श्वेताम्बर साहित्य को सम्मिलित नही किया गया और प्रधानतया दिगम्बर समाज की ही मुद्रित प्रकाशित पुस्तको का विवरण दिया गया है।

मुद्रण कला का इतिहास--प्राचीन साहित्य की खोज करने वाले प्रसिद्ध विद्वान काका कालेलकर जी के शब्दो मे "यह बात बिल्कुल सही है कि जैसे लेखन कला के प्रचार से ज्ञान प्राप्ति का मार्ग सुलभ हुआ है वैसे ही छापने की कला के प्रचार से यह मार्ग सहस्र गुना अधिक सुलभ और विस्तृत हो गया है।" × जहा तक लेखन कला के प्रारभ का प्रश्न है वह सर्व प्रथम भारतवर्ष मे ही हुआ प्रतीत होता है। जैन अनुश्रुति के अनुसार कर्मयुग के आदि मे आदि पुरुष महा मानव ऋषभदेव ने अपनी प्रिय पुत्री ब्राह्मी के उपलक्ष से सर्व प्रथम मानवी लिपि का आविष्कार किया था। सिन्धु पुरातत्त्व मे उपलब्ध मुद्रालेख भी पाच छ हजार वर्ष प्राचीन है और उनसे अधिक प्राचीन लेख ससार के किसी अन्य भाग मे अभी तक प्राप्त नही हुए हैं। लेखन-कला के सर्व प्राचीन उदाहरण पाषाण आदि पर ही अकित मिलते है। तत्पश्चात् ताम्रपत्र आदि धात्वी साधनो का भी उपयोग होने लगा। फिर ताडपत्र, भुर्जपत्र आदि वानस्पतिक पत्रो पर लिखाई आरभ हुई। अन्ततः सन् ईस्वी प्रथम सहस्त्राब्द के मध्य के लगभग कागज का प्रयोग आरभ हुआ।

छापे खाने का सर्व प्रथम आविष्कार चीन देश मे हुआ, और सर्व प्रथम ज्ञात मुद्रित चीनी पुस्तक की मुद्रण तिथि ११ मई सन् ८६८ ई० है। इस पुस्तक की छपाई ब्लाक प्रिन्टिग मे हुई थी, किन्तु अलग अलग बने टाइपो से छापने की कला का आविष्कार चीन देश मे ही पो० शेग नामक व्यक्ति के द्वारा सन् १०४१–४६ के मध्य हुआ। यूरोप मे मुद्रण का प्रारभ जर्मनी देश के निवासी जॉन गटेनबर्ग नामक व्यक्ति ने १५ वी शताब्दी ई० के मध्य मे किया था।

× प्रेमी अभिनन्दन ग्रन्थ, पृ० १६७,

भारतवर्ष मे छापेखाने का प्रथम प्रवेश पुर्तगाली उपनिवेश गोआ के सेंट पॉल कालिज मे, जेसुइट पादरियों की अध्यक्षता मे जुआन बुस्टामान्टे नामक मुद्रक द्वारा सन् १५५६ ई० मे हुआ। और भारत मे मुद्रित सर्व प्रथम पुस्तक लातीनी भाषा की 'कनक्लूसोस फिलोसोफिकास' नामक दार्शनिक पुस्तक थी जो उसी वर्ष उक्त छापेखाने में छपी थी। यह पुस्तक तथा इसके बाद छपने वाली दूसरी पुस्तक भी अब उपलब्ध नही हैं। भारतवर्ष मे मुद्रित सर्व प्रथम उपलब्ध पुस्तक उसी मुद्रणालय मे सन् १५६० मे छपी 'कोम्पेंदिपु स्पिरितु आलद व्हिद क्रिस्तां' है जो न्यूयार्क (अमेरिका) के राष्ट्रीय सार्वजनिक पुस्तकालय मे विद्यमान है।

इसके कुछ काल पश्चात् गोआ प्रदेश के अन्तर्गत ही रायतूर नामक स्थान के सेंट इग्नेशस कालिज मे एक अन्य मुद्रणालय चालू हुआ जिसमें भारतीय भाषाओ मे भी पुस्तके छपने लगी। इस छापेखाने मे मुद्रित भारतीय भाषा की सर्व प्रथम ज्ञात पुस्तक फादर थॉमस स्टीफेन्स कृत 'क्राइस्ट पुराण' थी। यह पुस्तक मराठी भाषा मे ओवी नामक छन्द विशेष मे लिखी गई थी किन्तु रोमन लिपि मे थी, और यह सन् १६१६ ई० मे मुद्रित हुई थी। चालीस वर्ष के बीच मे इसके क्रमश तीन सस्करण प्रकाशित हुए थे, किन्तु उनकी एक भी प्रति आज उपलब्ध नही है, यद्यपि उसकी रोमन, कन्नडी, देवनागरी लिपियो में निबद्ध अनेक हस्तलिखित प्रतिया विद्यमान है उसी छापेखाने से सन् १६२२ मे मुद्रित 'खिस्ती धर्म सिद्धान्त' नामक मराठी भाषा और रोमन लिपि की पुस्तक आज भी उपलब्ध है। इसके उपरान्त डेनिश मिशनरियो और फिर अग्रेज पादारियो ने इस दिशा मे प्रयत्नशील होकर छापेखाने के प्रचार मे योग दिया।

देवनागरी अक्षरों मे ब्लाक प्रिंटिग से छपा सर्व प्रथम लेख सन् १६७८ ई० का है। सन् १७९६ ई० मे लिथोग्रफी का आविष्कार हुआ। उनमे टाइप बनाने की कठिनाई न होने के कारण शीघ्र ही उसका अत्यधिक प्रचार हो गया और १९ वी शताब्दी मे तो देशी भाषाओ के अनेक प्राचीन ग्रथ लिथो से छपे। १८ वी शताब्दी के अन्त के लगभग ही बम्बई और बगाल मे सर्व

प्रथम एक-एक मुद्रणालय स्थापित हुआ। भारतीय मुद्रणकला के इतिहास में सीरामपुर (बगाल) के मुद्रणालय, मुद्रणकला विशारद सर चार्ल्स विल्किन्स, उनके सहयोगी शिष्य पचानन और ग्रहस्थ मिशनरी डा० विलियम कैरी के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। उक्त सीरामपुर छापेखाने से १६ वी शताब्दी के पूर्वार्ध मे विभिन्न प्रान्तीय भाषाओं मे बाइबिल के अनुवाद धडाधड प्रकाशित हुए। धीरे-धीरे भारतीय पुस्तके भी देशी भाषाओं मे छपने लगी। नागरी लिपि की सर्व प्रथम मुद्रित पुस्तकें कुरियर प्रेस, बम्बई द्वारा प्रकाशित 'विदुर नीति (१८२३ ई०) और 'सिंहासन बत्तीसी' (१८२४ ई०) हैं, किन्तु इन दोनो की भाषा मराठी है। हिन्दी भाषा और नागरी लिपि की सर्व प्रथम पुस्तक इग्लैंड मे छपी थी और १६ वी शताब्दी के मध्य से वे भारतवर्ष मे भी छपने लगी।

जैन प्रकाशन का इतिहास—जैन साहित्य मे हिन्दी भाषा और नागरी लिपि की सर्व प्रथम पुस्तक प्रसिद्ध दिगम्बर विद्वान प० बनारसीदास (१७ वीं शताब्दी) कृत 'साधु बन्दना' थी जो सन् १८५० मे आगरा नगर मे छपी थी। अतएव जैन पुस्तक साहित्य का अथवा उसके मुद्रण व प्रकाशन का प्रारम्भ सन् १८५० ई० से ही मानना उचित है।

वैसे तो, जहाँ तक पाश्चात्य जगत का प्रश्न है, यूरोपीय विद्वानो और प्राच्यविदो ने तो १६ शताब्दी के प्रारभ से जैन धर्म और सस्कृति मे दिलचस्पी लेनी प्रारभ करदी थी। सन् १७६६ ई० मे लेफ्टिनेन्ट विल्फ्रेड का 'त्रिलोक दर्पण' नामक जैन ग्रथ की एक प्रति हाथ लग गई। उनके स्वय के कथनानुसार ब्राह्मण पडितो ने साम्प्रदायिक विद्वेष के कारण उस पर कुछ भी प्रकाश डालने से साफ इन्कार कर दिया। × अतएव विल्फ्रेड साहब स्वय ही उस ग्रन्थ पर से जैनो के सम्बन्ध में जो कुछ जान सके वह उन्होने 'एशियाटिक रिसर्चेज' भाग तीन पृष्ठ १६२ पर प्रकाशित कर दिया। विदेशी भ्रमणार्थियों

× विलफ्रेड आन दी एन्टीपेथी आफ दी ब्राह्मिन्स टू दी जेन्स—एशियाटिक रिसर्चेज भा० ३ पृ० ५१.

के द्वारा किये उल्लेखों को छोड़कर पाश्चात्य विद्वानो द्वारा लिखित सर्व प्रथम जैन सम्बन्धी रचना यही है। सन् १८०६ में कर्नल मेकेञ्जी का निबन्ध 'ऐन एकाउन्ट आफ दी जेन्स' और एच० टी० कोलब्रुक का निबन्ध 'आबजरवेशन्स आन दी जेन्स' कलकत्ते के एशियाटिक रिसर्चेज (जिल्द ६, पृ० २४३-२८६) में प्रकाशित हुए। सन् १८२५ मे पादरी जे० ए० डुबाइ के संस्मरण पेरिस (फ्रान्स) से प्रकाशित हुए जिनमे जैन धर्म और जैन जाति के विषय मे बहुत कुछ लिखा है उसी वर्ष ए० स्टरलिंग ने 'उडीसा की जैन गुफाओं' पर अपना लेख प्रकाशित किया। सन् १८२७ मे फ्रेन्कलिन, हैमिल्टन, डेलमेन आदि विद्वानो ने जैन विषयक लेख लिखे। तदुपरान्त उक्त शताब्दी के मध्य पर्यन्त एच० एच० विल्सन, जेम्स टाड, जे० स्टीवेन्सन, जे० प्रिन्सेप, जे० फर्गुसन आदि विद्वानो ने अपने लेखों द्वारा जैन सम्बधी लोक ज्ञान की अभिवृद्धि की। किन्तु जैनधर्म सस्कृति साहित्य पुरातत्त्व और इतिहास पर व्यवस्थित शोध खोज और साहित्य सृजन सन् १८५० के पश्चात् ही प्रारभ हुए और इस दिशा मे पिशेल, होर्नले, फर्लांग, पुल्ले, ब्हूलर, जैकोबी, बेबर, लेसन, फलीट, राइस ड्रय, टामस, लूडर्स, बर्गेस, कीलहार्न, गिरनाट, स्मिथ, हुल्टज्श, क्लैट, ओल्डन वर्ग, किटेल, कनिंगहम हर्टले, मोनियर, विलियम्स, विन्टर निट्ज, पीटरसन, ल्यूमेन आदि विभिन्न जातीय प्रसिद्ध यूरोपिय प्राच्यविदो तथा भगवान लाल इन्द्र जी आर० जी० भडारकर, भाऊदजी, के० बी० पाठक, ध्रुव, तैलग, राजेन्द्र लाल मित्र, सतीश चन्द्र विद्याभूषण, टी० के० लड्डू, के० पी० जायसवाल आदि प्रख्यात भारतीय विद्वानों ने प्रशसनीय कार्य किया। किन्तु इस शताब्दी के प्रारंभ से ही इस कार्य मे कुछ शिथिलता आने लगी। प्रथम विश्व युद्ध के समय से तो उपरोक्त प्रकार के स्वतत्र प्रकाड यूरोपीय विद्वानों का इस क्षेत्र मे प्राय: अभाव ही हो गया। केवल पुरातत्त्वादि विभागों से सम्बधित कतिपय राजकाय अधिकारी ही प्रसगवश कुछ कार्य करते रहे। किन्तु साथ ही साथ यह सतोष है कि अनेक जैनाजैन भारतीय विद्वान इन कार्यों के सम्पादन में लगे हुए है।

यद्यपि प्रथम जैन पुस्तक दिगम्बर सम्प्रदाय द्वारा ही सन् १८५० मे मुद्रित कराई गई थी, किन्तु प्रारभ में रूढिग्रस्थ अन्धश्रद्धालु जैन समाज ने छापे का अत्यन्त विरोध किया। एक जैन समाज ने ही क्या, प्रारभ मे हिन्दू समाज ने भी उनका तीव्र विरोध किया। सन् १८६३ मे प्रकाशित श्री गोविन्द नारायण माडगावकर कृत 'मुम्बई वर्णन' नामक पुस्तक के पृ० २४८ पर लिखा है कि—
"हमारे कुछ भोले व नैष्ठिक ब्राह्मण छपे कागज का स्पर्श करते डरते थे और आज भी डरते हैं। बम्बई में और बम्बई के बाहर भी ऐसे बहुत से लोग हैं जो छपी हुई पुस्तक को पढना तो दूर रहा, छपे कागज को स्पर्श तक नही करते हैं।"

यही दशा, बल्कि इससे भी कुछ बुरी दशा जैन समाज की थी। जैनी लोग अपने मन्दिरों के शास्त्र भडारों मे सग्रहीत हस्तलिखित ग्रन्थों को देव प्रतिमा तुल्य पवित्र और पूज्यनीय मानते थे और उनका विधिवत् दर्शन पूजन करना ही अलम् समझते थे। यदि किसी साधु या विद्वान् पडित आदि का समागम हुआ तो पुन· स्नानादि द्वारा शरीर शुद्धि करके मन्दिर मे रखे शुद्ध वस्त्रो को पहन कर दरी आदि के फर्श पर भी चटाई बिछाकर और शास्त्र जी को चौकी पर विराजमान करके बडी विनय पूर्वक उनका वाचन कर श्रद्धालु जनता को सुनाया जाता जाता था। शास्त्र सभा का डिसप्लिन बडा भक्ति और विनय पूर्ण होता था, और प्राय अब तक यही प्रथा है। जिन गृहस्थो को शास्त्र स्वाध्याय का नियम होता वे भी शरीर शुद्ध कर पूजादि के उपयुक्त शुद्ध वस्त्र धोती दुपट्टा आदि पहन मन्दिर के स्वाध्याय भवन मे ही बैठकर विनय पूर्वक उक्त ग्रन्थो का स्वाध्याय कर सकते थे। सामान्य दैनिक वस्त्र चाहे वे कितने भी शुद्ध क्यो न हो उन्हे पहने हुए शास्त्र जी को स्पर्श भी नही किया जा सकता था। शूद्रो का तो मन्दिर में या शास्त्र भडार में प्रवेश भी नही हो सकता था और स्त्रियाँ भी शास्त्रों को नही छू सकती थी। अन्य धर्मावलम्बी सवर्ण व्यक्तियों को भी ये शास्त्र इसलिए नही दिखाये जाते थे कि वे लोग मिथ्याश्रद्धानी होने कारण हमारी देव गुरु के समकक्ष पूज्य जिनवाणी की

विनय, निन्दादि करेंगे । तब फिर उनके छपाने में जो जिसमें कि किसी भी जाति का कोई भी व्यक्ति कैसी भी अपवित्र अवस्था मे, चमड़े के जूते आदि पहने हुए ही उन्हें छूएगा, कहीं भी पटक या डाल देगा, छापे की स्याही में चर्बी आदि महा अपवित्र पदार्थों के होने की संभावना और छापे के विकास के साथ साथ अविष्कृत मशीन से बने महा अशुद्ध कागज पर उनका छपना, छपने के पश्चात् भी उनकी पूर्ववत विनय बनाये रखना असभव होना आदि सर्व प्रकार उन परम पूज्य शास्त्रो की अविनय और विडम्बना ही होगी जो कि एक महापाप होगा । यह सब उस समय की रूढिभक्त और आधुनिक प्रकाश की दृष्टि से अविकसित श्रद्धालू समाज जिसके लिए उक्त शास्त्रो का महत्व केवल धार्मिक ही था, कैसे सहन कर सकती थी । उसकी दृष्टि मे तो यत्न पूर्वक वेष्ठनो मे लिपटे हुए और देव मन्दिरो के सरस्वती भडारो मे विराजमान वे सब ग्रन्थ बिला लिहाज भाषा, भाव, विषय, कर्ता, प्राचीनता, प्रमाणीकता आदि के समान रूप से पूजनीय एव माननीय थे । उनका अन्य कोई महत्त्व या मूल्य उसकी दृष्टि मे था ही नही ।

छापे के इस प्रबल विरोध का बहुत कुछ आभास दिगम्बर जैन महासभा के मुख पत्र हिन्दी जैन गजट वर्ष २ अक १४ (८ मार्च सन् १८९७ ई०) के पृष्ट १३ पर प्रकाशित निम्नलिखित समाचार से हो जाता है—"**जैन शास्त्रों का छपना**—ता० २४ जनवरी सन् १८९७ को जैनोन्नति कारक सभा प्रयाग का १७ वा समागम हुआ । यह समागम इस विषय पर विचार करने के लिये किया था कि '**जैन शास्त्र छपने चाहियें या नहीं** ।' सभा के नियतानुसार स्थानिक जैनियो को इस विषय की सूचना दी गई थी । लाला बच्चूलाल ने जो इस विषय के व्याख्यान दाता नियत किये गये थे बड़े जोर शोर से एक घटे तक जैन शास्त्रो के छपने के निषेध मे बहुत कुछ कहा । उनके पश्चात् बहुत से भाइयो ने उनकी बात को पुष्ट किया किन्तु उनके विपक्ष में किसी ने कुछ भी नही कहा । और उपस्थित महाशयो मे से सबने एक मत होकर इस बात को स्वीकार किया कि हम छपे हुए ग्रथ न लेंगे न पढेंगे न पढ़ावेंगे और इसके प्रचार को यथा शक्ति रोकेंगे ।

जो कि आजकल इस विषय का बहुत कोलाहल है इस वास्ते इस सभा ने प्रयागस्थ जैनियो की अनुमति सर्व साधारण पर प्रकाशित करने के अभिप्राय से इस लेख को मुद्रित कराना आवश्यक समझा।—सभा की आज्ञानुसार सुमतिचन्द्र मन्त्री जैनोन्नति कारक सभा, प्रयाग।

लाला बच्चू लाल जी तथा इनके सहयोगियों के छापा विरोधी कितने ही लेख भी जैन गजट आदि पत्रो मे प्रकाशित हुए थे और अन्य कितने ही स्थानो की जैन पचायतो ने भी उपरोक्त जैसे प्रस्ताव पास किये थे। ता० १७ जनवरी सन् १८९८ के जैन गजट मे प्रकाशित अपने एक लेख मे इन्ही बच्चू लाल ने स्पष्ट लिखा था कि "जैन शास्त्रो का छपाना महान अविनय है अत भयङ्कर पाप बध का कारण है, और जो जैन शास्त्र अजैनो के हाथ मे पहुचे भी हैं वे श्वेताम्बर आम्नाय के ही पहुचे। दिगम्बरो को ऐसी मूर्खता नही करनी चाहिए, उन्हे अपने शास्त्र कदापि नही छपाने चाहिये और न दूसरों के हाथ मे देने की भूल करनी चाहिये।"

इसमे सन्देह नही कि उनके धर्म भीरु और अदूरदर्शी साधर्मियो ने इन सदुपदेशो पर आचरण करने का अथक प्रयत्न किया। अभी १०-१२ वर्ष पूर्व ही जब धवलादि दिगम्बर आगम ग्रन्थो का मुद्रण प्रकाशन प्रारम्भ हो रहा था तो कई एक अनेक पदवियो एव उपाधियों से अलकृत दिग्गज जैन पण्डितो ने आगम ग्रथो के छपाये जाने और गृहस्थो द्वारा उनका पठन पाठन किये जाने का भारी विरोध किया था। आज सन् १९५० मे भी यत्र तत्र ऐसे धर्म भीरु श्रीमान मिल ही जाते हैं। जो छपे शास्त्रो का पढना तो दूर रहा उन्हे छूने मे भी पाप समझते हैं और परम पूज्य जिन वाणी की इस दुर्दशा पर आसू बहाया करते हैं।

किन्तु, समाज मे अब ऐसे विवेकशील व्यक्ति भी उत्पन्न होने लगे जिन्होंने नवीन प्रणाली के अनुसार शिक्षा प्राप्त की थी और जिन्हे पाश्चात्य विचार धाराओ के सम्पर्क में आने का सुयोग मिला था। शनै शनैः उनकी सख्या बढ़ने लगी। ये नव युवक समय के साथ-साथ चलना चाहते थे, प्रगति शील

युग की प्रगति से पिछड़ जाने के लिए तैयार नही थे, वे नवीन सभ्यता के मिल्य प्रकाश मे आने वाले आविष्कारो को अपनाना अन्य समाजों के उन्नतिशील वर्गों की भाति ही अपनी समाज के लिए भी परम आवश्यक समझते थे। उनका विश्वास था कि अब अन्धकार को भेद कर बाहर प्रकाश में आने का युग है, अतएव उन्होंने इरादा कर लिया कि अपने अमूल्य साहित्यिक रत्नों को मुद्रण कला की सहायता से बहुलता के साथ प्रकाश मे लाकर स्वय उनसे अधिकाधिक लाभ उठावें ही, साथ ही दूसरे जिज्ञासुओं को भी अपने धर्म, साहित्य और संस्कृति के अध्ययन करने का तथा महत्व समझने का सुयोग प्रदान करें।

फलस्वरूप १९वी शताब्दी के मध्य के लगभग छापे के पक्ष मे आन्दोलन आरम्भ हुआ। प्रथम पच्चीस वर्षों मे वह कुछ प्रगति न कर पाया किन्तु सन् १८५७ के पश्चात् इस आन्दोलन ने उग्ररूप धारण किया। उधर इस आन्दोलन के बढते हुए बल के साथ-साथ स्थिति पालकों का विरोध भी अधिकाधिक जोर पकडने लगा। वर्तमान शताब्दी के प्रारम्भ तक यह द्वन्द बडे सघर्ष के साथ चला। आन्दोलन कर्त्ताओं को धमकिये दी गई, पीटा गया, जाति से बहिष्कृत किया गया, उनका मन्दिर में आना बन्द किया गया, स्थान स्थान मे इस प्रश्न को लेकर दल बन्दिये हो गई। हमारे नगर मेरठ का ही एक दिलचस्प उदाहरण है। एक महाशय एम० ए० एल० एल० बी० वकील थे और वे उस युग के एम० ए० थे जब प्रान्त भर मे दर्जन दो दर्जन से अधिक एम० ए० नहीं थे। किन्तु वे इतने कट्टर स्थिति पालक थे और धर्म ग्रन्थो की छपाई के तथा छपी पुस्तकों को मन्दिर मे लाने के इतने भारी विरोधी थे कि एक बार जब कुछ नवयुवक आन्दोलन कर्त्ताओं ने देव पूजन को उपयुक्त शुद्ध वस्त्रादि पहन और सामग्री लेकर एक छपी पुस्तक की सहायता से पूजन करने का इरादा किया तो जिस वेदी में देव प्रतिमाएँ विराजमान थी, वे महाशय उक्त वेदी के सामने दोनों हाथों से दुपट्टे का पर्दा तानकर और वेदी को ढक कर खडे हो गये और यह कहा कि किसी प्रकार भी छपी पुस्तक से पूजन

नहीं करने देंगे । जवतक वे पूजोद्यत नवयुवक वेदी गृह मे रहे ये महाशय अपने स्थान से तनिक भी टस से मस न हुए। इसी प्रकार की छापा विरोधी विविध घटनाएं स्थान स्थान मे हुई । तथापि अन्तत. २०वी शताब्दी के प्रथम दसक मे आन्दोलन सफल हो गया और विरोध शिथिल प्राय हो गया ।

इसमें भी सन्देह नही कि उक्त आन्दोलन मे श्वेताम्बर सम्प्रदाय ने कुछ शीघ्र ही सफलता प्राप्त करली थी । श्वेताम्बर समाज में धार्मिक विषयो में उनके बहु संख्यक साधु वर्ग का ही प्रभुत्व रहता आया है, उनके निर्णयो और आदेशो को गृहस्थ जन 'बाबा वाक्य प्रमाणम्' मानते हैं और इस प्रसग में उनकी यह प्रवृत्ति सुफलदायी ही हुई । इन साधुओ मे से कुछ दूरदर्शी महात्माओ को यह सुबुद्धि शीघ्र ही उत्पन्न हो गई कि जब छापा देश मे आ ही चुका है और देर सवेर इसे अपनाना ही होगा तो क्यो न धर्म ग्रन्थो की छपाई पर से शीघ्र ही प्रतिबन्ध हटा दिया जाय । फल यह हुआ कि दिगम्बर साहित्य की अपेक्षा श्वेताम्बर साहित्य बहुत पहिले छपने लगा और सन् १८७० से १८९० के बीच सैकडो श्वेताम्बर ग्रन्थ प्रकाश मे आ गये । सौभाग्य से यह समय ऐसा था जब दर्जनो उच्च कोटि के पाश्चात्य विद्वान् और प्राच्यविद भारतीय धर्मों, दर्शनो, सस्कृति, पुरातन साहित्य एव कला, पुरातत्त्व, जातियों के इतिहास आदि विविध विषयो के अध्ययन मे गहरी दिलचस्पी ले रहे थे । छापे के समर्थक उक्त श्वेताम्बर साधुओं और गृहस्थो ने इन विद्वानो के लिए अपना साहित्य सुलभ कर दिया और उनके द्वारा उसके उपयोग मे किसी प्रकार की रुकावट डालने के स्थान मे उल्टा उन्हे भरसक प्रोत्साहन, सहयोग और सुविधा प्रदान की ।

परिणामस्वरूप, जबकि १९ वी शताब्दी के मध्य तक बाह्य जगत के विषयो मे साधारण जीर्ण रुचि रखने वाले विद्वानो को जैन विषयक जो कुछ टूटी फूटी अल्प जानकारी जैनेतर भारतीय साहित्य से जैन समाज के किसी अ ग विशेष बाह्य सम्पर्क के कारण, अथवा शीघ्र ही ध्यान को आकर्षित कर लेने वाले किसी जैन पुरातत्त्व से हुई थी तथा उसी से सतोष कर इन विद्वानो

मे इस धर्म और समाज के विषय मे अपनी अपनी धारणायें बनाती और प्रकट करती थीं, अब उसी शताब्दी के अंतिम चतुर्थांश में इस दिशा में कार्य करने वाले प्रतिभाशाली विशेषज्ञों को स्वयं जैन साहित्य और जैनों का ही सहयोग प्राप्त हो गया। उन्हें यह भी बताया गया कि वास्तविक, मौलिक, सर्वप्राचीन और अधिकांश जैन साहित्य यही (श्वेताम्बर आम्नायि) है। ऐसा बताये जाने पर उसे वैसा ही न मानने का उनके लिए कोई कारण भी न था। अतएव उक्त विशेषज्ञो और उनके अनुकर्ता भारतीय विद्वानो का जैनाध्ययन तथा उनके तत्संबंधी अधिकाश निर्णय उसी साहित्य के आधार पर आधारित हुए, और इस कारण वे कुछ सदोष रहे तथा अशतः ही सत्य हो सके। किन्तु इसके लिए न वे जैनेतर विद्वान ही दोषी हैं और न दूर दर्शी श्वेताम्बर साधु और उनके गृहस्थ अनुयायी ही। यदि कोई दोषी है तो वे दिगम्बर जैन पडित और श्रीमान है जो अपनी समाज मे बहु सख्यक शिक्षितों और अनेक श्रेष्ठ विद्वानो के होते हुए भी परस्पर की तनातनी और आन्दोलन के पक्ष विपक्ष मे पड़कर इतनी दूर तक देख ही नही सके और सभवतया आज भी इस दिशा मे उपयुक्त दृष्टि प्राप्त करने मे सफल नही हो सके।

अस्तु, जैन पुस्तक साहित्य के इतिहास का प्रारभ सन् १८५० अथवा विक्रम सवत् १९०० के लगभग से होता है। आधुनिक शैली मे व्यवस्थित जैनाध्ययन का प्रारंभ और हिन्दी जैन साहित्य के आधुनिक युग का प्रारंभ भी इसी समय से होता है। स्वय अखिल भारतीय दृष्टि से भी राष्ट्रीयता का उदय, सांस्कृति अध्ययन का प्रारंभ और हिन्दी साहित्य का आधुनिक युग भी सन् १८५७ के स्वातन्त्र्य समर के उपरान्त ही सन् १८६० से अथवा वि० सं० १९२० के लगभग से ही माना जाता है।

युग विभाजन—की दृष्टि से, विशेषकर दिगम्बर जैन साहित्य के मुद्रण प्रकाशन के इतिहास को तीन युगो मे विभाजित किया जा सकता है—(१) आन्दोलन युग सन् १८५०–१९०० ई०, (२) प्रगति युग सन् १९००–१९२५, और (३) वर्तमान युग—१९२५ के उपरात।

(१) आन्दोलन युग (१८५०-१९००)—जैन साहित्य प्रकाशन के इस प्रथम युग में धार्मिक साहित्य के मुद्रण प्रकाशन का आन्दोलन आरंभ हुआ। प्रथम पचीस वर्षों (१८५०-७५) मे इस आन्दोलन ने प्रायः कोई प्रगति नहीं की और इस बीच मे दो चार पुस्तके छपी हो तो छपी हो, किन्तु उनके विषयमें कुछ ज्ञात नही। सन् १८७५ और १९०० के बीच आन्दोलन ने वास्तविक जोर पकड़ा और प्रवल विरोध के होते हुए भी पुस्तकें छपने लगी। यह समय भी आन्दोलन के अत्यन्त अनुकूल पडा। देश की तत्कालीन जैन समाज की बाह्य परिस्थितिये भी. चाहे परोक्ष रूप से ही सही, उसकी प्रगति और सफलता में अत्यधिक सहायक सिद्ध हुई। सन् १८५७ के स्वातत्र्य समर के उपरान्त दस पाँच वर्ष तो उक्त असफल महान राजनैतिक क्रान्ति से उत्पन्न व्यापक आतंक के शान्त होने में लगे, किन्तु धीरे धीरे महारानी विक्टोरिया की, कम से कम बाह्यत उदार नीति के कारण तथा युद्ध, विद्रोह, दगे आदि के अभाव में १९ वी शताब्दी का शेष उत्तरार्ध भारतीय प्रजा के लिए विदेशी शासन के अंतर्गत सर्वाधिक शान्ति पूर्ण रहा। समय की आवश्यकता और राज्य के प्रोत्साहन से शिक्षा का भी प्रचार बढा, विश्व विद्यालय स्थापित होने लगे, स्थान स्थान मे स्कूल कालिज खुलने लगे। अंगरेजी मे ही नही भारतीय भाषाओ मे भी समाचार पत्र प्रकाशित होने लगे। यूरोप आदि समुद्र पार विदेशो मे भी कितने ही उत्साही एव निर्भीक भारतीय गमनागमन करने लगे। रेल पथ की स्थपना और डाक तार आदि की द्रुत व्यवस्था, जन साधारण को कूप मडूकता से बाहर निकालने लगी। अंगरेजी शासन मे भारत वर्ष की सनातन एकता प्रत्यक्ष होने लगा, सम्पूर्ण देश और समाज की राष्ट्रीय तथा सामाजिक उन्नति के इच्छुक और उनके लिये प्रयत्न शील नेता भी उत्पन्न होने लगे। सन् १८८६ मे राष्ट्रीय महासभा कांग्रेस की स्थापना हुई जिससे एक प्रकार के राष्ट्रीय राजनैतिक आन्दोलन का भी श्रीगणेश हो गया। पाश्चात्य विचार धाराओ की निरन्तर लगने वाली टक्करो और बढ़ती हुई बहुज्ञता के फल-स्वरूप भारतीयो के सामाजिक एवं धार्मिक दृष्टिकोणो मे भी विवेक, उदारता

और विशालता लाने की आवश्यकता प्रतीत होने लगी। धार्मिक, अन्धविश्वास अशिक्षा अथवा कुशिक्षा जन्य नाना प्रकार के वहम, जातिपाति, छुआछूत, रूढ़ि पालकता, स्त्री जाति के प्रति अन्याय, बाल विवाह, वृद्ध विवाह, बहु विवाह, अनमेल विवाह, विधवा विवाह, दहेज आदि विनाशकारी कुरीतियाँ एवं कुप्रथाएं देश और समाज के भक्तों को बुरी तरह व्याकुल करने लगी। फलस्वरूप राजा राममोहनराय तथा महर्षि देवेन्द्रनाथ ठाकुर आदि सुधारकों ने बंग प्रदेश में उत्कट सुधारवादी ब्राह्म समाज की स्थापना की, किन्तु यह संस्था बगाली समाज में ही सीमित रही। ब्राह्म समाज से कहीं अधिक व्यापक स्वामी दयानन्द सरस्वती का आर्य समाज आन्दोलन रहा। आर्य समाज ने जहाँ भोले हिन्दू समाज के ईसाई मिशनरियों और मुसलमान गु डो के प्रयत्नो के कारण दिन प्रति दिन क्षीणतर होते जाने मे सफल रोक लगाई, जहा उसने सनातन हिन्दू धर्म में आ घुसे अनेक वहमों, अन्धविश्वासो, पोपडम आदि के प्रति उसे सजग किया, और उसकी अनेक कुरीतियां छुडाईं, वहाँ मिथ्या धार्मिक दम्भावेश मे और जान बूझ कर अनभिज्ञ रहते हुए वैदिक एव हिन्दू धर्म के चिर कालीन सगी सम्बधी जैनादि धर्मों का कुत्सित परिहास और खडन भी किया तथा उनके विषय मे मिथ्या एव भ्रान्ति पूर्ण धारणाएं फैलाई।

तथापि आर्य समाज और उसके नेताओ की इस प्रवृति का परिणाम जैन समाज के हक मे अच्छा ही हुआ। वह भी सचेत हो गया और उसके सुधारवादी नेताओ को अपने पक्ष मे एक और प्रबल युक्ति मिल गई। अब जैन धर्म और समाज की रक्षार्थ आर्य समाज के आक्षेपो का सयुक्तिक परिहार करना आवश्यक था, उन्हें समुचित प्रत्युत्तर देने थे, और अपने साहित्य को प्रकाश मे लाकर उनके तथा उनके द्वारा फैलाये गये भ्रमों एव मिथ्या कथनो का निराकरण करना था। अतएव आर्य समाज द्वारा किये गये आक्षेपों को लेकर जैनों द्वारा भी उस युग की शैली मे अनेक खंडन मंडनात्मक पुस्तकें लिखी गईं और प्रकाशित की गईं। प्रारभ में फर्रुखनगर निवासी ज्योतिषी वैद्य पं०

[illegible] जैनी ने इस आर्य जैन द्वन्द्व का नेतृत्व किया, उन्होंने स्वयं आर्य समाज के मन्तव्यों के विरोध में कई पुस्तकें लिखी, आर्य समाजी विद्वानों से अनेक शास्त्रार्थ किये, जैन ज्योतिष का भी प्रचार किया तथा जैन पञ्चांग का प्रकाशन आरंभ किया, और सन् १८८४ मे 'जैन प्रकाश' नामक एक समाचार पत्र निकाला जोकि जैन समाज का सर्व प्रथम सामयिक पत्र था। देवबंद निवासी स्व० बा० सूरजभान जी वकील ने, जोकि जैन छापा आन्दोलन के प्राण थे, इस परिस्थिति से पूरा पूरा लाभ उठाया। सामाजिक अत्याचार, बहिष्कार, अपमान, लाञ्छना आदि अनेक विघ्न-बाधाओ और अड़चनों की अवहेलना करते हुए वे सफलता प्राप्त करते ही चले गये। आर्य समाज के प्रति खडन मडन मे भी उन्होने पर्याप्त भाग लिया। शनै.-शनै. उनके सहयोगियों की संख्या पर्याप्त हो गई, जिनमे कि प० चन्द्रसेन जैन वैद्य इटाया, प० जुगलकिशोर मुख्तार सरसावा, प० मगलसेन जैन वेद विशारद, मा० बिहारीलाल चैतन्य बुलन्दशहरी, ला० शिब्बा मल, अम्बाला छावनी, ला०ज्योति प्रशाद प्रेमी, देवबन्द विशेष उल्लेखनीय है। इस खडन मडन के लिए अपने आर्ष ग्रन्थो में निबद्ध जैन सिद्धात के वास्तविक रहस्य को जानने और समझने की भी आवश्यकता थी और इस त्रुटि की पूर्ती स्व० गुरुवर्य प० गोपाल दास जी बरैया ने की, जोकि अपने समय के सर्व श्रेष्ठ जैन सिद्धात पारगामी एव दार्शनिक तो थे ही साथ ही साथ उदार विचारक एव सुधारवादी विद्वान भी थे। उन्होंने स्वय भी आर्य समाजी विद्वानो के साथ कई शास्त्रार्थों मे भाग लिया। उनके सहयोग से आर्य समाज विरोधी और छापा प्रचार सम्बधी दोनो ही आन्दोलनों को भारी बल मिला। धीरे धीरे जैन आर्य द्वन्द शिथिल होने लगा, अब थोड़े से ही विद्वान उनके लिए पर्याप्त थे, जिनके प्रयत्नो के फलस्वरूप और विशेष कर ला० शिब्बामल के उत्साह पूर्ण सहयोग से आगे चलकर अम्बाला दिगम्बर जैन शास्त्रार्थ सघ की स्थापना हुई। कई दशक पर्यन्त इस संघ के विशेषज्ञ विद्वानो और वादियो ने आर्य समाज से खूब लोहा लिया। कुछ समय के उपरात इसकी भी आवश्यकता नही रह गई। फलस्वरूप उक्त सघ ने अब

[illegible] नाम, उद्देश्य, स्थान और कार्य क्षेत्र सभी में परिवर्तन कर [illegible] है।

गदर के बाद नवीन शासन व्यवस्था की स्थापना के साथ ही साथ ब्राह्मण जैन विद्वेष एक अन्य दिशा मे भी चरितार्थ हुआ। विदेशी शासकों की अनभिज्ञता का अनुचित लाभ उठाकर सनातनी हिन्दुओं ने स्थान स्थान में जैन रथोत्सव और मन्दिर निर्माण का भी विरोध किया और ,जैनी दण्डिनम्' जैसी अत्यन्त आक्षेपपूर्ण पुस्तकें प्रकाशित की। उभय पक्ष मे मुकदमे बाजियाँ भी हुई, और तत्सम्बधी खडन मडनात्मक साहित्य भी प्रकाशित हुआ। किन्तु तत्कालीन सरकार ने सर्व धर्म स्वातन्त्र्य तथा किसी के धार्मिक मामलो मे हस्तक्षेप न करने की अपनी नीति स्पष्ट घोषित करदी थी जिसके फलस्वरूप जैनी इस आक्रमण से भी अपने धार्मिक सत्वो की रक्षा करने मे सफल हुए।

बा० सूरज भान जी वकील को जैन समाज का दादा भाई नौरोजी ठीक ही कहा जाता है। उनकी समाज सेवा का काल इस युग मे सर्वाधिक दीर्घ होने के साथ ही सर्वतोमुखी भी रहा है। उन्होने अपने उत्साही सहयोगियों के साथ समाज मे शिक्षा प्रचार करने का, विशेषकर स्त्रियो और बालिकाओं की शिक्षा का, जिसका कि विरोध स्थिति पालक दल छापे की भांति ही दृढता के साथ कर रहा था, बीड़ा उठाया। स्थान-स्थान में जाकर प्रचार करना, व्याख्यान देना, शास्त्र का पठन और स्वाध्याय प्रेम बढ़ाना, बाल एवं कन्या पाठशालायें खुलवाना, छोटे २ सरल ट्रैक्टों तथा व्याख्यान मालाओं द्वारा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयत्न करना आदि अनेक समयोपयोगी प्रोग्राम इन्होने अपनाये। बा० सूरजभान जी ने स्वय अपने सम्पादकत्व में 'जैन ज्ञान प्रकाश' (हिन्दी) 'जैन हित उपदेशक' (उर्दू) जैसे समाचार पत्र निकाले। सन् १८६६ में पं० चुन्नीलाल, मुन्शी मुकन्दलाल व पं० प्यारे लाल आदि के सहयोग से मथुरा में दिगम्बर जैन महा सभा की स्थापना हुई और सन् १८६४ से उक्त सभा ने [illegible] पत्र 'जैन गजट' (हिन्दी) निकालना प्रारंभ

किया। कालान्तर मे सभा की नीति से मतभेद होने के कारण कुछ अधिक सुधारवादी सज्जनों ने जैन यंग मेन्स एसोसियेशन (भारत जैन महा मण्डल) की स्थापना की, जिसने जैन गजट नाम से ही अग्रेजी भाषा मे अपना एक मासिक पत्र निकालना प्रारभ किया। हिन्दी जैन गजट अभी तक महा सभा की ओर से ही निकल रहा है। सन् १८९७ के अत मे महा सभा ने अपने एक अधिवेशनमे बालिका-शिक्षाके पक्षमे भी प्रस्ताव पास कर दिया था। महासभा के प्रचारक ग्राम २ मे पहुचे। उदाहरणार्थ लेखक के मातामह स्व० ला० शिताबराय जी ने, जो जिला मेरठ की तहसील बागपत, परगना बडौत के सुदूरस्थ ग्राम ख्वाजा नगला के निवासी थे और महासभा के एक उत्साही सदस्य और कार्यकर्त्ता थे, आस पास के कितने ही ग्रामो के जैनियो मे शिक्षा प्रचार का स्तुत्य प्रयत्न किया था और कई एक जाट, बढई आदि अजैनो को जैनी बनाया, जो कि आजन्म इस धर्म के भक्त रहे।

इसी युग मे शोलापुर के प्रसिद्ध समाज सेवी सेठ रावजी हीराचन्द नेमचन्द दोशी ने समय की आवश्यकता का अनुभव करते हुए, सितम्बर सन् १८८४ ई० मे 'जैन बोधक' नामक मराठी-हिन्दी-गुजराती पत्र की स्थापना की थी। सन् १८९३ मे दि० जैन महासभा के मथुरा मे होने वाले चतुर्थ वार्षिक अधिवेशन मे जब छापे के प्रश्न को लेकर घोर वादविवाद हुआ तो उक्त राव जी ने छापे का जोरदार समर्थन किया था और उसी समय से उन्होने अपने जैन बोधक मे शास्त्रीय प्रमाणो और युक्तियो के द्वारा छापा आन्दोलन को अत्यधिक प्रोत्साहन देना प्रारम्भ कर दिया। महासभा के इसी अधिवेशन मे प्रबल विरोध के रहते हुए भी छापे के पक्ष मे प्रस्ताव पास हो गया तथा महासभा के मुख पत्र जैन गजट के निकाले जाने की योजना हुई।

इसी समय प्राचीन आर्ष सैद्धान्तिक ग्रन्थो के अध्ययन की प्रवृत्ति भी चल पड़ी जिसमे पं० गोपालदास जी बरैया विशेष सहायक हुए। अभी तक दिगम्बर आम्नाय मे आगम के रूप में ग्रन्थराज गोमट्टसार की ही प्रसिद्धि और प्रचलन था, किन्तु अब यह बात सुस्पष्ट रूप से प्रकाश मे आई कि गोमट्ट-

सारादि के भी आधार भूत अति प्राचीन एवं विशालकाय ग्रन्थ धवलादि हैं जिनकी एक मात्र ताडपत्रीय प्रति मैसूर राज्य के अन्तर्गत मूडबद्री के प्राचीन शास्त्र भण्डार मे सुरक्षित है। अतएव उक्त राव जी ने उन महान आगम ग्रन्थों के उद्धार का प्रयत्न चालू कर दिया। इस कार्य में उन्हे उन्ही जैसे धर्म प्राण समाज सेवी धनिक आरा निवासी स्व० बा० देवकुमार जी तथा बम्बई के दानवीर सेठ माणिकचन्द्र जी जौहरी जे० पी० आदि सज्जनो का बहुमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ। इन महानुभावों के २५-३० वर्ष पर्यन्त सतत् उद्योग करते रहने के फलस्वरूप धवलादि ग्रन्थो की प्रतिलिपिया मूडबद्री के भण्डार की सीमा के बाहर निकल आई। बा० देवकुमार जी ने आरा मे जैन सिद्धान्त भवन (दी सैन्ट्रल जैना ओरियटल लाईब्रेरी) नामक महत्त्वपूर्ण जैन पुस्तकालय एव सग्रहालय की स्थापना करके साहित्यिक शोध खोज एव ग्रन्थ प्रकाशन के कार्य को और भी प्रगति दी। दान वीर सेठ माणिकचन्द के उद्योग से अखिल-भारतीय जैनो के विवरण से युक्त एक जैन डायरेक्टरी प्रकाशित हुई। माणिकचन्द्र दि० जैन० ग्रन्थ माला तथा माणिकचन्द्र दि० जैन परीक्षा बोर्ड बम्बई की स्थापना का श्रेय भी इन्हे ही है, और दि० जैन महासभा की बम्बई प्रान्तीय शाखा के प्रमुख कार्यकर्त्ता भी यही थे।

साहित्य प्रचार और छापे के भारी समर्थक बाल ब्रह्मचारी प० पन्नालाल जी बाकलीवाल ने काशी मे दिगम्बर जैन सिद्धान्त प्रकाशनी सस्था की स्थापना की और उसके अपने ही प्रेस मे जयपुर आदि मे हाथ से बने शुद्ध स्वदेशी कागज पर शास्त्राकार खुले पन्नो मे, अपने यहाँ ही तैयार की गई स्याही से सवर्ण कर्मचारियो की सहायता द्वारा धार्मिक ग्रन्थो का मुद्रण प्रकाशन प्रारम्भ किया। इस योजना द्वारा उन्होने स्थिति पालक दल के विरोध की तीव्रता को अत्यन्त शिथिल कर दिया। काशी में थोड़े ही काल रहने के उपरान्त यह सस्था कलकत्ते को स्थानान्तरित करदी गई। संस्था को वहां चालू करके बाकलीवाल जी बम्बई चले गये जहाँ उन्होंने 'देश-हितैशी पुस्तकालय' नामक एक सार्वजनिक हिन्दी प्रकाशन संस्था

को जन्म दिया और 'जैन हितैषी' नामक पत्र भी निकालना आरम्भ किया। थोड़े समय के उपरान्त उन्होंने इन दोनों को जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय और जैन हितैषी (मासिक) के रूप में परिवर्तित कर दिया। आगे चलकर उपरोक्त सस्था की ही एक शाखा 'हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय बम्बई के नाम से प्रसिद्ध हुई। बाकलीवाल जी ने ही सर्व प्रथम बंगाली समाज मे जैन धर्म का प्रचार करने का विचार किया और उसके हेतु बगला भाषा मे 'जैन धर्मेर किंचित परिचय' तथा 'जैन सिद्धान्त दिग्दर्शन' नामक पुस्तकें सन् १९१० मे निर्माण की। बगला पत्र 'जिनवाणी' के जन्मदाता भी यही थे।

इस प्रकार इस युग के अन्त तक छापा आन्दोलन प्रायः सफल हो गया था। विरोध उसके पश्चात् भी दसियो वर्ष चलता रहा किन्तु वह पर्याप्त शिथिल ही गया था। इस युग के प्रकाशनो मे निम्नोक्त तीन प्रकार की पुस्तकों का ही बाहुल्य था–(१) धार्मिक खण्डन मण्डनात्मक, विशेषकर आर्य समाज के आक्षेपों को लक्ष्य मे रखकर, (२) मोटी मोटी सामाजिक कुरीतियो के निवारणार्थ लिखे गये छोटे छोटे ट्रैक्ट आदि, (३) पूजा पाठ, भजन विनती, व्रत कथाएं, कतिपय पुराण चारित्र आदि ग्रन्थ।

इस युग मे पुस्तक प्रकाशन का कार्य विभिन्न व्यक्तियो द्वारा स्वतन्त्र रूप से प्राय. निस्वार्थ एव धर्मार्थ भाव से ही अधिक चला। लाहौर के हकीम ज्ञानचन्द्र जैनी तथा देवबन्द-सहारनपुर के ला० जैनीलाल ने विशेषकर तीसरे प्रकार की छोटी छोटी पस्तकें बहु सख्या मे प्रकाशित की। खण्डन–मडनात्मक साहित्य विशेषकर फर्रुखनगर, इटावे, अलीगढ़ और सहारनपुर से प्रकाशित हुआ।

इन सबके अतिरिक्त, इसी युग मे हिन्दी भाषा और साहित्य के आधुनिक युग का प्रारम्भ हुआ। लोक भाषा और लोक साहित्य के रूप मे उसकी स्वतन्त्र सत्ता को प्रतिष्ठित करने के प्रयत्न चालू हुए। आधुनिक खड़ी बोली की नवीन गद्य पद्य शैलियों का सूत्रपात हुआ। हिन्दी के पुस्तक प्रकाशन और सामयिक

पत्र सचालन का प्रारम्भ हुआ ; और इस सार्व-हिन्दी आन्दोलन का प्रवर्तन एवं प्रधान नेतृत्व किया राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द सी०एस०आई० ने । राजा शिवप्रसाद जी जैन सज्जन थे और सरकारी शिक्षा विभाग के एक उच्च पदाधिकारी थे । ये हिन्दी के भारी समर्थक, प्रचारक और पक्षपाती थे । उर्दू और अंग्रेजी के पक्षपातियो के तीव्र विरोध को चुनौती देकर उन्होंने हिन्दी की अकाल मरण से रक्षा की और शिक्षा विभाग मे उसकी सत्ता को अक्षुण्ण बना दिया । उन्होंने हिन्दी मे शिक्षा सम्बन्धी एव लोकोपयोगी कितनी ही पुस्तके स्वयं लिखी तथा दूसरो से लिखाई । उनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'इतिहास तिमिर नाशक' की कोई दिन बड़ी ख्याति रही । एक प्रकार से आ-धुनिक खड़ी बोली के आप जन्मदाता ही समझे जाते हैं । स्वय भारतेन्दु बा० हरिश्चन्द्र इन्हे अपना गुरु मानते थे, और उन्होने अपना 'मुद्राराक्षस नाटक इन्हे ही समर्पित किया था ।

इलाहबाद निवासी, खण्डेलवाल जैन बा० रतनचन्द्र वकील भी हिन्दी के इस युग के अच्छे लेखक थे । उनका 'नूतन चरित्र' इण्डियन प्रेस, प्रयाग ने प्रकाशित किया था । न्याय सभा नाटक, भ्रमजाल नाटक, चातुर्यार्णव, वीरनारायण, इन्दिरा, हिन्दी उर्दू नाटक आदि उनकी कई अन्य रचनायें भी, जिनमे से कुछ मौलिक कुछ अंग्रेजी आदि से अनूदित तथा कुछ आधार लेकर लिखी गई थी, मुद्रित प्रकाशित हुई ।

आरा के जमीदार अग्रवाल जैनी बा० जैनेन्द्र किशोर, आरा की नागरी प्रचारिणी सभा तथा प्राचीन समालोचक सभा के उत्साही कार्यकर्ता थे । ये हिन्दी के सुलेखक और सुकवि थे । उनके द्वारा रचित खगोल विज्ञान, कमलि-नी, मनोरमा उपन्यास आदि कई पुस्तके तथा जैन कथाओ के आधार से लिखे हुए सोमासती प्रभृति कई नाटक प्रहसनादि छपे थे । इन्होने हिन्दी जैन गजट का भी कई वर्ष सम्पादन किया और आरे की नागरी हितैषिणी पत्रिका मे इनका जीवन चरित्र भी प्रकाशित हुआ ।

श्री [illegible] मि० जैन वैद्य जयपुर के निवासी थे । ये राजवैद्य

एशियाटिक सोसाइटी तथा थियोसीफिकल सोसाइटी के भी सदस्य थे। कई देशीय भाषाओ पर इनका अधिकार था किन्तु हिन्दी के ये बड़े प्रेमी थे और नागरी के प्रचार मे सदैव प्रयत्नशील रहते थे। आपने हिन्दी के कई समाचार-पत्र निकाले जिनमें सर्वप्रसिद्ध 'समालोचक' था जिसे आपने बड़े परिश्रम और अर्थ व्यय से चार वर्ष तक निकाला। इस पत्र मे बडे मार्के के लेख निकलते थे। इसके कारण हिन्दी ससार मे आपकी बडी ख्याति हुई। नागरी प्रचारिणी सभा के बडे सहायक थे और जयपुर मे एक 'नागरी भवन' नामक श्रेष्ठ पुस्तकालय स्थापित किया। कमल मोहिनी भँवरसिंह नाटक, व्याख्यान प्रबोधक और ज्ञान वर्णमाला, ये तीन पुस्तक उन्होंने स्वय लिखी थी तथा 'सस्कृत कवि पचक' आदि हिन्दी के कई अच्छे ग्रथ इन्होने अपने ही खर्चे से प्रकाशन कराये थे।

इस प्रकार, जैन साहित्य प्रकाशन के इस प्रथम युग मे भी जैन समाज ने सर्वतोमुखी योग दान किया।

२. प्रगति युग (सन् १९००---१९२५ ई०):—

पच्चीस वर्ष का यह काल जैन प्रकाशन का प्रगति युग कहा जा सकता है। इस युग मे अन्य मतो के खडन मडन का कार्य, जैसा कि ऊपर सकेत किया जा चुका है, सीमित, संकुचित एव शिथिल होता चला गया। तथापि, उसी के कारण जो कितने ही जैन अनेक सनातनी हिन्दुओ की भाँति, स्वधर्म की वास्तविकता से अनभिज्ञ होने के कारण धर्म त्याग करते चले जा रहे थे उस मे भारी रोक थाम हो गई। प्रत्युत कुँवर दिग्विजयसिंह, बाबा भागीरथ जी वर्णी, पं० गणेश प्रसाद जी, मु० कृष्ण लाल वर्मा, महर्षि शिवव्रत लाल वर्मन, प्रो० धर्मचन्द्र, स्वामी कर्मानन्द जी आदि अनेक कट्टर जैन विरोधी जैनेतर विद्वान भी जैन धर्म के परम भक्त और उत्कट प्रचारक हो गये।

अब समाजगत मोटी मोटी कुरीतियों की ओर सकेत मात्र करना पर्याप्त नही रह गया। सामाजिक सगठन को दृढ़ करने और विवाह संस्था सम्बन्धी विभिन्न धार्मिक सामाजिक प्रश्नों की विशद मीमासा करने की आवश्यकता

हुई। बाल विवाह वृद्ध विवाह बहु विवाह आदि का विरोध अन्तर्जातीय विवाह और विधवा विवाह का समर्थन, विवाह आदि में फिजूल खर्ची पर प्रतिबन्ध, वेश्या नृत्य, भडवे, नक्कालो आदि का नाच गाना और कन्या विक्रय की बन्दी, दहेज मे कमी, जैनविधि से सस्कारो का किया जाना, आदि सुधारों का प्रचार किया जाने लगा। स्त्री शिक्षा, दस्सा पूजाधिकार तथा शुद्धि आन्दोलन उठाये गये देवबन्द के एक जैनी वकील जो मुसलमान हो गये थे उन्हें बा० सूरजभान जी और उनके साथियों ने तीव्र विरोध की उपेक्षा करके फिर से जैनी बनाया और समाज मे शामिल किया। दस्सो के पूजाधिकार को लेकर मेरठ मे एक युगान्तरकारी मुकद्दमे बाजी भी हुई जिसमे प० गोपाल दास जी बरैया ने भी दस्सा पूजाधिकार का ही समर्थन किया। श्राविकाश्रम, विधवा-श्रम, अनाथालय, गुरुकुल, छात्रालय आदि खोले गये। और अखिल भारतीय जैन समाज के विभिन्न उपसम्प्रदायो के बीच सद्भाव एव सामञ्जस्य स्थापित करने के प्रयत्न चालू हुए। किन्तु साथ ही तीर्थों को लेकर उभय सम्प्रदायों के मध्य मुकद्दमेबाजी भी खूब चल निकली। इन कार्यों मे भी प्राय बा० सूरज भान जी ही अग्रणी थे, उनके कई एक साथियो ने अपनी शुद्ध साहित्यिक अभि-रुचि के कारण प्रचार कार्य मे धीरे धीरे उनका साथ छोड दिया, किन्तु उनके स्थान मे उन्हे कितने ही अन्य उत्साही साथी प्राप्त होते गये, और उपरोक्त विषयो एव समस्याओ पर भी पर्याप्त साहित्य प्रकाशित हुआ।

समाज सुधार के अतिरिक्त इस युग की दूसरी प्रवृति धर्म प्रचार थी। आर्य समाज के बढते हुए प्रचार से प्रभावित होकर जैन नेताओं ने भी वाह्य जनता मे स्वधर्म प्रचार करना प्रारम्भ किया। इस कार्य का श्रीगणेश वस्तुत. पंजाबी स्थानकवासी (बाद को श्वेताम्बर मन्दिर मार्गी) साधु स्वामी आत्मा-राम जी ने किया था। उन्होने अन्य जैन नेताओ के साथ साथ आर्य समाज के विरोध का दृढता से मुकाबला किया, जैनियों का स्थितिकरण किया और कई एक अग्रेजो को भी जैन बनाया। उन्होंने स्वयं कई पुस्तकें लिखी तथा उनकी स्मृति मे स्थापित आत्माराम जैन ट्रैक्ट सोसाइटी अम्बाला से अनेक उपयोगी

हुई कुछ प्रचारार्थ प्रकाशित हुए। जिस प्रकार स्वामी रामकृष्ण परमहंस के प्रतिभाशाली शिष्य स्वामी विवेकानन्द अमेरिका आदि देशो में हिन्दू धर्म का प्रचार करने के लिये गये थे, उसी प्रकार और लगभग उसी समय स्वामी आत्माराम के सुयोग्य शिष्य स्व० वीरचन्द राघव जी गांधी भी स्वगुरु की प्रेरणा से यूरोप अमेरिका आदि मे जैन धर्म के प्रचारार्थ गये और उन्होने शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में भी महत्त्व पूर्ण भाग लिया। उनके पश्चात् स्व० बैरिस्टर, जगमन्दर लाल जैनी, चीफ जज इन्दौर ने तो यूरोप मे जैन धर्म प्रचार को अपने जीवन का व्रत ही बना लिया था। उन्होने कई बार विदेश यात्रा की और इग्लैंड मे तो वे पर्याप्त समय तक रहे भी। कितने ही अंगरेजो को उन्होने जैनी बनाया जिनमे श्री हर्बर्ट वारेन, जे० गौर्डन उनकी पत्नी आदि उल्लेखनीय है। इन जे० एल० जैनी ने ही लन्दन मे 'ऋषभ जैन फ्री लैन्डिंग लायब्रेरी' नामक पुस्तकालय तथा जैन केन्द्र की स्थापना की, जैन धर्म पर अंग्रेजी मे स्वय कई स्वतन्त्र पुस्तके लिखी तथा तत्त्वार्थ सूत्रादि प्राचीन ग्रन्थों के अनुवादादि तैयार करके प्रकाशित कराये, वर्षो पर्यन्त अंगरेजी जैन गज़ट का योग्यता के साथ सुसम्पादन किया, और मृत्यु के समय अपनी समस्त सम्पत्ति का इन्ही उद्देश्यो मे उपयोग किये जाने के लिये एक ट्रस्ट कर गये। उन्ही की भाँति स्व० बैरिस्टर चम्पतराय जी ने भी विदेशो मे जैन धर्म प्रचार को ही अपना लक्ष्य बनाया, इसी उद्देश्य से अनेक बार यूरोप और अमेरिका की यात्रा की और कितने ही यूरपियन स्त्री पुरुषो को जैन धर्म मे दीक्षित किया। जैन धर्म पर अंगरेजी मे जो स्वतन्त्र पुस्तके लिखी गई उनमे बैरिस्टर साहब की कृतिये ही सर्वाधिक है। इन्होने अपने पिता की स्मृति मे देहली मे 'सोहन लाल बाँकेराय जैन एकेडेमी' की स्थापना की और अपनी समस्त सम्पत्ति को विदेशो मे जैन धर्म का प्रचार करने के लिये दान कर दिया। वाड़ीलाल मोतीलाल शाह, ऋषभदास वकील, पारसदास खजानची, रा० ब० लट्ठे, पूर्णचन्द्र नाहर, मुन्शी लाल एम० ए०, डा० बनारसी दास, ब्रा० अजित प्रसाद ब्र० शीतल प्रसाद आदि सज्जनों ने भी अंगरेजी पत्र पत्रिकाओं मे प्रकाशित

निबन्धो तथा स्वतन्त्र पुस्तकों के रूप में अंगरेजी जैन साहित्य का निर्माण किया।

जे० एल० जैनी, पं० अर्जुनलाल सेठी, महात्मा भगवान दीन, मा० चेतनदास, बा० अजित प्रसाद आदि महानुभावों की जो भारत जैन महामंडल को लेकर एक बुहद् टीम बन गई थी उसके वास्तविक प्राण थे। आरा निवासी कुमार देवेन्द्र प्रसाद, ये महा उद्यमी, निस्वार्थ एवं सच्चे 'स्वयं सेवक' थे और हिन्दी के भी सुलेखक थे। स्याद्वाद विद्यालय काशी के सन् १९१४ के वार्षिकोत्सव जैसे कई महत्त्व पूर्ण आयोजन इन्होंने किये जिनमें उच्च कोटि के संसार प्रसिद्ध देशी विदेशी अजैन विद्वानों यथा डा० हर्मन जैकोबी डा० वान ग्लेजनेप, प्रो० जे हर्टेल, डा० एनी बेसैन्ट, म० म० डाक्टर सतीशचन्द्र विद्याभूषण, डा० टी० के लड्डू, म० म० प्रो० राममिश्र, महर्षि शिवव्रत लाल वर्मन इत्यादि को निमन्त्रित करके जैन धर्म पर उनके महत्त्व पूर्ण ऐतिहासिक भाषण कराये और जैन साहित्य एवं कला की प्रदर्शनिये की। इन आयोजनों के परिणाम स्वरूप जैनधर्म के विषय मे कम से कम जैनेतर विद्वत्समाज की अभिज्ञता तो बहुत बढ़ गई, उनके अनेक भ्रम दूर हो गये और यह धर्म तथा इसकी सस्कृति सम्मान पूर्ण अध्ययन की वस्तु समझे जाने लगे। कुमार देवेन्द्र प्रसाद जी के ही प्रयत्नो से 'सेन्ट्रल जैन पब्लिशिग हाउस, की स्थापना हुई और उससे 'सेक्रेड बुक्स आफ दी जेन्स' सीरीज का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ जिसमे कि पंचास्तिकाय, समय सार, तत्त्वार्थ सूत्र, द्रव्य संग्रह, गोमट्टसार, परमात्म प्रकाश, नियमसार आदि कितने ही प्राचीन दिगम्बर जैन आर्ष ग्रन्थों के अंगरेजी अनुवादादि सहित उच्चकोटि के जैनाजैन विद्वानों द्वारा सुसम्पादित संस्करण प्रकाश में आये। मडल का मुख पत्र अंगरेजी जैन गजट भी बड़े उपयोगी एवं आकर्षक रूप मे निकलता रहा। मद्रासी, दक्षिणी, बंगाली, पजाबी-विभिन्न प्रान्तीय अनेक जैनाजैन विद्वानों ने इन कार्यों मे महत्त्व पूर्ण योग दान दिया।

इसी युग में जैन धर्म के सच्चे मिशनरी और त्यागी सेवक स्वर्गीय ब्रह्मचारी शीतल प्रसाद जी थे। वे धर्म प्रचार और समाजोन्नति के लिये तडपते हुए हृदय को लिये हुए देश के कोने कोने में—बर्मा, स्याम और लङ्का तक गये और स्थान स्थान मे सार्वजनिक सभाएं कराकर जैन धर्म की ओर सर्वसाधा-

रण को आकृष्ट किया। जैन मित्र आदि कई पत्रों का योग्यता पूर्वक सम्पादन किया' तथा अनेक व्यक्तियों को प्रोत्साहन दे देकर अच्छा खासा लेखक बना दिया। स्वय अकेले उन्होंने सर्व प्रकार की, मौलिक, टीका अनुवादादि, सकलन सग्रह, फुट कर लेख निबन्ध, धार्मिक, ऐतिहासिक, शिक्षा एवं समाज सुधार विषयक छोटी बड़ी रचनाएँ संख्या एव मात्रा मे निर्माण की और छपा कर प्रकाशित करदी उतनी शायद छापे के आरम्भ से आज पर्यन्त कोई दूसरा व्यक्ति नही कर पाया। ब्रह्मचारी जी के जीवन का प्रत्येक क्षण जैन धर्म और साहित्य के प्रकाशन प्रचार मे ही व्यीतत हुआ। रेल मे यात्रा करते हुए तथा रोग की दशा मे भी वे लिखते रहते थे। विधवा विवाह के प्रचार के लिये उन्होंने 'सनातन जैन समाज' तथा 'सनातन जैन' पत्र की स्थापना की। मध्य काल के एक जैन संत तारण स्वामी द्वारा प्रस्थापित तारण समाज और उसके पुरातन साहित्य को प्रकाश मे लाने का श्रेय भी ब्रह्मचारी जी को ही है। साथ ही वे उत्कट देश भक्त भी थे और काग्रेस के प्राय. सब ही अधिवेशनो मे सम्मिलित हुए। जैन समाज मे वे निरन्तर देशभक्ति की भावना को फूकते रहते थे।

तत्कालीन नेताओ ने शिक्षा प्रचार की ओर भी विशेष ध्यान दिया। बाल और कन्या पाठशालाएं तो स्थान स्थान मे खुलनी प्रारभ हो गईं थी अब बड़े-बड़े जैन सस्कृत विद्यालय भी खुलने लगे। बनारस, इन्दौर, सहारनपुर, कारजा, सागर, मुरैना, मथुरा आदि स्थानो मे ये विद्यालय स्थापित किये गये। पं० गोपाल दास जी बरैया की कृपा से जैन सिद्धात एव दर्शन के परिज्ञाता सस्कृतज्ञ युवक विद्वानों का एक अच्छा दल तैयार हो गया था। अतएव उन विद्यालयो के लिये योग्य अध्यापको की कमी न रही। समाज के श्रीमानो और सेठों ने द्रव्य से सहायता की। इन विद्यागवो मे जैन दर्शन, न्याय, सिद्धात, साहित्य आदि के अतिरिक्त कलकत्ता विश्वविद्यालय तथा क्वीन्स संस्कृत कालिज बनारस की परिक्षाओं के लिए भी विद्यार्थी तैयार किये जाने लगे। दि० जैन महासभा ने जैनशास्त्री आदि परिक्षाओ के निमित्त अपना एक परीक्षा

बोर्ड स्थापित किया और उत्कट शिक्षा प्रेमी सेठ माणिक चंद्र बम्बई वालों ने भी एक 'माणिक चंद्र' दि० जैन परीक्षा बोर्ड स्थापित किया । उक्त विद्यालयों में अध्ययन करके सैकड़ों विद्यार्थी प्रतिवर्ष इन परीक्षा बोर्डों की परिक्षायें पास करने लगे । परीक्षा बोर्डो द्वारा निर्धारित पाठ्य क्रमो के लिए उपयुक्त पाठ्य पुस्तको की आवश्यकता हुई जिसकी पूर्त्ति के प्रयत्न से भी जैन पुस्तक प्रकाशन को अच्छी प्रगति मिली । जैन बाल पाठशालाओ मे धार्मिक शिक्षा देने की ओर विशेष ध्यान रक्खा गया और उसके लिये बाल बोध जैन धर्म जैसी अनेक छोटी २ बालकोपयोगी पुस्तको का निर्माण हुआ ।

किन्तु नित्य प्रति वृद्धि को प्राप्त होता हुआ आधुनिक अंग्रेजी प्रणाली से शिक्षित समुदाय इन बाल पाठशालाओ और सस्कृत विद्यालयो से ही सन्तुष्ट न रह सका, उसकी दृष्टि मे जैन बोर्डिंग हाउस, स्कूलो और कालिजो का उपयुक्त केन्द्रो मे स्थापित किया जाना समय की परम आवश्यकता थी। सेठ माणिक चन्द्र ने तो स्थान स्थान में जाकर जैन छात्रालय स्थापित कराने का बीड़ा ही उठा लिया था । अनेक स्थानो मे जैन हाई स्कूल खुले और दो-एक जैन कालिज भी स्थापित हुए । कुछ एक महाप्राण जैन नेताओ की यह भी उत्कट अभिलाषा थी कि एक जैन विश्व विद्यालय स्थापित हो जाय । इसके लिए प० गणेश प्रसाद जी, पं० दीप चन्द्र जी और बाबा भागीरथ जी—ये वर्णीमय प्रयत्न शील भी हुए, किन्तु समाज के श्रीमानो की ओर से कोई सहयोग न मिलने के कारण असफल रहे और आजतक भी जैन विश्व विद्यालय की स्थापना न हो पाई । इसी समय कुछ नेताओं का यह विचार हुआ कि पाश्चात्य शिक्षा प्रणाणी किन्ही अंशों मे उपयोगी होते हुए भी सांस्कृतिक नैतिक एव राष्ट्रीय दृष्टि से अति दोष पूर्ण एव हानिकर है, अतएव ऐसे गुरुकुल स्थापित किये जाय जिनमे भारतीय एव पश्चिमी शिक्षा प्रणालियो का समन्वय करते हुए नवीन सन्तति को धार्मिक, चारित्रधान, देश भक्त एवं सुशिक्षित बनाया जा सके । फल स्वरूप सन् १९११ में बा० सूरजभान जी के प्रबन्ध और देश भक्त महात्मा भगवान दीन जी के अधिष्ठा तृत्य में हस्तिनागपुर

(मेरठ) की प्राचीन पवित्र भूमि पर श्री ऋषभ ब्रह्मचर्याश्रम नामक प्रथम जैन गुरुकुल की स्थापना हुई। प्रारंभ में इस संस्था को देश भर के श्रीमानों, विद्वानों एव समाज सेवियो की सहायता और स्नेह प्राप्त हुआ, किन्तु प्रबन्धकों में शीघ्र ही मतभेद हो जाने के कारण वह अपने मूल स्थान, मौलिक रूप एवं उच्च आदर्शों पर तीन चार वर्ष से अधिक स्थिर न रह सका, वैसे दि० जैन संघ के प्रबन्ध मे मथुरा में वह अभी तक विद्यमान है। उपरोक्त जैन छात्रावासों, स्कूलों, कालिजो के विद्यार्थियो को धार्मिक शिक्षा देने के लिए भी साहित्य प्रकाशित हुआ। तत्त्वार्थसूत्र, रत्न करंड श्रावकाचार, पुरुषार्थ सिद्धयुपाय, द्रव्य सग्रह, छहढाला आदि प्राचीन मौलिक ग्रन्थो के शब्दार्थ भावार्थ टिप्पणि आदि सहित विद्यार्थियोपयोगी सक्षिप्त सस्करण निकले।

जैन स्त्री समाज मे शिक्षा प्रचार का व्यवस्थित कार्य महिलारत्न स्व० मगनबेन, पडिता ललिता बाई व पडिता चन्दा बाई जी आदि विदुषियो ने अपने हाथ मे लिया। बम्बई और आरा मे आदर्श जैन बाला विश्राम स्थापित हुए, जैन महिला परिषद बनी और महिलाओ द्वारा ही सुसम्पादित, सञ्चालित 'जैन महिलादर्श' नामक मासिक पत्रिका चालू हुई।

इस युग मे व्यवसायिक दोनो ही प्रकार के कई एक प्रकाशको का अविर्भाव हुआ। हिंदी के कई मासिक, पाक्षिक, साप्ताहिक तथा मराठी, गुजराती, कन्नडी, अ ग्रेजी और उर्दू के भी कई अच्छे जैन सामयिक पत्र निकलने लगे। माणिकचन्द्र दि० जैन ग्रन्थ माला, मुनि अनन्तकीर्ति दि० जैन ग्रन्थ माला, रायचन्द्र जैन शास्त्रमाला सनातन जैन ग्रथ माला आदि कई एक उच्च कोटि की अव्यवसायिक ग्रथ मालाएँ चालू हुई। इनके द्वारा प्राचीन जैन ग्रथ मूल रूप में ही सुसम्पादित होकर अथवा टीका अनुवादादि सहित प्रकाशित होने लगे और प्राय. सर्व ही महत्त्वपूर्ण एव उपलब्ध ग्रथ जैसे तैसे प्रकाश मे आ गये। प० जुगलकिशोर मुख्तार, प० नाथूराम प्रेमी आदि कई योग्य विद्वान इस नव प्रकाशित प्राचीन साहित्य के साहित्यक एव ऐतिहासिक दृष्टि से तुलनात्मक अध्ययन मे जुट गये। फलस्वरूप अनेक ग्रथो की समीक्षा परीक्षाएँ प्रकाशित

हुई । इस प्रकार के विश्लेषण से नाम साम्य के कारण विभिन्न आचार्यों की रचनाओं को उसी नाम के किसी एक ही प्रसिद्ध आचार्य की कृति समझ लेना जैसी सर्व प्रचलित भ्रान्तियों का निराकरण हुआ । ग्रंथकार आचार्यों के समय, इतिवृत्त एवं कार्य कलापों पर प्रकाश पड़ा, विशेष सैद्धान्तिक विषयों पर विभिन्न आचार्यों की विभिन्न मान्यतायें रही हैं, ऐसी बातें भी प्रकाश में आईं । विशेष रूप से 'जैनहितैषी' मासिक ने इन प्रवृत्तियों में पर्याप्त एवं सफल दान दिया । और इस प्रकार सुव्यवस्थित जैनाध्ययन का बीजारोपण हुआ तथा जैन धार्मिक एवं साहित्यक इतिहास की सामग्री, फुटकर एवं असम्बद्ध रूप में ही सही, शनैः शनैः एकत्रित होने लगी ।

सस्थाओं का भी प्रसार हुआ । दि० जैन महासभा की बम्बई आदि प्रान्तों में शालाएं खुलीं । भारतवर्षीय दि० जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी तथा प्रान्तीय और स्थानीय तीर्थ क्षेत्र कमेटियों की स्थापना हुई । भारत जैन महामण्डल, जैन पोलिटिकल कान्फ्रेंस, दि० जैन शास्त्रार्थ संघ अम्बाला, जीव दया प्रचारिणी सभा आगरा, जैन मित्र मंडल देहली, भारत वर्षीय दि० जैन अनाथ रक्षक सोसाइटी देहली, और अन्त मे महासभा की नीति से मतभेद होने के कारण उसके कतिपय सदस्यो द्वारा सन् १९२३ मे अखिल भारत वर्षीय दि० जैन परिषद, इत्यादि सस्थाओ की स्थापना हुई । इन सभी सस्थाओ ने अपने२ कार्य क्रम के अनुकूल साहित्य के निर्माण और प्रकाशन मे पर्याप्त सहयोग दिया ।

जहाँ तक हिन्दी की सामान्य उन्नति का प्रश्न है जैनों नें उस में भी स्तुत्य योग दान किया । हिन्दी के तत्कालीन सार्वजनिक पत्रो में मि० जैन वैद्य का सुप्रसिद्ध 'समालोचक', देहली के सेठ माठूलाल का साप्ताहिक 'हिन्दी समाचार', देहरादून के ला०गुलशनराय का 'भारत हितैषी' इन्दौर के बा० सुख सम्पत्तिराय भडारी के 'मल्हारि मार्तण्ड विजय' आदि और बम्बई से प० पन्नालाल बाकलीवाल का 'हिन्दी हितैषी' श्रेष्ठ कोटि के पत्र थे । बम्बई हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय और हिन्दी गौरव ग्रन्थ माला के स्वामी व संचालक जैनी थे । झालरा पाटण की राजपूताना हिन्दी साहित्य समिति का लगभग बारह हजार रुपये

का स्थायी फंड श्री वाडीलाल मोतीलाल शाह के उद्योग से केवल जैनों द्वारा प्रदत्त था और इससे हिन्दी के उत्तमोत्तम ग्रन्थ केवल लागत मूल्य से बेचे जाने की योजना थी। इन्दौर की मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति को भी जैनों से कई हजार रुपया प्राप्त हुआ था। खण्डवे की हिन्दी ग्रन्थ प्रसारक मण्डली के उत्साही संचालक एक बा. माणिकचन्द्र जैनी वकील थे और आरा की नागरी प्रचारिणी सभा के प्राण बा. जैनेन्द्र किशोर थे, इत्यादि। हिन्दी जैन साहित्य के प्रकाशन मे वम्बई के जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय, जैन साहित्य प्रसारक कार्यालय तथा रामचन्द्र जैन शास्त्रमाला ने प्रमुख भाग लिया। धार्मिक से अतिरिक्त विषयो पर लिखने वाले लगभग दो दर्जन जैन सुलेखक विद्यमान थे और उनकी सख्या मे निरन्तर वृद्धि हो रही थी।

इस प्रकार इस युग मे निम्नोक्त विविध प्रकार का साहित्य प्रकाश मे आया—

(१) प्राचीन सस्कृत प्राकृत ग्रन्थों के सम्पादित सस्करण:- मूल मात्र अथवा टीका अनुवादादि सहित। उल्लेखनीय सम्पादक अनुवादक टीकाकार आदि—बा० सूरजभान, प० पन्नालाल बाकलीवाल, प० पन्नालाल सोनी, उदयलाल काशलीवाल, प० वशीधर शास्त्री, प० खूबचन्द शास्त्री, पं० लालाराम शास्त्री, प० मनोहर लाल, प० गजाधर लाल, जे एल. जैनी, बा० ऋषभदास वकील, ला मुन्शी लाल, मुनि माणिक जी, प्रो ए सी चक्रवर्ती, ब्र. शीतल प्रसाद, शरच्चन्द्र घोषाल, प० नाथूराम प्रेमी इत्यादि। पुरातन हिंदी जैन साहित्य को प्रकाश मे लाने का अधिकतर श्रेय बाकली वाल जी और प्रेमी जी को है। प्रेमी जी ने तो हिन्दी साहित्य सम्मेलन के जबलपुर मे होने वाले सप्तम अधिवेशन मे 'हिन्दी जैन साहित्य का इतिहास' शीर्षक एक विस्तृत निबन्ध भी पढ़ा था जो जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय बम्बई से सन् १९१७ में पुस्तकाकार प्रकाशित हुआ।

(२) प्राचीन ग्रन्थों की समीक्षा परीक्षा:- साहित्यक, सैद्धान्तिक एवं ऐतिहासिक विश्लेषण सम्बन्धी साहित्य। उल्लेखनीय लेखक—पं० जुगल-किशोर मुख्तार, बा० सूरजभान वकील, प० नाथूराम प्रेमी।

(३) जैन इतिहास सम्बन्धी स्वतन्त्र पुस्तके तथा ऐतिहासिक सामग्री के संकलन ग्रन्थ यथा विज्ञप्ति संग्रह, प्रशस्ति संग्रह, शिला-लेख संग्रह आदि—उल्लेखनीय लेखक—डा. ए. गिरनाट, रा. ब. पारसदास, पूर्णचन्द्र नाहर, मुनि जिन विजय जी, उमराव सिह टक, पद्मराज रानीवाले, प. नाथूराम प्रेमी, ब्र. शीतलप्रसाद, डा. बनारसीदास, बिहारीलाल चैतन्य, प्रभुदयाल तहसीलदार, बा. सूरजमल, प्रो. आयगर, प्रो शेशागिरि राव, रा ब नरसिंहमाचर आदि ।

(४) जैन धर्म और उसके अहिंसा आदि सिद्धान्तों तथा उपदेश को आधुनिक भाषा और शैली में स्वतन्त्र रूप से प्रस्तुत करने वाली पुस्तके:—उल्लेखनीय लेखक—प. गोपालदास बरैया (मुरैना विद्यालय तथा जैन मित्र पत्र के सस्थापक और प्रथम सम्पादक) बा ऋषभदास वकील (मेरठ), जे एल. जैनी, श्री लट्ठे, पूर्णचन्द नाहर, ब्र. शीतल प्रसाद, चम्पतराय बैरि-स्टर, बा सूरजभान वकील, प. पन्नालाल बाकलीवाल, ला मुन्शीलाल, बा माणिक चन्द, प. दरयाब सिह सोधिया, मुनि शान्ति विजय, प जुगल-किशोर मुख्तार आदि ।

(५) समाज सुधार एव शिक्षा प्रचार सम्बन्धी पुस्तके—उल्लेखनीय लेखक बा सूरजभान, प जुगल किशोर, ज्योतिप्रसाद प्रेमी, दयाचन्द गोयलीय, प. पन्नालाल बाकलीवाल, आदि ।

(६) पाठ्य पुस्तके—उल्लेखनीय लेखक—प. पन्नालाल बाकलीवाल, बा. दयाचन्द गोयलीय, ब्र. शीतल प्रसाद, प गोपालदास बरैया, लाला मुन्शी-लाल आदि ।

(७) उपन्यास नाटक कहानी आदि—उल्लेखनीय लेखक—प. गोपाल दास बरैया (सुशीला उपन्यास), बा सूरजभान, प अर्जुनलाल सेठी, ला. मुन्शी-लाल, बा. माणिक चन्द, बा कन्हैयालाल, ला. न्यामतसिंह हिसार (इनके नाटकों और भजनों की बड़ी धूम रही), बा. कृष्णलाल वर्मा, पं. नाथूराम प्रेमी आदि।

(८) हिन्दी के सार्वजनिक पत्रों में फुटकर लेख तथा स्वतंत्र अमूदित सामयिक लेख निबन्ध चरित्र आदि—उल्लेखनीय लेखक—मि० जैन वैद्य, ला० मुन्शीलाल, बा० दयाचन्द्र गोयलीय, वाडीलाल मोतीलाल शाह, बा० सुपार्श्वदास गुप्त (इनका पार्लमेंट नामक ग्रन्थ ४०० पृष्ठ का था), बा० मोतीलाल, डा० वेणीप्रसाद, बा० मणिकचन्द्र, खूबचन्द सौंधिया, बा० निहालकरण सेठी, बालचन्द्राचार्य, सुखसम्पत्ति राय भंडारी, पं० नाथूराम प्रेमी, आदि।

(९) इस युग की स्फुट तथा फुटकर रचनाओं में जुगलकिशोर मुख्तार, नाथूराम प्रेमी, ज्योति प्रसाद प्रेमी आदि की हिन्दी कविताए, मुं० द्वारका प्रसाद के तीर्थ यात्रा विवरण, ब्र० शीतल प्रसाद व बैरिस्टर चम्पतराय के अन्य धर्मों के साथ जैन धर्म के तुलनात्मक अध्ययन, इत्यादि।

(१०) दरख्शा, माईल, पैकाँ, ऋषभदास, सूरजभान, ज्योतिप्रसाद मामचन्दराय, सुमेरचन्द्र, ओसवाल, शिवव्रतलाल, नत्थूराम, चन्दूलाल अख्तर, आदि की उर्दू जैन रचनाएं उल्लेखनीय हैं। अंग्रेजी आदि विदेशी भाषाओं में जैन साहित्य अथवा जैन सम्बन्धी साहित्योल्लेखों का विवरण रा० ब० पारसदास व बा० छोटेलाल की बिबलियोग्रेफियों और जैन गजट (अंग्रेजी) की फाईलों से प्राप्त हो सकता हैं।

इस युग के जैन साहित्य प्रकाशन मे विशेष योग देनेवाली सस्थाएं, प्रकाशक तथा व्यक्ति निम्नलिखित हैं—बम्बई की माणिकचन्द्र दि० जै० ग्रन्थमाला, मुनि अनन्तकीर्ति दि० जैन ग्रन्थमाला, जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय, जैन साहित्य प्रसारक कार्यालय, जैन मित्र कार्यालय, कलकत्ते की सनातन जैन ग्रन्थमाला, जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी सस्था, जिनवाणी प्रचारक कार्यालय, और सेन्ट्रल जैन पब्लिशिंग हाउस आरा (अब लखनऊ), जैन तत्व प्रकाशिनी सभा इटावा, जैनेन्द्र प्रेस कोल्हापुर, दि० जैन पुस्तकालय सूरत, जैन मित्र मंडल देहली, हीरालाल पन्नालाल जैन बुक सेलर्स देहली, दि० जैन शास्त्रार्थ सघ अम्बाला, आत्मानन्द जैन ट्रैक्ट सोसाइटी अम्बाला,

जैनीलाल जैनी देवबन्द, ज्ञानचन्द्र जैनी लाहौर, न्यामत सिंह जैनी हिसार, ला० जौहरीमल सर्राफ देहली (विशेष रूप से उत्कट समाज सुधार विषय के साहित्य के लिये), सेठ हीराचन्द व सखाराम नेमचन्द दोशी शोलापुर, सेठ गांधी नाथारग अाकलूज, गोपाल अम्बादास चवरे कारंजा—इन तीनों श्रीमानो ने प्राचीन ग्रन्थो के प्रकाशन मे भारी हिस्सा लिया। इनके अतिरिक्त जयपुर निवासी बा० दुलीचन्द श्रावक, मु० अमनसिह, मु० सुमेरचन्द, बैरि० चम्पतराय, कुमार देवेन्द्रप्रसाद, ला० देवीसहाय (फीरोजपुर) उम्मेदसिह मुसद्दीलाल (अमृतसर) बुद्धिलाल श्रावक, मु० नाथूराम लमेचू आदि उल्लेखनीय है। मद्रास मे सी० मल्लिनाथ, प्रो० चक्रवर्ती आदि सज्जनो ने जैन साहित्य प्रकाशन का कार्य किया।

३. वर्तमान युग :—सन् १९२५ के उपरान्त जैन साहित्य प्रकाशन के वर्तमान युग का प्रारम्भ होता है।

अब विभिन्न मतो के द्वारा धार्मिक दृष्टि से किये जानेवाले विद्वेषपूर्ण खडन मडनो का समय नही रह गया था। आर्य जैन द्वन्द प्राय समाप्त हो गया था। किसी भी धर्म के मन्तव्यो एव मान्यताओं का मखौल उड़ाने, उसे तुच्छ, नीचा, नास्तिक या मिथ्या सिद्ध करने के प्रयत्न निन्दनीय समझे जाने लगे और सर्वधर्म समभाव स्थापित करने की चेष्टाएं की जाने लगी। किंतु साथ ही एक नवीन प्रवृत्ति भी दृष्टिगोचर होने लगी। अनेक जैनेतर विद्वान अपनी साहित्यिक, दार्शनिक एव ऐतिहासिक रचनाओं में जैन धर्म दर्शन, सस्कृति, आदि की प्राचीनता, इतिहास और मूल्यवान देनों की अज्ञान अथवा प्रमाद के वश होकर उपेक्षा तथा उनके सम्बन्ध मे भ्रमपूर्ण एव मिथ्या कथन भी करने लगे। फलस्वरूप उन विज्ञाओ के साथ तो अन्याय होता ही है साथ ही जैन धर्मावलम्बियों के स्वाभिमान को भी ठेस पहुंचती है और उन्हें क्षोभ होता है। स्वातन्त्र्य प्राप्ति और सर्वतंत्र जनतन्त्र की स्थापना के उपरान्त बहुसंख्यक हिन्दू धर्मानुयायियो के द्वारा जिनका कि राजनैतिक आदि क्षेत्रो में बाहुल्य है, यह प्रवृत्ति और अधिक चरितार्थ

होने लगी। राष्ट्रीयता के नाम पर जैन धर्म और संस्कृति की स्वतन्त्र सत्ता का निषेध किया जाने लगा है और हिन्दू धर्म तथा संस्कृति द्वारा केवल अल्प सख्यक होने के कारण ही जैन धर्म और सस्कृति को हड़प लिये जाने की नवीन चेष्टाए प्रारम्भ हो रही हैं। किंतु जिन अर्थों मे एक सामान्य हिन्दू विशुद्ध भारतीय है उन्ही अर्थों में एक जैनी भी वैसा ही विशुद्ध भारतीय है। हिन्दू धर्म के नाम से अभिप्रेत वैदिक परम्परा के जिन अनेक सम्प्रदायो और मत मतान्तरो का समुदाय जितना प्राचीन और भारत का अपना है उससे शायद कही अधिक प्राचीन और भारत की अपनी ही श्रमण परम्परा का प्रतिनिधि जैन धर्म और उसकी सस्कृति है। ये धार्मिक अथवा सास्कृतिक भेद किसी व्यक्ति की राष्ट्रीयता, नागरिकता अथवा भारतीयता मे बाधक नही हो सकते। फिर ऐसे विवादास्पद शब्द (अर्थात् हिन्दू) का इतना मोह क्यो जबकि वह एक परम्परा विशेष के अनुयायियो के लिये ही प्रयुक्त होते चले आने के कारण समग्र राष्ट्र का सूचक होने के लिए उपयुक्त नही है और जिसके उक्त रूप मे प्रयोग करने से सदैव भारी भ्रान्ति उत्पन्न होते रहने की सभावना है। जब जैन धर्म और सस्कृति की पृथक एवं स्वतत्र सत्ता है, उसकी परम्परा अत्यन्त प्राचीन है, उसका अपना अति स्वर्णिम इतिहास है और वह शुद्ध स्वदेशीय हैं तब उनके अपने आपको हिन्दू न कहने से या हिन्दूधर्म और सस्कृति का अ ग न मानने से तो कोई वे विदेशी, अभारतीय, राष्ट्र के प्रतिविद्रोही या उसके लिए अजनबी हो नही जाते। वे भारत के हैं और भारत उनका है यह तथ्य निर्विवाद है। जहाँ तक जैनाध्ययन के जिसमे कि जैन सस्कृति की सभी विविध शाखाओ के अध्ययन का समावेश है, महत्त्व और प्रगति का बहुत कुछ अनुमान इसी पुस्तक के अन्त मे प्रकाशित स्वतन्त्र लेख से हो सकता है। जैन ही नही अनेक उद्भट अजैन विद्वान भी अब सहृदय एव शुद्ध वैज्ञानिक दृष्टि से जैनाध्ययन मे दिलचस्पी ले रहे हैं और भारत के सांस्कृतिक विकास का पुनर्निर्माण कर रहे हैं। किन्तु आवश्यकता इस बात की है कि विभिन्न विश्वविद्यालयो मे जैनाध्ययन को एक विशेष

अध्ययनीय विषय बनाकर उसके सम्बध मे सुव्यवस्थित शोध खोज अनुसधानादि चालू किये कराये जांय ।

अजैन लेखको की उपरोक्त प्रकार की भ्रान्त धारणाओं और मिथ्या वा अन्यथा कथनों के परिहार एवं निराकरण के उद्देश्य से भी बहुत कुछ साहित्य प्रकाशित होने लगा है, किन्तु इस आवश्यकता की पूर्त्ति जैसे सुचारु सुव्यवस्थित ढंग पर होनी चाहिये थी वैसी अभी नही हो पारही है ।

जैन धर्म के विभिन्न सम्प्रदायो के बीच समन्वय तथा ऐक्य के जो प्रयत्न पिछले युग में प्रारभ हुए थे वे इस युग मे शिथिल प्राय होते गये । और जिस प्रकार भारतीय राजनैतिक क्षेत्र मे हिन्दू मुस्लिम ऐक्य के प्रयत्नो का परिणाम अतिकटु एव विनाशकारी सिद्ध हुआ उसी प्रकार दिगम्बर श्वेताम्बर सम्प्रदायों मे सद्भाव एव एक-सूत्रीकरण के प्रयत्न भी उभय सम्प्रदायो के बीच की खाई को और अधिक विस्तृत एव गहरी करते दीख पड रहे है । विभिन्न तीर्थों के प्रश्न को लेकर होने वाली चिरकालीन मुकदमेबाजी के अतिरिक्त नवीन साहित्यिक शोध खोज का लाभ उठा कर दोनो ओर के कितने ही विद्वान प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से उभय सम्प्रदायो के साहित्यिक सैद्धान्तिक ऐतिहासिक आदि मतभेदो को और अधिक सूक्ष्मता के साथ पुष्ट करने लगे हैं । जो इने गिने नेता इतने पर भी समन्वय के प्रयत्न में लगे हुए है वे भी कुछ ऐसा भ्रमपूर्ण ढग अख्त्यार किये हुए हैं कि जिससे वे सद्भाव उत्पन्न करनें के बजाय शंका और द्वेष की पुष्टि करने मे ही सफल हो रहे हैं । तथापि ऐसे उदाराशय विद्वानो का भी अब अभाव नही है जो कि अपनी दृष्टि की विशालता के कारण अनेकान्त मूलक सहिष्णुता के साथ सभी मतभेदो को गौण करते हैं तथा एक उपरिम समस्तर से ही विचार करते हैं । इस दिशा में ऐसे ही महानुभावों से कुछ आशा है ।

सामाजिक संगठन की दृष्टि से भी जैन समाज कुछ आगे नही बढ़ा । पिछले युग के नेता सख्या में तो थोड़े थे किन्तु प्रायः सर्व ही सामाजिक क्षेत्रों पर उनका अधिकार था, उनमें परस्पर सहयोग और एक सूत्रता थी, वे अपना

बहुमूल्य समय देकर अनेक कष्ट लाञ्छना अपमानादि सहन कर, अपनी जेब से ही आवश्यक द्रव्य भी व्यय करके पूरी लगन और तत्परता के साथ समाजोन्नति के विविध कार्यक्रमो मे जुटे रहते थे। सस्थाए भी थोड़ी थी पर वे ऐसे कर्मठ, निस्वार्थ एव कर्त्तव्य शील नेताओ की अध्यक्षता मे बहुत कुछ ठोस कार्य कर रही थी। किन्तु अब आये दिन नई-नई सस्थाओ का जन्म होने लगा, उन्हे व्यक्तिगत स्वार्थो की पूर्ति का साधन बनाया जाने लगा, छोटी-छोटी व्यापारिक कम्पनियो जैसी उनकी स्थिति हो गई। उनके नेताओ और कार्यकर्ताओ म या तो पद और मान के लोलुपी अदीमुल फुर्सत बडे-बड़े श्रीमान होने लगे या फिर वैतनिक अथवा नाम मात्र के लिए अवैतनिक ऐसे व्यक्ति होने लगे जो प्राय: करके न स्वल्प सतोषी ही होते हैं और न जीवन निर्वाह सम्बधी द्रव्योपार्जन की चिन्ता से मुक्त ही। लोभ एवं अधिकार मोह के कारण बरसाती मेढकों की भाँति नित्य प्रति बढती जाने वाली इन सस्थाओ मे परस्पर सहयोग, सद्भाव और एक सूत्रीकरण नही हो पाता। फलस्वरूप समाज की शक्ति और द्रव्य का तो पर्याप्त व्यय होता है किन्तु किसी दशा मे भी वाञ्छनीय इष्ट सिद्धि नही हो पा रही है। इन संस्थाओ के अधिवेशन अवश्य ही बडी धूम धाम और शान के साथ होते हैं, उनके प्रचारक भी स्थान-स्थान मे घूमते हैं, कई एक संस्थाओ के अपने मुखपत्र भी हैं, पुस्तकादि के रूप मे भी साहित्य प्रकाशित होता है, किन्तु उपरोक्त दोषो के कारण तथा निस्वार्थ कर्त्तव्यशीलता के अभाव मे न इन सस्थाओ का और न इनसे सबधित व्यक्तियो का समाज पर कोई प्रभाव पडता है। वार्षिक कार्य विवरण आकर्षक रिपोर्टों के रूप मे प्रकाशित होते है किन्तु ठोसकार्य कुछ भी होता नही दीखता। समस्याए बढ़ती चली जाती हैं पर किसी समाज की समस्या का भी सन्तोषजनक समाधान नहीं होता। समाज सुधार शिक्षा, राजनैतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक किसी भी क्षेत्र में जो जो आवश्यकताए' हैं वे इन्ही की पूर्ती के लिए स्थापित इतनी सारी संस्थाओं सैकड़ो नेताओ, सैकड़ो ही विद्वानो और सौ के ही लगभग सामयिक पत्रोंके होते हुए भी प्राय कुछ भी पूरी नही हो पा रही हैं। गत बीस वर्षों मे कई एक उच्च

कोटि की साहित्यिक शोध खोज निर्माण प्रकाशन आदि सम्बंधी संस्थाओ का जन्म हो चुका है। किन्तु उनमे भी प्रबन्ध और व्यवस्था की दृष्टि से अन्य सामान्य जैन सस्थाओ के ही अनेक दोष हैं। पृथक-पृथक उन सबकी शक्ति सीमित और अल्प है और व्यक्तिगत स्वार्थों अथवा ईर्ष्या द्वेषादि के कारण उनमे परस्पर सहयोग और एकसूत्रता नही हो पाती। फलस्वरूप साहित्य निर्माण और प्रकाशन प्रगति मे भी जितना योगदान वे कर सकती थी उसका अल्पांश मात्र ही हो रहा है।

फिर भी इस युग मे साहित्यिक, ऐतिहासिक, सास्कृतिक एव दार्शनिक खोज शोध का कार्य तथा ग्रन्थो का सम्पादन प्रकाशन बहुत कुछ व्यवस्थित एव प्रमाणीक ढग पर होने लगा है। विभिन्न उपलब्ध हस्तलिखित प्रतियो का मिलान करके, विविक्षित विषय सम्बन्धी पूर्वापर साहित्य के साथ तुलना पूर्वक सावधानी के साथ पाठ सशोधन, अनुवाद, व्याख्या, आवश्यक टिप्पणादि और विद्वत्तापूर्ण विस्तृत विवेचनात्मक प्रस्तावनाओ सहित महत्त्वपूर्ण प्राचीन ग्रन्थों के सुसम्पादित सस्करण प्रकाशित होने लगे है। दिगम्बरो के प्राचीनतम् आगम साहित्य-धवलादि टीकाओ सहित षटखडागम, कषाय पाहुड, महाबन्ध आदि ग्रन्थराजो के भी उपरोक्त प्रकार सुसम्पादित सस्करण प्रकाश मे आ रहे हैं। प्राचीन जैन अपभ्रश साहित्य का भी उद्धार हो रहा है। कितने ही अपभ्रश ग्रन्थ प्रकाश मे आ गये हैं, जिससे कि हिन्दी भाषा के विकास और इतिहास सम्बन्धी विचारों मे भारी क्रान्ति उत्पन्न हो गई है। हिन्दी के पुरातन जैन कवियो और लेखकों का साहित्य भी प्रकाश मे आ रहा है। जैन धर्म, जैन दर्शन, जैन सघ, जैन साहित्य, राजनीति मे जैन नेतृत्व आदि विषयो पर विविध भाषाओं मे स्वतन्त्र ऐतिहासिक ग्रन्थ, शिला लेख संग्रह, प्रशस्ति संग्रह विज्ञप्ति पत्रसग्रह, ग्रन्थसूचियें, ग्रन्थ कोष, उद्धरण कोष आदि तथा मूर्ति विज्ञान, स्थापत्य, चित्रकला आदि विविध कलाओं और गणित ज्योतिष चिकित्सा विज्ञान आदि विविध विज्ञानों तथा सामान्यतया जैन सांस्कृतिक देनों

के सम्बन्ध मे भी उत्तम कोटि की पुस्तकें प्रकाशित होने लगी हैं । पिछले युगों मे ये कार्य प्राय करके अंग्रेज, जर्मन, फ्रासीसी आदि विदेशी तथा कतिपय जैनेतर भारतीय विद्वानो द्वारा ही सम्पादित हो रहा था, किन्तु अब इस क्षेत्र मे शायद ही कोई विदेशी विद्वान कार्य कर रहा हो, और इस दिशा मे प्रयत्नशील उच्चकोटि के भारतीय विद्वानो मे स्वयं जैन विद्वानों की सख्या भी कम नही है तथा उसमे दिन-प्रतिदिन वृद्धि होती जाती है । कई एक यूनीवर्सिटियो मे भी, विशेषकर श्वेताम्बर समाज के उद्योग से कुछ विद्वान जैन रिसर्च का कार्य कर रहे हैं । मौलिक कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, प्रहसन, निबन्ध, साहित्यिक आलोचन आदि शुद्ध साहित्यिक विषयो के भी अनेक श्रेष्ठ लेखक और कलाकार जैनो मे विद्यमान हैं । किन्तु जैसा कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन के करॉची अधिवेशन मे साहित्य परिषद के अध्यक्ष आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने अपने अभिभाषण मे कहा था कि 'अजैन विद्वानो को यह शिकायत अभी तक है कि जैनियो का साहित्य महत्त्वपूर्ण एव विपुल मात्रा मे होते हुए भी अभी तक उसके ऐसे अनुवादित सम्पादित सस्करण प्रकाश मे नही आ पाये जो जैनेतर विद्वत्समाज द्वारा ग्राह्य हो ।' पर वास्तव मे बात बिलकुल ऐसी ही नही है । अनेक जैन ग्रन्थो के वैसे सस्करण प्रकट भी हो चुके है । हॉ जैनो ने उन्हें अजैन जनता और विद्वानो तक पहुचाने का उपयुक्त प्रयत्न नही किया और अजैन विद्वानो ने उन्हे स्वय प्राप्त करके अध्ययन करने मे उदासीनता भी दिखलाई है । कई वर्षों से निरन्तर प्रयत्न करते रहने पर भी हिन्दी साहित्य सम्मेलन जैसी सार्व सस्था ने हिन्दी जैन साहित्य को अपने पाठ्यक्रम आदि में सम्मिलित करने मे उपेक्षा ही बरती है । अधिकाश विश्वविद्यालय प्रेरणा करने पर भी जैन रिसर्च को अपने यहाँ स्थान देने मे स्वत तैयार नही होते । राजकीय अथवा अखिल भारतीय साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि परिषदो और सस्थानो मे भी उसकी उपेक्षा ही की जाती है । ऐसी परिस्थिति मे जैनों का ही प्रथम कर्त्तव्य है कि वे इन दिशाओ मे दृढ निश्चय के साथ अग्रसर हों,

उक्त विश्वविद्यालय आदि की तथा जैनेतर विद्वानों को जैनाध्ययन की ओर आकृष्ट करें और अपने साहित्य रत्नो को बाह्य समाज के लिये सुलभ कर दें, उनका यथोचित उपयोग किये जाने मे प्रोत्साहन एवं सुविधाएं प्रदान करें तथा सभी महत्त्वपूर्ण पुरातन ग्रन्थों के ऐसे संस्करण भी प्रकाशित कर दें जो सर्वग्राह्य हों।

इस युग के प्रारम्भ के पूर्व से ही देश सार्वजनिक राष्ट्रीयता के प्रभाव से ओत प्रोत रहा है। सतत् आन्दोलनों और भीषण संघर्षों के पश्चात तथा अनेक त्याग और कष्ट सहन करके अब एक प्रकार से पराधीनता के पाश से मुक्त होकर स्वतत्र वायुमडल मे सास ले सका है। इस राष्ट्रीय आन्दोलन मे भी जैन समाज ने अपनी सख्या के अनुपात से कहीं अधिक सहर्ष योगदान दिया, और धन एव जन के यथेष्ठ बलिदान द्वारा स्वातत्र आन्दोलन को सफल बनाने मे पूर्ण सहयोग और सहायता दी। राष्ट्रीयता के रग मे डूबा हुआ साहित्य भी निर्माण किया। और आज भी प्रायः समग्र जैन समाज तन मन धन से राष्ट्रीय महासभा तथा राष्ट्र के सर्वमान्य कर्णधारो के साथ है। राष्ट्र की समस्त राजनैतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक प्रगतियो मे वह अभिन्न रूप से उनके साथ है, अपनी स्वतत्र धार्मिक एवं सास्कृतिक सत्ता रखते हुये भी अखिल भारतीय राष्ट्र का अभिन्न एव अविभाज्य अ ग है।

सामयिक पत्र पत्रिकाएं

भारतवर्ष मे छापेखाने के प्रारम्भ और इतिहास पर पीछे प्रकाश डाला जा चुका है। छापेखाने की स्थापना होने पर समाचार पत्रो का प्रकाशन स्वाभाविक था। अस्तु श्री बृजेन्द्रनाथ बन्द्योपाध्याय लिखित 'देशीय सामयिक पत्रेर इतिहास, 'खड १' के अनुसार भारत का सर्व प्रथम समाचारपत्र २६ जनवरी सन् १७८० ई० को 'बंगाल गजट' के नाम से अ गरेजी भाषा मे प्रकाशित हुआ। यह पत्र साप्ताहिक था, हिकि साहब इसके

संस्थापक थे और यह दो वर्ष तक चला । इसके पश्चात इन्डिया गज़ट, कलकत्ता गजट, आदि अंग्रेजी पत्र निकले । सन् १७९९ मे भारत के गवर्नर जनरल लार्ड वेलेजली ने अखबारो पर कड़ा प्रतिबन्ध लगा दिया जो सन् १८१८ मे लार्ड हेस्टिंग्ज द्वारा हटाया गया, और उसके स्थान मे कुछ नियम बना दिये गये । अत इस बीच मे पुराने पत्रो का प्रकाशन और नवीन पत्रो की स्थापना प्राय बन्द ही रही । सन् १८१८ के उपरान्त फिर से नवीन पत्र निकलने लगे । बगला भाषा का सर्व प्रथम पत्र 'दिग्दर्शन' श्रीरामपुर मिशन द्वारा अप्रेल सन् १८१८ मे निकाला गया । मई सन् १८१८ मे बगला का 'समाचार दर्पण' और तत्पश्चात् 'बगला गजट' निकले । उर्दू का सर्व प्रथम पत्र 'जाम इ जहान् नूमा' २८ मार्च सन् १८२२ को और फारसी का 'मीरातुल अखवार १२ अप्रेल सन् १८२२ को निकले । ७अक्तूबर सन् १८२२ को समाचार पत्रो पर फिर से कडे प्रतिबन्ध लगा दिये गये अप्रेल सन् १८२३ मे प्रथम भारतीय प्रेस कानून बना जिसके अनुसार पत्रो के प्रकाशन के लिये सरकार की अनुमति लेना अनिवार्य थी । ४ दिसम्बर सन् १८२७ से यह कानून अ शत रद्द हो गया और सन् १८३५ मे बिलकुल हटा दिया गया, किन्तु सन् १८५७ से वह फिर से लागू कर दिया गया ।

उन्ही बनर्जी महोदय के एक दूसरे लेख 'हिन्दी का सर्व प्रथम समाचार-पत्र' (विशाल भारत, फर्वरी सन् १९३१) से विदित होता है कि हिन्दी का सर्व प्रथम पत्र, जैसा कि प्राय समझा जाता था, सन् १८४५ मे स्थापित 'बनारस अखवार' नही था, वरन् ३० मई सन् १८२६ को कानपुर निवासी प० जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा कलकत्ते से निकाला जाने वाला साप्ताहिक 'उदन्त मार्त्तण्ड' था, जिसका वार्षिक मूल्य दो रुपये था, और जो प्रत्येक मगलवार को ३७, आमडा तल्ला गली कोलू टोला, कलकत्ता से प्रकाशित होता था । इसके पश्चात् ९ मई सन् १८२९ को राजा राममोहन राय द्वारा दूसरा हिन्दी पत्र 'बगदूत' प्रकाशित हुआ और अन्त में सन् १८४५ मे बनारस से 'बनारस अखबार' निकला । मराठी के 'कल्प-

सह आंग्ल आनंदवृत्त' सन् १८६७ में और 'केसरी' सन् १८८० में निकले।

जैन सामयिक पत्रों मे सर्व प्रथम सम्भवतया गुजराती मासिक 'जैन दिवाकर' था जो 'जैन श्वेताम्बर ग्रन्थ गाइड' तथा 'जैन साहित्यनो-संक्षिप्त इतिहास' के अनुसार अहमदाबाद से श्री छगनलाल उमेदचन्द द्वारा वि० स० १९३२ (सन् १८७५ ई०) मे प्रकाशित किया गया था और लगभग दश वर्ष चला सन् १८७६ में केशवलाल शिवराम द्वारा गुजराती 'जैन सुधारस' निकला जो एक वर्ष चलकर ही बन्द हो गया।

दिगम्बर समाज का सर्व प्रथम सामयिक पत्र सन् १८८४ के प्रारम्भ में प० जीयालाल जैन ज्योतिषी द्वारा फर्रुखनगर (उ० प्र०) से प्रकाशित साप्ताहिक 'जैन' था। इसका वार्षिक मूल्य ढाई रुपये था, और यह हिन्दी भाषा का भी सर्व प्रथम जैन पत्र था, दश बारह वर्ष पर्यन्त चला भी। इन्ही पं० जीयालाल ने उसके कुछ ही समय पश्चात् उर्दू मे 'जीयालाल प्रकाश' भी निकालना आरम्भ किया जो कि उर्दू का सर्वप्रथम जैनपत्र था। सितम्बर सन् १८८४ मे शोलापुर से स्वर्गीय सेठ रावजी हीराचन्द नेमचन्द दोशी ने मराठी-गुजराती-हिन्दी का मासिक 'जैन बोधक' निकालना शुरू किया। यह पत्र मराठी का तो सर्व प्रथम जैन पत्र था ही, अब तक जीवित रहने के कारण वर्तमान जैन पत्रो मे भी सर्व प्राचीन है और इने गिने सर्वाधिकजीवी भारतीय पत्रो मे से एक है। इसके पश्चात् सन् १८८४ में ही जैनधर्म प्रवर्तक सभा अहमदाबाद से डाह्या भाई धोलशा जी के निरीक्षण में गुजराती 'स्याद्वाद सुधा' अप्रेल सन् १८८५ मे जैन हितेच्छुसभा भावनगर द्वारा 'जन हितेच्छु' और इसी वर्ष अहमदाबाद से गुजराती में श्वेताम्बर 'जैन धर्म प्रकाश' निकले, जिसमे से अन्तिम पत्र अभी तक चालू रहने के कारण वर्तमान श्वेताम्बर पत्रो मे सर्व प्राचीन है।

इसके पश्चात् तो जैन सामयिक पत्र हिन्दी, गुजराती, मराठी, उर्दू, अंग्रेजी, कन्नडी आदि भाषाओ मे दनादन निकलने लगे। केवल दिगम्बर

समाज के द्वारा ही निम्नोक्त अनेक पत्र कुछ ही वर्षों के भीतर प्रकाश मे आये—सन् १८६२ मे मराठी मासिक 'जन विद्यादानोपदेश प्रकाश; सन् १८६३ मे बगलौर से सेठ पद्मराज द्वारा हिन्दी 'काव्याम्बुधि', सन् १८६३-६४ मे बम्बई से पं० पन्नालाल बाकलीवाल द्वारा 'जैन हितैषी' मासिक जिसका सम्पादन प्रकाशन सन् १६०४ से प० नाथूराम प्रेमी ने किया, प० जुगल किशोर मुख्तार भी कुछ समय तक इसके सपादक रहे। यह पत्र अपने समय का सर्वश्रेष्ठ हिन्दी जैन मासिक रहा है। सन् १८६४ मे ही दि० जैन महासभा का हिन्दी साप्ताहिक 'जैनगजट' चालू हुआ और बाबू सूरजभान बकील ने उर्दू का जैनहितउपदेशक' नामक पत्र भी निकाला। सन् १८६५ मे हिन्दी मासिक 'जैन प्रभाकर' निकला, १८६६ मे हिन्दी साप्ताहिक 'जैनमार्त्तण्ड' और १८६७ मे बाबू सूरजभान द्वारा ज्ञान प्रकाशक' नामक मासिक पत्रिका, बाबू ज्ञानचन्द जैनी लाहौर द्वारा 'जैन पत्रिका' तथा पडित पन्नालाल बाकलीवाल द्वारा वर्धा से 'जैन भास्कर' निकले। सन् १८६८ मे बम्बई प्रान्तिक दि० जैन सभा की ओर से पडित गोपालदास जी बरैया ने हिन्दी साप्ताहिक 'जैन मित्र' की अपने ही सम्पादन मे स्थापना की। ब्र० शीतल प्रसाद जी ने बहुत काल तक इसका सम्पादन किया। यह पत्र अभी तक चालू है और सूरत से प्रकाशित होता है। सन् १८६६ मे हिन्दी मासिक 'जैनी' और १६०० मे हिन्दी त्रैमासिक 'जैनेतिहास सार' निकले। सन् १६०२ मे मराठी कन्नडी मिश्रित 'प्रगति आणि जिनविजय' निकला और सन् १६०४ मे अग्रेजी 'जैन गजट' का प्रारम्भ हुआ। यह पत्र वर्तमान मे अजिताश्रम लखनऊ से बाबू अजितप्रसाद जी के सम्पादन काल मे निकलता है। इसके कुछ ही समय पश्चात कन्नडी का 'विवेकाभ्युदय' निकला और सन् १६०७ मे सूरत से हिन्दी गुजराती मिश्रित मासिक 'दिगम्बर जैन'। सन् १६२१ से ब्र० पंडिता चन्दा बाई आरा द्वारा सम्पादित हिन्दी मासिक 'जैन महिलादर्श' निकल रहा है, और सन् १६२३ मे पडित बाकलीवाल द्वारा एक बगला पत्र

'जिनवाणी' निकला जो कुछ समय तक चलकर बन्द हो गया । मुनि जिन विजय जी द्वारा सम्पादित हिन्दी गुजराती अग्रेजी का श्वेताम्बर 'जैन साहित्य संशोधक' त्रैमासिक भी अत्यधिक महत्वपूर्ण पत्र था जो कुछ वर्ष चलकर बन्द हो गया । पडित दरबारीलाल सत्यभक्त के सम्पादन में बम्बई का 'जैन जगत' भी कई वर्ष बहुत अच्छा निकला था । उपरोक्त पत्रो के अतिरिक्त और भी अनेक पत्र पत्रिकाए, विशेष रूप से सन् १६२० के पश्चात चालू हुई, जिनमे से अधिकतर अल्पाधिक काल तक चलकर बन्द हो गई । इस प्रकार छापे के प्रारम्भ से अब तक लगभग ढाई सौ जैन सामायिक पत्र पत्रिकाएं निकल चुकी हैं जिनमे से लगभग डेढ़सौ तो अस्तगत हो चुकी और एक सौ के लगभग अभी भी चालू है । प्रारम्भ से अब तक लगभग एक दर्जन सार्वजनिक पत्र पत्रिकाओ का सञ्चालन अथवा सम्पादन भी जैनो द्वारा हुआ है ।

विवरण सूची का संक्षिप्त सार

प्रस्तुत पुस्तक जैन मुद्रित प्रकाशित पुस्तको, सामायिक पत्रो, साहित्यिक सस्थाओं, प्रकाशकों और लेखकों आदि की उस सक्षिप्त परिचयात्मक विवरण सूची की पूर्व पीठिका है जो कि हमने जुलाई सन् १६४७ मे तैयार की थी और जिसे इस पुस्तक के दूसरे भाग के रूप मे प्रकाशित करने की योजना है । उक्त विवरण सूची मे सकलित तथ्यो से जो निष्कर्ष प्राप्त होते है वे निम्न प्रकार है —

उक्त विवरण सूची मे २६८० पुस्तकों का उल्लेख है जिन्हें भाषा की अपेक्षा ६ विभागों मे विभाजित किया गया है ।

(१) प्रथम विभाग हिन्दी का है जिसमे संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश भी सम्मिलित है । इसमे कुल २०५२ पुस्तके जिनमें से--सस्कृत की १८०, प्राकृत की ४४, अपभ्रंश १८, हिन्दी प्राचीन (सन् १८५० अथवा सं० १६२० के पूर्व निर्मित)--२७५,—प्राचीन ग्रन्थों के अर्वाचीन टीका अनुवादादि–३७७.

आधुनिक हिन्दी मौलिक—१११३, और जैन धर्म के सम्बंध में प्रकाशित महत्त्व पूर्ण हिन्दी भाषण व्याख्यानादि—४५.

(२) मराठी की ४८ जिनमें से मौलिक १३ और अनुवाद ३५ हैं।

(३) गुजराती की ७० जिनमें मौलिक ४७ और अनुवाद २३ हैं।

(४) बगला की ५२ जिनमें मौलिक ४२ और अनुवाद १० हैं।

(५) उर्दू की १६८ जिनमे मौलिक १५१ और अनुवाद १७ हैं।

(६) अ गरेजी आदि यूरोपिय भाषाओं में २६० जिनमें से मौलिक २३० और अनुवादादि ६० हैं। इनमे पत्र पत्रिकाओ मे प्रकाशित लेख निबन्ध आदि सम्मिलित नहीं है।

पुस्तक निर्माता—उपरोक्त साहित्य के निर्माताओ की दृष्टि से जिनका पूर्णयोग १३०३ है—सस्कृत ग्रन्थों के मूल लेखक १०७, टीकाकार ३८, योग १४५, प्राकृत ग्रन्थो के मूल लेखक १८, टीकाकार २, योग २० अपभ्रंश ग्रन्थो के लेखक ७

हिन्दी प्राचीन पद्य लेखक ४०, गद्य लेखक १३, योग ५३. (बाद की शोध खोज से हमे हिन्दी पुरातन गद्य के ५० से अधिक लेखको और उनकी सवासौ के लगभग गद्य कृतियों का पता चला है). आधुनिक हिन्दी के मौलिक लेखक (गद्य पद्य दोनों के)—-२९५, टीकाकार ४८, अनुवादक ९१, सम्पादक आदि ११८, सग्रह या सकलन कर्त्ता २४, और १९५ ग्रंथ ऐसे हैं जिनके लेखक आदि अज्ञात हैं। मराठी के मौलिक लेखक ७, और अनुवादक १४, अज्ञात ६. गुजराती के मौलिक लेखक २३, और अनुवादक १५, अज्ञात ७. बंगला के मौलिक लेखक १५, अनुवादक ५, और अज्ञात १. उर्दू के मौलिक लेखक ५३ और अनुवादक १२ अ गरेजी आदि के मौलिक लेखक १०३, अनुवादक ३५, और अज्ञात ८.

प्रकाशक—-इन पुस्तकों के निर्माण कराने और प्रकाशित करने में जिन जिन सस्थाओ तथा व्यक्तियो ने भाग लिया है उनकी संख्या निम्न प्रकार है।

(१) साहित्यिक शोध, खोज, निर्माण, प्रकाशन, प्रचार आदि उद्देश्यों को लेकर सामाजिक द्रव्य से अथवा व्यक्तिगत ट्रस्ट आदि के द्वारा स्थापित एवं सञ्चालित जैन साहित्यिक सस्थाएं और ग्रन्थ-माला समितियें–३९.

(२) अन्य विविध धार्मिक सामाजिक जैन सस्थाएं—–९१.

(३) जैन व्यवसायी प्रकाशन और पुस्तक विक्रेता—३१.

(४) जैन स्त्री पुरुष, व्यक्तिगत रूप से–२६०

(५) अजैन सज्जन, सस्थाएं और प्रकाशक–२६.

पूर्णयोग ४४७.

विषय विभाजन—की दृष्टि से उक्त पुस्तकों की सख्या निम्न प्रकार है—

(१) धर्म २७५, (२) सिद्धात एव तत्त्व ज्ञान १२२.

(३) अध्यात्मिक ग्रन्थ १५९, (४) दर्शन एव न्याय शास्त्र ६४

(५) आचार शास्त्र १५२, (६) पुराण चारित्र ११९, (७) प्राचीन कथा साहित्य ७८, स्तोत्र स्तुति पद-भजनादि सग्रह—२११,

(९) पूजा प्रतिष्ठापाठ और तीर्थमहात्म्यादि १३९, (१०) मन्त्र तन्त्रादि ७. (११) नीति सुभाषितादि १९, (१२) तुलनात्मक अध्ययन, समीक्षा परीक्षा, खडन मडनादि १६५, (१३) साहित्य व्याकरण छन्द अलकार कोषादि ५७, (१४) विज्ञान गणित ज्योतिष निमित्त शास्त्र, वैद्यक, रत्न परीक्षा, वास्तुसार आदि १८,

(१५) इतिहास पुरातत्त्व राजनीति, जीवन चरित्र आदि १९५,

(१६) भूगोल खगोल, यात्रा विवरण, स्थान परिचयादि ५५,

(१७) काव्य नाटक उपन्यास कहानी आदि २२८,

(१८) समाज सुधार व शिक्षा (१९) स्त्री व बालकोपयोगी ७५,

(२०) महत्त्वपूर्ण भाषण व्याख्यानादि ५०, (२१) शेष विविध १०१.
इस विषय विभाजन में अंगरेजी पुस्तके सम्मिलित नही की गई हैं।

सामयिक पत्र पत्रिकाएं—अब तक लगभग अढ़ाई सौ जैन साम-

सिक पत्र पत्रिकाएं विभिन्न भाषाओ तथा साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रिमासिक, षाठमासिक आदि विविध रूपो मे निकल चुकी हैं। इनमें से जिनके विषय मे कुछ ज्ञात हो चुका है ऐसी १६६ पत्र पत्रिकाएं (६० दिगम्बर और ६६ श्वेताम्बर आदि) तो अल्पाधिक समय तक चल कर बन्द हो चुकी हैं।

वर्तमान मे ज्ञात चालू जैन पत्रो की सख्या ८४ है जिनमे से लगभग ५० दिगम्बर, २६ श्वेताम्बर और ८ स्थानक वासी है। इनमे से हिन्दी के ५० मराठी ३, गुजराती १६, कन्नडी २, उर्दू १, अ गरेजी २, हिन्दी गुजराती मिश्रित ७, हिन्दी मराठी १, हिन्दी उर्दू १, हिन्दी अ गरेजी १ हैं। इन पत्रो मे षाठमासिक २, त्रैमासिक ५, मासिक ४५, पाक्षिक १६ और साप्ताहिक १६ है। दैनिक कोई नही है।

सम्पादन प्रकाशन की उत्तमता तथा साहित्यिक एव ऐतिहासिक दृष्टि से निम्नलिखित वर्तमान जैन पत्र पत्रिकाएँ पर्याप्त महत्त्व पूर्ण हैं—अनेकान्त (देहली), जैन सिद्धान्तभास्कर (आरा), दी जैना एटीक्वेरी (आरा), ज्ञानोदय (बनारस), श्री जैन सत्य प्रकाश (अहमदाबाद), जैन भारती (कलकत्ता), जैन गजट अ गरेजी (लखनऊ), आत्मधर्म (सोनागढ), जैन महिलादर्श (सूरत) जैन मित्र (सूरत), दिगम्बर जैन (सूरत), जैन सन्देश (आगरा), वीर वाणी (जयपुर), जैन जगत (वर्धा), सगम (वर्धा), वीर (देहली), श्रमण (बनारस), जैन बोधक (शोलापुर), प्रगति अणि जिन विजय (बेल गाँव), तारण सदेश (दमोह), जैन प्रचारक (देहली) जैन प्रकाश (बम्बई), प्रबुद्ध जैन (बम्बई), जिनवाणी (भोपालगढ), तरुण जैन (कलकत्ता), वीर लोकाशाह (जोधपुर) श्वेताम्बर जैन (आगरा), जैन (भाव नगर) इत्यादि।

जैन सामयिक पत्रो के सम्बन्ध मे जैन मित्र (कार्तिक सुदी ८, वी० स० २४६४, पु० ११-१२) में 'दिगम्बर जैन समाज के भूत और वर्तमान कालीन पत्र' शीर्षक से श्री शान्ति कुमार जैन ठवली, नागपुर ने ४८ भूतकालीन और २६ चालू पत्रो की सूची प्रकाशित की थी। उसके पश्चात श्रीयुत अगर चन्द्र नाहटा ने ओस वाल नवयुवक वर्ष ८ संख्या १, मई सन् १९३७ के अङ्क मे

पृष्ठ ४२ पर 'जैन समाज के वर्तमान सामयिक पत्र' लेख में उस समय चालू ५६ पत्रो की संक्षिप्त परिचयात्मक सूची दी थी तथा जैन सिद्धान्त भास्कर भाग ५ किरण १, पृ० ३६ पर प्रकाशित अपने लेख 'भूतकालीन जैन साम-यिक पत्र' में समाचार पत्रो के इतिहास पर संक्षित प्रकाश डालते हुए १०५ भूतकालीन तथा ६६ चालू पत्रों की नाम सूची दी थी। और जैन मित्र वर्ष ५१, अङ्क ७ (ता० २२ दिसम्बर सन् १६४६) में जैन समाज के समाचार पत्र शीर्षक के अन्तर्गत ५७ चालू पत्रो को जिनसे ३३ दिगम्बर और २४ श्वेताम्बर हैं तथा ६२ भूतकालीन पत्रों की जिनमे ६८ दिगम्बर और २४ श्वेताम्बर हैं एक सूची दी है।

उपरोक्त विभिन्न सूचियों मे से किसी मे भी वे लगभग एक दर्जन सार्वजनिक पत्र सम्मिलित नही हैं जिनका सम्पादन, प्रकाशन अथवा संचालन जैनों द्वारा किया गया है और जिनमें से कई पत्र पर्याप्त लोक प्रिय भी रहे हैं।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सामयिक पत्रों और पत्र कला की दृष्टि से भी अल्प सख्यक जैन समाज ने पर्याप्त उन्नति की है और वह किसी से पीछे नहीं है। यदि इसमें कोई दोष है तो यही कि जिन पत्रो की सख्या आवश्यकता से अधिक है, उनका पठन प्राय जैन समाज के भीतर ही सीमित होने से एक भी पत्र की ग्राहक सख्या उसे स्वनिर्भर करने के लिये पर्याप्त नहीं है। फल स्वरूप लेखकों और पत्रकारो की भी अत्यधिक दुर्दशा है।

जहाँ तक पुस्तक साहित्य का सम्बन्ध है, उपरोक्त विवरण सूची मे जो २६८० पुस्तकें उल्लिखित हुई हैं उनके अतिरिक्त भी कम से कम दो ढ़ाई सौ ऐसी पुस्तके अवश्य निकल आयेंगी जिनका कि साधनाभाव अथवा ज्ञात न हो सकने के कारण कोई उल्लेख नही किया जा सका। गत तीन वर्षों मे भी (अर्थात् उक्त सूची के निर्माण करने के बाद से) लगभग एक सौ पुस्तके और प्रकाशित हो चुकी है जिनमे से अधिकाश हिन्दी की है और जिनमे से एक दर्जन से अधिक पर्याप्त उच्च कोटि के विशालकाय ग्रन्थ हैं। साथ ही उपरोक्त लग-भग ३००० पुस्तकें प्राय करके केवल दिगम्बर समाज द्वारा प्रकाशित पुस्तकें

ही है और उनमे भी कन्नडी, तामिल, तेलगू, मलयालम आदि भाषाओं में प्रकाशित जैन पुस्तको का समावेश नही है। दो ढाई हजार के लगभग पुस्तकें श्वेताम्बर तथा स्थानकवासी आदि अन्य जैन सम्प्रदायों द्वारा भी प्रकाशित हो चुकी है।

अस्तु डा० माता प्रसाद गुप्त की पूर्वोल्लिखित 'हिन्दी पुस्तक साहित्य' में दी हुई लगभग ५५०० पुस्तको और लगभग ४५०० लेखको के प्राय. बराबर ही समग्र मुद्रित प्रकाशित जैन पुस्तक साहित्य और उसके निर्माता आदि हैं। यदि केवल हिन्दी जैन पुस्तको को ही लिया जाय तो वे भी समग्र हिन्दी पुस्तकों के दो तिहाई से अधिक अवश्य हैं, और भाषा, शैली, विषय महत्त्व और लोकोपयोगिता की दृष्टि से भी सामान्यत उनकी अपेक्षा निम्नकोटि की नही है।

साराश यह है कि स्वतन्त्र भारतीय राष्ट्र, भारत के सास्कृतिक विकास और साहित्यिक प्रगति के लिये यह परम आवश्यक है कि देश के साहित्यिक और विद्वान जैन साहित्य को भी समग्र भारतीय साहित्य का अभिन्न अविभाज्य अङ्ग मानकर निष्पक्ष एव सहृदय दृष्टि से ज्ञान की विविध शाखाओ मे उसका अध्ययन मनन और उपयोग करे। उनकी दृष्टि मे वह उपनिषद जैन आगम और बौद्ध त्रिपिटक, पाणिनी और पूज्यपाद, पातञ्जलि अश्वघोष व्यास और कुन्द कुन्द व समन्तभद्र, चरक सुश्रुत उग्रादित्य और नागार्जुन, शकर धर्मकीर्ति और अकलक, कालिदास और जिनसेन, योगीन्दु सरहपा कबीर और दादू, तुलसीदास और बनारसीदास इत्यादि महापुरुषों और उनके विचारो एव रचनाओं का समान महत्त्व होना चाहिये। बिना किसी भेद भाव के इन सभी महान पूर्व पुरुषो का सम्मान एव अध्ययन ज्ञान के सर्वतोमुखी विकास, राष्ट्र की एक सूत्रता तथा देश और समाज के कल्याण का अमोघ साधन है, इसमें कुछ भी सन्देह नही।

जैनाध्ययन का महत्त्व और प्रगति

श्रमण सस्कृति की प्रधान धारा जैन सस्कृति सुदूर अतीत से चली आई

प्राय: सर्व प्राचीन विशुद्ध भारतीय संस्कृति है। अत भारतीय संस्कृति का समुचित मूल्यांकन करने के लिए और आधुनिक भारत के ही नहीं वरन विश्व के भी सांस्कृतिक विकास मे उससे पूरा पूरा लाभ उठाने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि जैन श्रमण सस्कृति के विविध अ गो का विशद एव गभीर अध्ययन किया जाय। वैसे तो १८ वी शताब्दी ई० की अतिम पाद में सर विलियम जोन्स से प्रारंभ करके अनेक पाश्चात्य विद्वानो द्वारा भारतीय साहित्य, कला, पुरातत्त्व तथा अन्य सांस्कृतिक विषयों का अध्ययन प्रारभ हो गया था। १९ वी शताब्दी के उत्तरार्ध मे अनेक उद्भट भारतीय विद्वान भी उक्त कार्य में सक्रिय सहयोग देने लगे थे, और सौ वर्ष के उपरात तो इस क्षेत्र में भारतीय विद्वानों का ही प्राय एकाधिकार हो गया है। इन पाश्चात्य एवं पूर्वीय विद्वानों ने अपने उपरोक्त अध्ययन के दौरान मे प्रसगवश जब तब जैनधर्म, सस्कृति, इतिहास, साहित्य, कला, पुरातत्त्व, प्रच्यतत्त्व आदि का भी अल्पाधिक अध्ययन एव खोज शोध की और अपने महत्त्वपूर्ण गवेषणात्मक विवेचनो के द्वारा जैनाध्ययन को प्रगति प्रदान की। तथापि भारतीय अथवा विदेशी प्राच्यविदो का ध्यान अनेक कारणो से अभी तक भी उसकी ओर इतना आकृष्ट नही हो पाया जितना कि होना चाहिये था।

सास्कृतिक अध्ययन की दृष्टि से जन धर्म, सिद्धान्त, तत्त्वज्ञान, दर्शन और सामाजिक आचार विचार एव पर्व आदि के अतिरिक्त वर्तमान भारत को प्रदत्त जैन सस्कृति की स्थूल पुरातन भेटे निम्नप्रकार है---विविध भाषामय तथा विविध विषयक विपुल जैन साहित्य, जैन ग्रन्थो की प्राचीन हस्तलिखित प्रतियाँ, जैन चित्र कला, जैन मूर्त्त कला, जैनस्थापत्य और शिलाखडो, प्रतिमाओ, ताम्रपत्रो आदि पर अकित जैन पुराभिलेख, इत्यादि।

- जैन ग्रहस्थ के देवपूजा, गुरु उपासना, स्वाध्याय, सयम, तप एव दान रूप दैनिक छह आवश्यक कार्यो मे दान देना उनका एक महत्त्वपूर्ण एव आवश्यक कर्त्तव्य है। शास्त्र, अभय, आहार एवं औषधिरूप चतुर्विध दान प्रणाली में शास्त्रदान का स्थान बहुत ऊंचा है। अत. शास्त्र दान सबधी इस धार्मिक

विधान, जैन साधु वर्ग की सदैव से चली आई ज्ञान पिपासा अध्ययन शीलता और साहित्यिक अभिरुचि तथा धनी श्रावक, की उदारता पूर्ण सहायता सहयोग एव श्रुतभक्ति के कारण आज भी भारतवर्ष के विभिन्न भागों में ऐसे अनेक जैन ग्रन्थ भडार विद्यमान हैं जो अपने प्राचीन प्रमाणीक महत्वपूर्ण अंश समझे जाने योग्य हैं।

प्राकृत—प्राचीन भारतीय सस्कृति की अनेक विधि धाराओ का महत्व भली भाति समझने के लिए सस्कृत और प्राकृत, दोनो ही साहित्यो का साथ साथ अध्ययन करने की आवश्यकता है। अभिलेखीय आधार स्पष्टतया सूचित करते है कि सर्व साधारण मे भावव्यजना के लिये प्राकृत भाषायें अत्यधिक लोकप्रिय थी। उत्तर तथा दक्षिण दोनो ही प्रदेशों मे प्राचीनतम काल से राजकीय आदेश तथा व्यक्तिगत लेखादि प्राकृत मे ही लिखे मिलते हैं। संस्कृत नाटको मे स्त्री आदि पात्रों के द्वारा प्राकृत का बहुत प्रयोग इस बात को प्रमाणित करता है कि एक समय था जबकि प्राकृत भाषाएँ ही लोक प्रिय तथा साधारण बोल चाल की भाषाएँ थी। वस्तुत कई एक महिला कवित्रियो ने प्राकृत में ही काव्य रचना की है। * इसमे भी सन्देह नहीं है कि जैन धार्मिक एव लौकिक गद्य पद्यात्मक प्राकृत साहित्य का सिलसिला अति प्राचीन काल से मध्य युग पर्यन्त अविच्छिन्न रूप से चला आया है, और यदि इस प्राकृत जैन साहित्य को सम्पूर्ण प्राकृत साहित्य में से निकाल दिया जाय तो अवशेष नगण्य रह जाय।

किन्तु यद्यपि प्राय समस्त श्वेताम्बर जैन अर्धमागधी आगमग्रन्थ अ शत. अथवा पूर्णत एकाधिक सस्करणों में प्रकाशित हो चुके हैं, तथापि मूल पाठों के समालोचनात्मक दृष्टि से सुसम्पादित संस्करण बहुत ही थोडे हैं। निर्युक्तियों एव चूर्णियो सहित इस समस्त अर्धमागधी साहित्य के ऐसे एक रस

---

*प्रो० जे० बी० चौधरी कृत 'संस्कृत कवित्रियों' भा० २। कर्पूर मंजरी नाटक का प्रथम अभिनय भी विदुषीरत्न अवन्ति सुन्दरी की प्रेरणा पर ही हुआ था।

प्रकाशनों की आवश्यकता है। पाटन के 'हेम चन्द्राचार्य ज्ञान मंदिर' ने हस्त-लिखित प्रतियों के स्थानीय संग्रहों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित करने का जो स्तुत्य कार्य किया वह अन्य स्थानों के लिये भी अनुकरणीय है और वह उपरोक्त प्रकार के संस्करणों प्रकाशन के लिये आवश्यक अन्वेषण कार्य के लिये उपयोगी सिद्ध होगा। समग्र आगम ग्रन्थों के ऐसे प्रमाणिक सम्पादन से अर्धमागधी कोष,' 'पाइयसद्द महाण्णव' आदि वर्तमान कोष ग्रंथों की कमी पूर्ति हो जायगी। ऐसे जैन पारिभाषिक शब्दों या पदों का जिन के कि अर्थों का तारतम्य जैन साहित्य के विभिन्न स्तरों में अध्ययन किया जा सके, कोई भी प्रमाणीक संक-लन अभी तक नही बन पाया है। सुआली और जैकोबी ने ऐसे एक प्राकृत कोष के निर्माण करने के प्रश्न पर गम्भीरता पूर्वक विचार किया था, किन्तु उसका कोई विशेष परिणाम नहीं निकला। इधर वीर सेवा मदिर देहली में भी एक ऐसे ही पारिभाषिक जैन शब्द कोष 'जैन लक्षणा वलि' का निर्माण कई वर्षों से हो रहा है।

हरिभद्र सूरि की 'समराइच्च कहा प्राकृत अथवा जन महाराष्ट्री कथा साहित्य का सुन्दर व श्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करती है, किन्तु उसकी पूर्ववती 'कुवलय माला कहा' तथा उत्तरवर्ती 'वलासवई कहा' अभी तक संभवतया अप्रकाशित ही है।

प्राकृत साहित्य का वह थमिक स्तर जो दिगम्बर जैनो द्वारा मान्य एवं अत्यन्त पवित्र समझा जाता है, शिवार्य की भगवती आराधना, कुन्द कुन्द के पाहुड़ ग्रन्थ; वट्टकेर [1] कृत मूलाचार आदि विक्रम की प्रथम शताब्दी के ग्रन्थों में उप-लब्ध होता है। ऐसा विश्वास था और जो सत्य ही सिद्ध हुआ, [2] कि इनसे भी अधिक प्राचीनतर पाठ षट्खडागमादि दिगम्बर जैन सिद्धान्त ग्रन्थो की धवल जयधवल आदि विशाल टीकाओं मे जड़े पड़े हैं। इन महान ग्रंथो के

(१) ऐसा विश्वास करने के भी कारण है कि यह कुन्द कुन्द का ही अप-लाम था,' देखिये जैना सेटीक्वोरी; भा० कि०

(२) जै० ए०, भा० ६ पृ० ७५-८१, डा० हीरालाल का लेख।

सुसम्पादित अनुवादित सस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। ऐसे गूढ जैन पारिभाषिक तत्त्व ज्ञान विषयक महान ग्रथो के, जो कि यत्र तत्र संस्कृत गद्यांशो से अलंकृत नैयायिक शैली की प्रौढ प्राकृत मे है, प्रकाश मे आने से भारतीय साहित्य की एक महत्त्व पूर्ण नवीन शाखा अध्ययनार्थ प्रस्तुत हो गई है। उपरोक्त सस्करणों की विद्वत्तापूर्ण प्रस्तावनाओ मे अनेक ऐतिहासिक तथ्यो पर भी नवीन प्रकाश पड़ा है तथा और नवीन ऐतिहासिक शोध खोज को प्रोत्साहन मिला है।[1] उपरोक्त सभी ग्रन्थो मे बहुत सी सामग्री ऐसी है जो दिगम्बर श्वेताम्बर सम्प्रदाय भेद से भी प्राचीनतर है। यदि उसकी तुलना निर्युक्तियो आदि के साथ की जाय तो अनेक दिलचस्प तथ्यो के प्रकाश मे आने की सभावना है।

दिगम्बरो एव श्वेताम्बरो का प्राकृत एव सस्कृत भाषाओ मे निबद्ध विशालकाय टीका साहित्य अभी तक मूल पाठो के अर्थों को समझने के लिये ही अध्ययन किया जाता रहा है। जो टीका ग्रन्थ प्रकाशित भी हो चुके है उनमे से इने गिनो का ही आलोचनात्मक अध्ययन हुआ है। निर्युक्तियो, चूर्णिये तथा अन्य सस्कृत प्राकृत टीकाएँ भी ज्ञातव्य सूचनाओ के ऐसे गहन भडार है जिनमे पूर्व पक्ष के प्रतिपादन के अतिरिक्त अनेक जैन अजैन ग्रथो के उद्धरण, अनुश्रुतिये नीति वचन, उपदेशात्मक आख्यान उपाख्यान, तथा अनेक तत्कालीन सॉस्कृतिक सूचनाएँ भी उपलब्ध होती है। किन्तु इन सब विषयो की व्यवस्थित छाट, गवेषणा सकलन तथा यथोचित मूल्याकन अभी तक प्राय नही हो पाया। इनमे से अनेक ग्रन्थो की तिथिये ज्ञात है, अत उनमे वर्णित विषय कालानुक्रम की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है। अस्तु प्रो० विधु शेखर भट्टाचार्य ने दिखलाया कि गुणरत्न, धर्म कीर्ति के प्रमाण वार्तिक से भली भाँति परिचित था और उसने उक्त ग्रन्थ से अनेक उद्धरण भी दिये है।[2] श्री पी० के० गोडे ने अपने आकर्षक निबन्ध "शकराचार्य के पूर्ववर्ती जैन आधारो मे भगवत गीता" मे ऐसे उद्ध-

---

(१) अनेकान्त तथा जैना ऐंटेक्वेरी में प्रकाशित धवला का समय तथा स्वामी वीर सेन संबन्धी हमारे विभिन्न लेख।

(२) इ० हि० क्वा, १६, पृ० १४३.

रणों की पाठगत विशेषताओं पर प्रकाश डाला है।[1] डा० उपाध्याय ने सिद्ध किया कि गोमट्टसार की सस्कृत 'जीवतत्त्व प्रदीपिका' टीका के कर्त्तव्य का श्रेय जो केशववर्णी को दिया जाता रहा है वह भ्रम पूर्ण है, और उसके वास्तविक कर्त्ता १६ वी शताब्दी के प्रारम्भ मे दक्षिण कनारा के राजा सालुव मल्लिराय के समकालीन कोई नेमिचन्द्र थे।[2] इन उद्धरणो की जाँच बहुधा उक्त टीकाओं की समयावधि निर्धारित करने मे भी सहायक होती है जैसा कि डा० उपाध्याय ने मूलाचार की वसुनन्दिवृत्ति पर से[3] तथा श्री गोडे ने मलयगिरि की तिथि के सम्बन्ध मे[4] दिखाने का प्रयत्नकिया है। गतदर्शक मे प्रकाशित कई महत्त्वपूर्ण ग्रन्थो की प्रस्तावनाओं मे प० महेन्द्र कुमार, प० कैलाश चन्द्र, प० जुगलकिशोर मुख्तार, प० दरबारी लाल कोठिया आदि ने तथा अपने फुटकर लेखो के रूप मे कई अन्य विद्वानो ने भी इस प्रकार की सामग्री का विश्लेषण एव उपयोग किया है।

अपभ्रंश——भाषा और साहित्य का अध्ययन प्राच्य विद्या का एक नवीन क्षेत्र है। जैकोबी, दलाल, गुणे, शहीदुल्ला, गाधी, वैद्य, उपाध्ये, हीरालाल एल्सफोर्ड आदि विद्वानो ने अनेक मूल्यवान अपभ्रंश ग्रथो का सम्पादन किया है तथा इस भाषा के स्वरूप के सम्बन्ध मे महत्त्व पूर्ण विवेचन किये है। डा० पी० एल० वैद्य ने पुष्पदत्त के महापुराण का विद्वत्तापूर्ण सम्पादन किया। महापडित राहुल साकृत्यायन ने महाकवि स्वयभू की रामायण पर अभूत पूर्व प्रकाश डाला। प्रेमी जी ने भी इन प्रारम्भिक जैन अपभ्रंश कवियो के सम्बन्ध मे ज्ञातव्य सूचनाएँ दी। डा० उपाध्ये ने जोइन्दु के परमात्म प्रकाश का और प्रो० हीरालाल ने भी कई अपभ्रंश ग्रथो का सम्पादन किया है। प० परमा-

---

(१) एनल्स भा० ओ० रि० इ०, २०, पृ० १८८ फुटनोट

(२) इपि० कर्णा, ७, १,

(३) बूल्नर कमेमोरेशन वाल्यूम, लाहौर १६४० पृ० २५७ फु० नो०

(४) जै० ए०, भा० ५, पृ० १३३ फु० नो

चन्द्र शास्त्री ने कतिपय मध्य कालीन जैन अपभ्रंश कवियों का परिचय दिया है।[1]

अपभ्रंश भाषा और साहित्य के सम्बन्ध में जो कुछ अधुना ज्ञात है वह उसकी तुलना में नगण्य सा है जो कि अभी भी राजपुताना, गुजरात आदि के ग्रंथ भंडारों मे दबा पड़ा है। राजस्थान, मध्यभारत, गुजरात, महाराष्ट्र, संभवतया उत्तर प्रदेश मे भी, सर्वत्र, ६ ठी शताब्दी पर्यन्त लगभग एक सहस्त्र वर्ष तक अपभ्रंश भाषा का अभ्यास और प्रचलन बहुलता के साथ रहा प्रतीत होता है, सो भी विशेष कर जैनो द्वारा। अपभ्रंश कविता अपनी भाषा सम्बन्धी विशेषताओ के अतिरिक्त, छन्द शास्त्र, आलंकारिक प्रयोग, नीति तथा तत्कालीन जगत के निकटतम अनुवीक्षण से ओत प्रोत है। उद्योतन सूरि के शब्दो मे उसका शब्द प्रवाह पार्वतीय स्रोत की नाईं द्रुतवेग से प्रवाहित होता है। उसके युद्ध वर्णन अत्यन्त रोमाञ्चक और प्रेम भक्ति करुणा आदि कोमल भावो के चित्रण आश्चर्यजनक रूप से सजीव होते है। यद्यपि अपभ्रंश साहित्य का सम्बध प्राय करके उच्चवर्गों से है तथापि वह सार्वजनिक जीवन के विविध अंगों को भली भाति प्रतिबिम्बित करता है। साहित्य के इस क्षेत्र में न केवल एक शुष्क भाषाविज्ञ को ही प्रचुर उपयोगी सामग्री उपलब्ध होती है वरन एक भावुक कलाकार अथवा काव्य रसिक को भी अति रुचिकर काव्यानन्द का आस्वादन प्राप्त होता है। भारतीय साहित्य मे कही अन्यत्र शब्द और भाव का, बाह्य संगीत और अन्तरंग गेयतत्त्व का ऐसा सुन्दर सामंजस्य उपलब्ध नही होता। साथ ही, लेखीय प्रमाण के रूप मे अपभ्रंश तथा प्राचीन गुजराती कवियों की कृतियों का महत्त्व उनके पश्चाद्वर्ती महाराष्ट्र के ज्ञानेश्वर, तुकाराम आदि लेखको की रचनाओ से कही अधिक है।

---

(१) हमारे द्वारा सम्पादित जो इन्दु के मांगसार आत्मदर्शन की भूमिका तथा अनेकान्त १६४५; में प्रकाशित हमारा लेख 'नागभाषा और नाग सभ्यता' भी पठनीय है।

अपभ्रंश साहित्य का गंभीर अध्ययन एक अन्य दृष्टि से भी आवश्यक है। वह गुजराती व राजस्थानी भाषाओं के विकास के इतिहास के लिए निश्चयतः अत्युपयोगी है। यही नहीं, बल्कि विद्वानों ने तो यह बात भी प्रायः निर्विवाद स्वीकार करली है कि कतिपय गौण स्थानीय भेदों को लिए हुए अपभ्रंश भाषा ही जोकि प्रायः सम्पूर्ण उत्तरी एवं मध्य भारत मे बहुलता के साथ प्रचलित थी, आधुनिक भारतीय आर्य लोक भाषाओं का मूलाधार, उद्गम स्रोत एवं प्रकृत रूप है। अतएव इसमें सन्देह नही कि उसका अध्ययन उक्त प्रान्तीय भाषाओं के शब्द कोष तथा व्याकरण सम्बंधी नियमों को समृद्ध करने में अत्युपयोगी सिद्ध होगा और अन्तर प्रान्तीय व्यवहार संवर्द्धन के हित हमारी राष्ट्रीय भाषा के शब्द भडार के समुचित निर्माण की वर्तमान समस्या को सुलझाने में भी सहायक होगा। जैनो के मूल आर्ष ग्रन्थो तथा उनकी टीकाओं में प्रयुक्त प्रयोगों के सम्बन्ध से यदि प्राकृत भाषाओं का लिपि विज्ञान, वर्ण विज्ञान एवं व्याकरण विषयक व्यवस्थित अध्ययन चालू किया जाय तो वह निश्चय ही मध्य कालीन भारतीय आर्य साहित्यिक ज्ञान के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

वास्तव मे, स्वय आचार्य हेमचद्र ने अपभ्रंश भाषा की व्यवहार्य रूपरेखा प्रदान करदी थी और अब जैकोबी, हीरालाल, वैद्य, उपाध्याय, एल्सफोर्ड प्रभृति विद्वानों ने उसके आदर्श सम्पादित सस्करण भी प्रस्तुत कर दिये है। सामान्यत. काम चलाने से लिए 'पाइयसद्दमहाण्णव' उसका एक अच्छा कोष भी है। अपभ्रंश साहित्य की यह भी विशेषता है कि उसमें भाषा के लिए उपयुक्त छन्दो का ही प्रयोग हुआ है। प्राकृत एवं अपभ्रंश भाषा के छन्दो-अनुशासन के सम्बंध में प्रो० एच० डी० वेलकर द्वारा प्रस्तुत मूल्यवान सामग्री और विवेचन उक्त साहित्य के विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी हैं। पूर्वी अपभ्रंश के सम्बन्ध में श्री हरप्रसाद शास्त्री, शहीदुल्ला, बागची, चौधरी आदि विद्वानो ने अच्छे ज्ञातव्य प्रदान किये हैं। अस्तु प्राकृत भाषाओं की अथवा मध्ययुगीन भारतीय आर्य भाषाओं की, जिनमे कि भगवान महावीर ने अपने

जीव दया मूलक सिद्धान्तो का उपदेश दिया, 'जिनमे सम्राट प्रियदर्शिन ने अपने स्मरणीय अभिलेख खुदवाये, जिनमे सैकड़ों कवियों ने जिनमें से कि हालकी सतसई और स्वयभू के निर्देशो द्वारा हमे केवल कुछ एक के ही नाम प्राप्त हुए है–लोक जीवनके विविध अगोके सम्बधमें आल्हाद पूर्णगान किया, जिनमे कालिदासके स्त्री पात्रोने अपने पत्र लिखे, वाक्पति, प्रवरसेन, उद्योतन, हरिभद्र, राजशेखर, स्वयभू, पुष्पदत. गुणचन्द्र,रामपाणिवाद तथा अन्य विभूतियोने अपनी मनोहारी गद्य-पद्य रचनाएं की, जोइन्दु तथा कान्ह जैसे सन्तो ने अपने रहस्यवादी विचारो की अभिव्यजना की, जिनमें कि राजपूत चरणों के वीरतापूर्ण गीत आर्यावर्त के चारो कोनो में गू ज उठे, और जिनकी कि गोद मे वे आधुनिक भारतीय लोक भाषाए जन्मी और पनपी कि जिन्हे समृद्ध करने के लिए हम आज प्रयत्नशील है तथा जिनपर हमे इतना गर्व है––भारतीय सस्कृति तथा सभ्यता को समझाने के लिए उनकी उपेक्षा नही की जा सकती। ये प्राकृत और अपभ्र श भाषाए सहस्त्रो वर्ष पर्यन्त सार्वदेशिक और और सार्वजनीन रही, प्राय सर्व ही प्रान्तीय भाषाओ को, यहा तक कि द्रविड वर्ग की कन्नडी आदि भाषाओ को भी इन्होने पर्याप्त रूप मे प्रभावित किया। और सर्वाधिक आश्चर्य की बात तो यह है कि विभिन्न देशीय प्राकृत और अपभ्र श भाषा मे आधुनिक प्रान्तीय भाषाओ की भाति कोई भेद पक अन्तर ही न था। उत्तर दक्षिण पूर्व पश्चिम सवत्र उनका प्राय एकसा प्रयोग होता था, साहित्य मे भी और बोलचाल मे भी। उनके पैशाची, शौरसेनी, गौडी, महाराष्ट्री आदि भेद वास्तव मे क्षेत्रपरक नही थे। जैसा कि डा० उपाध्याय ने स्पष्ट कहा है, यह कथन करना कि महाराष्ट्री प्राकृत के ग्रन्थ महाराष्ट्र मे ही लिखे गये अथवा जैन महाराष्ट्री का प्रयोग महाराष्ट्र के जैनो ने किया और शौरसेनी का शूरसेन देश के जैनो ने, नितान्त भ्रमपूर्ण है। यही बात तथा कथित विभिन्न अपभ्र शो के विषय मे है। इन भाषाओ का प्रदेश विशेष के साथ कोई सम्बध ही न था। वे तो चिरकाल पर्यन्त भारत वर्ष के सर्व साधारण की भाषाए रही थी, अन्तर्प्रान्तीय थी और सच्चे अर्थों मे अपने-अपने समय मे इस देश की राष्ट्रीय-लोक भाषाए थी।

अन्य भाषायें—मध्ययुगीय भारतीय आर्य भाषाओं के क्षेत्र के अतिरिक्त, जैन लेखको ने भारतीय ज्ञान की विविध शाखाओं में न केवल संस्कृत प्राकृत आदि मे ही वरन् कई द्रविड भाषाओं में भी पर्याप्त योगदान किया है। अनेक प्राच्यविदो द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों मे यथा शब्द शास्त्र, छन्द शास्त्र, काव्य शास्त्र, व्याकरण, राजनीति, न्याय, चिकित्साशास्त्र, गणित, ज्योतिष आदि मे तद्विषयक जैन ग्रन्थों का अध्ययन भी किया जाने लगा है, किन्तु ये अध्ययन प्राय. करके संस्कृत साहित्य तक ही सीमित है।

इस सम्बध में विचार करने के लिए जैन साहित्य को ही अध्ययन की इकाई मानकर चलना अधिक सुविधा जनक होगा, यद्यपि जैन ग्रन्थों से यह स्पष्ट है कि जैन विद्वानो की विविध विषयक साहित्यिक साधना भारतीय साहित्य की अन्य धाराओं से सर्वथा पृथक कभी नही रही। पूज्यपाद पातञ्जलि के महाभाष्य मे पूर्णतया निष्णात थे, अकलक ने अपने पूर्ववर्ती बौद्ध नैयायिकों की कृतियो का गभीर अध्ययन किया और उनका सयुक्तिक खडन एव आलोचना की। हरिभद्र ने तो दिङ्नाग के न्याय प्रवेश पर टीका भी लिखी। रविकीर्त्ति एव जिन सेन जैसे कवि पु गव कालिदास और भारवि की कृतियो से भली प्रकार परिचित थे और उनमे आदर भाव रखते थे। सिद्धचन्द्र और चारित्रवर्धन जैसे ग्रन्थकारो ने बाण तथा माघ के ग्रन्थो की टीकाए लिखीं। डा० हर्टल के कथनानुसार पचतत्र जैसे सर्व प्रसिद्ध ग्रन्थ के जितने सस्करण यूरोप आदि विभिन्न भारतेतर देशों में पहु चे वे सब ही जैन विद्वानो द्वारा किये गये मूल ग्रन्थ के सवर्द्धित, परिवर्द्धित अथवा परिवर्तित रूप थे, तथा जैन 'शुक सप्तति' ही एक मात्र ऐसी भारतीय रचना है जो अपने मूल रूप मे ही सम्पूर्ण जैसी की तैसी भारत के बाहर सुदूर देशों मे पहुची और प्रचार को प्राप्त हुई। अतएवर्ष भारतव के सम्पूर्ण साहित्यिक जाल के रूप एव विकास को पूर्णतया समझने के लिए जैन साहित्य का अध्ययन परमावश्यक है।

जैन विद्वानो ने अपनी साहित्य साधना प्राय. साथ ही साथ प्राकृत, सस्कृत, अपभ्रंश, तामिल तथा कन्नडी भाषाओ मे की। कितने ही जैन ग्रन्थ-

कार तो अपने आपको 'उभय भाषा कवि चक्रवर्ती' आदि विशेषणो से सूचित करने मे गौरव मानते थे। उक्त विभिन्न भाषाओ मे उपलब्ध जैन रचनाएं इतनी परस्पर सम्बद्ध हैं कि एक ही नाम तथा एक ही प्रतिपाद्य विषय के ग्रन्थ विभिन्न कालो मे विभिन्न भाषाओं मे उपलब्ध होते हैं। उदाहरणार्थ जयराम ने प्राकृत में धर्म परीक्षा नामक ग्रन्थ की रचना की। उसी के आधार पर सन् ९८८ ई० में हरिषेण ने चित्तौड़ मे अपभ्रंश मे धर्म परीक्षा लिखी। सन् १०१४ मे उज्जैन निवासी अमितगति ने सस्कृत मे उसी ग्रन्थ की रचना की और १२ वीं शताब्दी मध्य के लगभग कर्णाटक निवासी वृत्तिविलास ने कन्नडी भाषा में की। इस प्रकार विभिन्न ग्रथो में अन्तर्भूत अन्तर्भाषियिक एव अन्तर्प्रान्तीय प्रभावों को लक्ष्य करने से भारतीय साहित्य का जो ढाचा हमारे समक्ष है उसमे अनेक महत्त्वपूर्ण तथ्यो की अवश्य ही वृद्धि होगी। ऐसा तुलनात्मक अध्ययन पूर्वापर तथा रचना तिथि आदि बातो के निर्णय मे भी महत्त्व पूर्ण सिद्ध होगा।

सस्कृत एव प्राकृत के अतिरिक्त अन्य भाषाओ मे रचे गये जैन साहित्य का बहुत कुछ आभास आर० नरसिहाचार्य कृत 'कर्णाटक कवि चरिते' या उसके प्रेमी जी कृत अनुवाद 'कर्णाटक के कवि, श्रीयुत देसाई कृत 'गुर्जर कवियो-२ भाग; प्रोफेसर चक्रवर्ती का तामिल जैन साहित्य, प्रेमी जा व बा० कामता प्रसाद के हिन्दी जैन साहित्य के इतिहास, हमारा 'हिन्दी का पुरातन गद्य साहित्य' और राजस्थानी जैन साहित्य के सम्बन्ध मे श्री अगरचन्द नाहटा के लेखो से हो सकता है।

बहु विषयक—बहुभाषयिक होने के साथ ही जैन साहित्य बहु-विषयिक भी है और नैयायिक अग तो अत्यन्त समृद्ध एवं महत्त्वपूर्ण है। किन्तु भारतीय साहित्य की न्याय विषयक शाखा ने प्राच्य विज्ञों का ध्यान अपनी ओर अभी कम ही आकर्षित कर पाया है। जैन नैयायिक साहित्य तो प्राय. स्पर्श ही नही किया गया, यद्यपि लगातार अनेक शताब्दियो से प्रकांड जैन नैयायिक जैन धर्म के सिद्धान्तों का अन्य भारतीय विचारधाराओं

के अत्यन्त विशद तुलनात्मक विवेचन करते चले आये हैं । आरम्भ में डा० के० बी० पाठक और डा० सतीशचन्द्र वि० भू० उक्त ग्रंथों के काल-क्रम के विषय में बहुत कुछ लिखा था, किन्तु उसके पश्चात् अब इधर इतनी अधिक नवीन सामग्री प्रकाश मे आ रही है कि विद्वानो को अपनी पूर्व निश्चित धारणाओं मे परिवर्तन करना पड़ रहा है । प्रो० एच० आर० कापड़िया ने गायकवाड़ ओरियंटल सीरीज (भाग १, बड़ौदा १६४०) के अन्तर्गत स्वोपज्ञ वृत्ति एव मुनिचन्द्र कृत टीका सहित 'अनेकांत जय पताका' का सम्पादन किया । प० महेन्द्र कुमार ने अपने द्वारा सुसम्पादित 'अकलक ग्रन्थत्रय' × की भूमिका मे अकलक के समय, शैली तथा अन्य अनेक तथ्यो पर विद्वत्तापूर्ण प्रकाश डाला है । उन्ही के द्वारा सम्पादित न्याय कुमुदचन्द्र दो भागों की स्वय उनके तथा प० कैलाश चन्द्र द्वारा लिखित भूमिकाओ में नवीन दृष्टि कोण एवं प्रचुर सामग्री होने के साथ ही साथ अकलक के समय सम्बधी भ्रान्ति का भी प्राय. निरसन हो गया है । प० महेन्द्रकुमार द्वारा सम्पादित प्रमेय कमल मार्तण्ड तथा न्याय विनिश्चय विवरण के सस्करण भी महत्वपूर्ण हैं । सकल भारतीय न्याय शास्त्र मे निष्णात प्रज्ञाचक्षु प० सुखलाल संघवी अपनी गहरी पहुंच, ताजा दृष्टि कोण तथा खोज पूर्ण विश्लेषण के लिए प्रसिद्ध है । उन्हे तथा उनके साथियों को 'जैन तर्क भाषा' एव 'प्रमाण मीमासा' के उत्तम सस्करण सम्पादित करने का श्रेय है । उन्होंने सिद्धसेन दिवाकर के 'सन्मतितर्क' का भी गुजराती अनुवाद और विद्वत्तापूर्ण सपादन किया है, जिसका कि अ गरेजी अनुवाद प्रो० अथवले तथा गोपानी ने किया है । पं० दरबारी-लाल कोठिया ने धर्म भूषण की न्यायदीपिका तथा विद्यानन्द की आप्त-परीक्षा के उत्तम सम्पादन किये हैं । पं० जुगलकिशोर मुख्तार, समन्तभद्र के युक्त्यानु-शासन का अनुवाद और सम्पादन कर रहे हैं, सन्मतितर्क और सिद्धसेन दिवा-कर सम्बंधी उनका लेख भी बहुत महत्त्वपूर्ण है । स्याद्वाद मंजरी और माणिक्यनंदि कृत परीक्षा मुख सूत्र के सम्पादित संस्करण भी प्रकाशित हो चुके हैं ।

× सिंघी जैन ग्रन्थमाला न० १२, अहमदाबाद, १६३६.

कलकत्ता विश्वविद्यालय के डा० सातकौडी मुखर्जी ने जैन दर्शन पर एक स्वतंत्र ग्रन्थ-दी फिलासफी ग्राफ नान एबसोल्यूटिज्म, लिखा है। समन्तभद्र, पूज्यपाद अकलक, विद्यानंद आदि आचार्यों के समय एवं इतिहास के सम्बध में हमारे भी कई लेख प्रकाशित हो चुके हैं। इस समग्र नव प्रकाशित साहित्य से जो सामग्री प्रकाश में आ रही है वह मध्यकालीन भारतीय न्याय दर्शन के सम्बध में पूर्व-निर्धारित धारणाओ मे भारी क्रान्ति करने वाली हैं। पूर्वपक्ष के प्रतिपादन में ये जैन ग्रन्थ उल्लेखनीय निष्पक्षता प्रदर्शित करते हैं और विन्टरनिट्ज के कथनानुसार, उनके दार्शनिक विवेचन अन्य भारतीय दर्शनो का अध्ययन करने में अत्यन्त मूल्यवान सिद्ध होते है।

तत्त्वज्ञान, न्याय, धर्म शास्त्र आदि के अतिरिक्त जैनों का काव्य, नाटक, चम्पू, कथा साहित्य, अलकार, छद, शब्द शास्त्र, गणित, ज्योतिष, चिकित्सा शास्त्र, राजनीति, इतिहास आदि विभिन्न भाषामय विविध विषयक साहित्य भी पर्याप्त विशाल काय एवं महत्त्वपूर्ण है। तत्तद विषयों से सम्बधित अखिल भारतीय साहित्य के विकास एवं इतिहास का ज्ञान बिना उन विषयो के जैन साहित्य के समुचित अध्ययन एव उपयोग के अधूरा ही रहेगा। किन्तु खेद है कि इस विशाल जैन साहित्य के न्यूनांश का भी अभी प्रकाशन अथवा सदुपयोग नही हो पाया है।

हस्त लिखित प्रतिया—भारतवर्ष के अनगिनत जैन शास्त्र भडारो मे सगृहीत पुरातन ग्रन्थो की हस्तलिलित प्रतियाँ देश की अमूल्य निधि हैं। ये ऐसी वस्तु है जिनकी कि एक बार पूर्णतया नष्ट हो जाने पर पूर्ति कर लेना असभव है। परवर्ती साहित्यगत उद्धरणो, उल्लेखो अथवा निर्देशो पर से ऐसे अनेक ग्रन्थो का पता चलता है जिनकी एक भी प्रति कही भी उपलब्ध नही है। साहित्यिक इतिहासकारो के लिए हस्तलिखित प्रतियाँ अनुमानातीत महत्त्व रखती हैं। उत्तर तथा दक्षिण दोनो ही प्रदेशो के जैन ग्रन्थकारों ने अपनी रचनाओ को केवल धार्मिक विषयो तक ही सीमित नही रक्खा, वरन् अपनी कृतियो से भारतीय ज्ञान की सभी विविध भाषाओ को सुसमृद्ध किया।

अतएव जैन ग्रन्थ भंडार ऐसे सुसम्पन्न रत्नागार हैं जिनका धैर्यपूर्ण अनुशीलन प्राच्य विद्याविदों के लिए आवश्यक एव वाञ्छनीय है। एक समय था जब साम्प्रदायिक सकीर्णता इन कोषागारों को विद्वत्समाज के लिए भी उन्मुक्त करने मे बाधक होती थी, किन्तु अब परिस्थिति बदल रही है। व्हूलर, कीलहार्न कथवटे, भडारकर, पीटर्सन, वेबर, ल्यूमॅन, मित्रा, कीथ, दलाल, गांधी, वेलंकर, हीरालाल, कापडिया तथा अन्य विद्वानो के सतत् प्रयत्नों के फलस्वरूप ऐसी अनेक परिचयात्मक ग्रन्थ सूचियों का निर्माण हो चुका है जो पुरातन जैन साहित्य की भी विविध शाखाओ का विवरण प्रदान करती है और अनुसधान कार्य के लिये अत्युपयोगी हैं।

वृहट्टिप्पनिका, जैन ग्रन्थ नामावली, जैन शास्त्र नाममाला आदि ग्रन्थ कोषो द्वारा उनके निर्माताओ ने उनमे, ज्ञात अथवा उपलब्ध, जैन ग्रथों का विवरण एक ही स्थान मे प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया है जिससे सामान्य प्राथमिक पर्यवेक्षण सुगम हो जाता है। किंतु प्रो० हरिदामोदर वेलङ्कर द्वारा सपादित तथा भडारकर प्राच्य विद्यामंदिर, पूना, द्वारा प्रकाशित 'जिनरत्नकोष' नामक, जैन हस्त लिखित ग्रंथ सूची, इस दिशा में एक अत्यधिक सफल एवं महत्त्वपूर्ण प्रयत्न है। प्रो० वेलङ्कर ने यह कार्य, जिसे हाथ में लेने से एक सर्व साधन सम्पन्न सस्था भी शायद हिचकिचाती, एकाकी ही अतीव सुन्दरता के साथ सम्पादन किया है। इसके प्रकाशन से जैन साहित्य विषयक अध्ययन को एक नवीन दृष्टि प्राप्त होने की पूर्ण आशा है। वीर सेवा मंदिर, देहली मे भी कई दिगम्बर जैन ग्रथ भडारो के अप्रकाशित तथा दूसरी सूचियो में सम्मिलित न किये गये, ऐसे लगभग ६००० ग्रथों की एक विवरण सूची प्राय तैयार हो चुकी है, जो कि 'जिनरत्नकोप' गत त्रुटियो की पूर्ति करने के साथ ही साथ अन्य प्रकार भी उपयोगी सिद्ध होगी। दक्षिण देश के मूड़बद्री आदि स्थानों के भडारो के कन्नड़ लिपि मे निबद्ध ताड़पत्रीय ग्रथो की एक विवरण सूची प० के० भुजबलि शास्त्री द्वारा सम्पादित होकर भारतीय ज्ञान पीठ काशी से प्रकाशित हुई है। आमेर भडार की सूची भी जयपुर से प्रकाशित हो गई है। आफ-

क्रेल्ट के प्रसिद्ध 'कैटेलोगस केटेलोगोरम' के सशोधन, सवर्द्धन का कार्य मद्रास विश्वविद्यालय ने अपने हाथ में लिया था और यह योजना थी, कि उक्त सूची में ऐसे सर्व जैन ग्रथो को भी सम्मिलित कर लिया जायगा जोकि प्राचीन भारत के सास्कृतिक विकास सबधी ज्ञान के लिए उपयोगी है, और यह कि उसमें आलाचनात्मक एव तुलनात्मक विवेचन के उद्धरण भी रहेगे। योजना निस्सन्देह बडी सुन्दर है! इसकी सहायता से विशाल भारतीय साहित्य के अन्तर्गत जैन साहित्य का अब तक की अपेक्षा कही अधिक पूर्णता एवं यथार्थता के साथ अध्ययन किया जा सकेगा।

यद्यपि इस प्रकार यह क्षेत्र सीमाबद्ध किया जा रहा है, तथापि अभी तक ईडर नागौर, जयपुर, दिल्ली, बीकानेर आदि अनेक स्थानो के महत्त्वपूर्ण शास्त्र भडारो का व्यवस्थित रूप से निरीक्षण ही नही हो पाया है। दक्षिण मे मूडबद्री, हुम्मच, वारगल, कारकल आदि स्थानो के भडारो के भी, जहाँ कि ढेरो ताडपत्रीय प्रतियाँ सुरक्षित हैं, प्रमाणीक विवरण तैयार नही हुए है। अपनी प्राचीनता एव प्रमाणिकता के कारण ये सग्रह अध्ययन की विविध शाखाओ के लिए बहुमूल्य सामग्री प्रस्तुत करेंगे, ऐसी पूर्ण सम्भावना है।

आमेर, पाटन, पूना, कारजा आदि के भडारो मे सुरक्षित प्राचीन देवनागरी लिपि बद्ध कुछ ग्रन्थ प्रतियाँ १२ वी शताब्दी(ई०)तक की है। निश्चित तिथि तथा लेखन स्थान से युक्त ऐसी प्रतियो की एक क्रमबद्ध श्रखला छाँट लेने से नागरी अक्षरो मे, समय के साथ साथ होने वाले क्रमिक विकास का एक कोष्ठक तैयार किया जा सकता है और उसके द्वारा स्व० प० गौरीशकर हीराचन्दा ओझा तथा ब्हूलर साहब ने, शिलालेखीय आधारो पर जो तालिकाये निर्माण की हैं, उनकी पूर्ति हो सकती है। कुछ विद्वानो का ध्यान ऐसी प्रतियो की ओर आकर्षित हो भी चुका है। मुनि पुण्य विजय जी द्वारा लिखित 'जैन चित्र कल्पद्रुम' (अहमदाबाद १९३५) की भूमिका, अक्षर विज्ञान एवं लेखन कला पर एक ठोस देन है, और कम से कम जहाँ तक गुजरात के भडारो मे सग्रहीत प्रतियो का सम्बन्ध है, उक्त विषयो पर अच्छा प्रकाश डालती है।

प्रो० एच० आर० कापडिया ने भी अपने निबन्धों में उक्त विषय के कुछ अंगों का विवेचन किया है ।*

चित्र कला—इन हस्तलिखित प्रतियों पर से लघु चित्रकला (मिनियेचर पेन्टिग) सम्बन्धी सामग्री का आशिक उपयोग मि० ब्राउन, नवाब तथा अन्य विद्वानो ने किया है। अभी हाल में हमने नागौर के वर्तमान भट्टारक जी के पास, यशोधर चरित्र की १७ वी शताब्दी की एक अति सुन्दर चित्र प्रति देखी थी, जो कि शिकागो विश्व प्रदर्शिनी मे भी प्रशसा प्राप्त कर चुकी है। जैन गुहा-चित्रो के सबन्ध मे पुद्दुकोटा राज्य के श्री एल गरोश शर्मा ने, अपनी पस्तक 'सित्तनवासल जैन गुहा चित्रावली एव चित्रकला' मे उक्त विषय पर अच्छा प्रकाश डाला है। डा० हीरानद शास्त्री ने भी जैन चित्रकला पर लिखा है। सिगनपुर (रायगढ) आदि की प्रागैतिहासिक चित्र कला मे भी जैन प्रभाव लक्षित होता है।× अनेक प्राचीन अर्वाचीन जैन मन्दिरो मे बहुलता से पाये जाने वाले भित्ति चित्र तथा जैन पौराणिक रूपक एव सकेत चित्र भी पर्याप्त सख्या मे उपलब्ध हैं। किन्तु इस समस्त सामग्री के न्यूनाश का भी उपयोग नही हो पाया है।

प्रशस्त्यादि—अधिकतर हस्तलिखित प्रतियो मे उनकी लेखन तिथि दी हुई होती है और उनमे ऐसी काल निर्णायक सामग्री पर्याप्त मात्रा मे होती है जो कि जैन सघ के मध्यकालीन इतिहास के लिये तो अत्यन्त उपयोगी है ही, साथ ही भारत के राजनैतिक इतिहास सबन्धी अनेक महत्त्वपूर्ण घटनाओं के तिथि निर्णय मे तथा ज्ञात तिथियो की पुष्टि करने मे बहुधा उपयोगी सिद्ध हुई है और हो सकती है।

जैन ग्रन्थ प्रतियो मे पाई जाने वाली ये प्रशस्तियें, पुष्पिकाएँ आदि बहुधा तीन प्रकार की होती हैं—(१) ग्रन्थकार द्वारा निबद्ध—जिनमे वह अपने सम्बन्ध

---

*See Outlines of, Paleography and the Jaina Mss. J. U. B, VI 2. VII 2.

×See Prehistoric Jaina Paintings—J. A., X 2, XI,

की अनेक सूचना, अपनी गुरु परम्परा, कब, किसके लिये, किसके राज्य या आश्रय मे अथवा प्रेरणा पर ग्रन्थ की रचना हुई, इत्यादि बातों की सूचना देता है। (२) प्रति लेखक अथवा लिपि कर्त्ता की प्रशस्ति, लिपिकार का परिचय, लेखन तिथि तथा जिसके लिये वह प्रति लिखी गई अथवा जिसके द्वारा लिखवाई गई, आदि सूचनाएँ दी होती हैं। (३) दानी की प्रशस्ति मे उक्तदानी का तथा उसके परिवार, वश आदि का परिचय तथा किस साधु या मदिर को वह प्रति दान की गई, आदि बातो का उल्लेख रहता है। इस प्रकार की सूचनाएँ कर्णाटक एव तामिल देश की प्रतियो की अपेक्षा गुजरात, मध्य भारत आदि की प्रतियो मे अधिक बहुलता के साथ पाई जाती है। अहमदाबाद से एक विशाल, लेखक प्रशस्ति सग्रह, प्रकाशित हो चुका है, स्व० पूर्णचन्द नाहर ने भी, एक प्रशस्ति सग्रह, प्रकाशित किया था जैन सिद्धान्त भवन आरा से, ५४ दिगम्बर जैन ग्रन्थो की प्रशस्तियो का सग्रह प्रकाशित हुआ है। वीर सेवा मदिर, देहली से सस्कृत तथा अपभ्र श प्रशस्तियो के दो पृथक पृथक सग्रह प्रकाशित होने की योजना है, आमेर भडार का प्रशस्ति सग्रह भी प्रकाशित होने वाला है। ऐ० पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन बम्बई व झालरापटन की वार्षिक रिपोर्टों मे भी कुछ प्रशस्तिये प्रकाशित हुई हैं। यदि प्रयत्न किया जाय तो ऐसे कितने ही अन्य सग्रह सुगमता से प्रकाशित किये जा सकते है। प्रो० एस० श्री कठ शास्त्री द्वारा सकलित 'कर्णाटक इतिहास के साधन—भा० १' (मैसूर १९४०) से स्पष्ट है कि ऐतिहासिक रचनाओ को अ शत अथवा पूर्णत. सकलित करने के लिए, तथा उनका परस्पर सबध बैठाने के लिए जैन ग्रन्थ प्रशस्तिया एक अत्यन्त मूल्यवान साधन है। हमने स्वय कई प्राचीन एव मध्यकालीन लेखको के इतिवृत्त का निर्माण करने मे विभिन्न प्रशस्तियों का उपयोग किया है। डा० वासुदेव शरण अग्रवाल ने भी जैन ग्रन्थ प्रशस्तियो एव पुष्पिकाओ के महत्त्व पर प्रकाश डाला है। यदि इन प्रशस्त्यादि का सुचारू सकलन कर लिया जाय तो उन अनगिनत प्रतिमाभिलेखो के साथ, जो जैन मूर्तियो पर खुदे मिलते है और जिनमे से कुछ प्रकाशित भी हो चुके है, तथा अन्य जैन

पुराभिलेखों के साथ उनका तुलनात्मक अध्ययन करने से, न केवल नवीन तथ्य प्रकाश मे आयेगे वरन सुपरिचित घटनाओ तथा अन्य ऐतिहासिक तथ्यों का परस्पर सम्बध भी स्थापित किया जा सकेगा और कालानुक्रमिक अध्ययन में महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष प्राप्त होगे। इस प्रकार के पृथक २ विभिन्न सूचनाँशो का परस्पर सबध बैठाने से ही, ग्रन्थराज श्रीधवल की एक मात्र उपलब्ध मूल-प्रति के लेखन काल का निर्णय किया जा सका और मल्लिभूपाल को चीन्हा जा सका। आज यह विषय एक भाग्यानुसारी क्रीडा हो रही है, किन्तु इसमे से यह सयोगतत्व, गिरनाट की 'रिपर्टरी डी एपिग्रैफी जैना' नामक ग्रन्थ के आदर्श पर, इन सर्व साधनो से सबधित नामादि अनुक्रमणिकाये निर्माण करके निकाल दिया जा सकता है। प्रशस्तियो और अभिलेखो से जो समय सबधी सामग्री प्राप्त होती है वह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। कभी-कभी तो ये तिथियें इतनी सुनिश्चित पाई जाती है, कि व्हिटने का बहुधा उद्धृत कथन, कि "भारतीय साहित्य के इतिहास की तिथियाँ ऐसे पूर्वापर असम्बद्ध तथा पृथक २ स्थापित सकेत चिन्ह है जो पुन विचारनीय एव चिन्तनीय हैं"—सन् १८७९ मे भले ही सत्य रहा हो, किन्तु अब वह अनेक अपवादो के साथ ही ग्रहण किया जा सकता है।

पुराभिलेख—राइस, नरसिंहाचार्य, गिरनाट, आयगर, शेशागिरि राव, सालतोर तथा अन्य विद्वानो ने उन जैन पुराभिलेखो का उपयोग सफलतापूर्वक किया है जो जैन धर्म के इतिहास के विविध अगो पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश डालते हैं और बहुधा तत्कालीन नरेशो, राजपुरुषो तथा अन्य राजनैतिक बातो का भी उल्लेख करते है। जैन मूर्तियो तथा मदिरादिको पर अंकित अभिलेख जिनमे से कितने ही बुद्धिसागर, जिन विजय जी, नाहर, कामता प्रसाद, कान्तिसागर, गोविन्द प्रसाद आदि विद्वानो द्वारा प्रकाश मे लाये जा चुके है, साहित्यिक एव ऐतिहासिक कालानुक्रम का निर्णय करने मे बहुत उपयोगी है, क्योकि उनमे प्रमुख आचार्यों का जोकि बहुधा ग्रन्थकार भी होते थे, प्राय उल्लेख रहता है। 'एपिग्राफिका कर्नाटिका' मे सकलित जैन अभिलेख, कर्णाटक प्रात के इतिहास मे

जैन धर्म का जो भाग रहा है, उसके व्यवस्थित ज्ञान के लिए अतीव उपयोगी सिद्ध हुए है। यह बात श्री बी० ए० सालतोर कृत मैडिवल जैनिज्म (बम्बई १९३८) तथा प्रो. एस. आर. शर्मा कृत 'जैनिज्म एड कर्णाटिक कल्चर' (धारवाड १९४०) से भली प्रकार प्रमाणित हो जाती हैं। निजाम राज्य के पुरातत्त्व विभाग द्वारा प्रकाशित, कोप्पल से प्राप्त कन्नडी शिलालेखो पर लिखे गये निबध मे राज्य के अन्य स्थानों से भी प्राप्त, जैन अभिलेखो के महत्त्वपूर्ण उदाहरण दिये गये है। यह विभाग प्रसिद्ध पुराविद, गुलाम यजदानी की अध्यक्षता मे कार्य कर रहा था और आशा थी कि उसके द्वारा अन्य अनेक जैन शिलालेख शीघ्र ही प्रकाश मे आयेंगे। देवगढ आदि स्थानो मे प्राप्त, तथा 'एपिग्रेफिका इ डिका' मे प्रकाशित शिलालेखो को देखने से पता चलता है कि अनेक जैन शिलालेख सरकार के पुरातत्त्व एव प्राच्यतत्त्व विभागो के भडार गृहो मे केवल इसीलिये व्यर्थ पडे हुए है कि राजनैतिक इतिहास की दृष्टि से वे प्रत्यक्ष उपयोगी नही जान पडते। इन समस्त अभिलेखो को तुरन्त प्रकाशित कर देना इन विभागो के लिए अवश्य ही कठिन कार्य था, विशेषत जबकि बृटिश सरकार का व्यवहार ऐसे सास्कृतिक विभागो की ओर विमाता सरीखा रहा है। अब स्वतत्र भारत मे, अपनी राष्ट्रीय सरकार से इस दिशा मे बहुत कुछ आशा है। यदि सरकार इस कार्य को स्वय हाथ मे न भी लेना चाहे तो भी प्राच्याध्ययन के हित मे यह अच्छा होगा कि वे लेख उन विद्वानो के सिपुर्द कर दिये जॉय, जो जैन पुराभिलेखो मे दिलचस्पी रखते है तथा जो भडारकर प्राच्यविद्या-मदिर पूना, भारतीय विद्याभवन, बम्बई प्रभृति सस्थाओ मे कार्य कर रहे है। इनमे से अनेक अभिलेख देश के राजनैतिक इतिहास की दृष्टि से भले ही महत्त्वपूर्ण न हो, किन्तु जैन साहित्यगत लेखको तथा स्थानो को चीन्हने और विभिन्न प्रदेशो से सबंधित जन सघ का इतिहास निर्माण करने मे, अवश्य ही उपयोगी कुजिये प्रदान कर सकते हैं।

जिस प्रकार भडारकर ने कीलहार्न द्वारा सकलित शिलालेख सूची का सशोधन संवर्द्धन करके, उसे आधुनिक काल तक पूर्ण कर दिया, उसी प्रकार

यह नितान्त आवश्यक है कि कोई विद्वान, जो ऐसे केन्द्र मे कार्य कर रहा हो, जहाँ पुरातत्त्व व अभिलेखादि सम्बन्धी समग्र प्रकाशन एव अन्य सामग्री उपलब्ध अथवा सुलभ हो, गिरनाट के उपर्युलिखित महत्वपूर्ण ग्रन्थ का सशोधन सवर्द्धन करके, उसे वर्तमान काल तक पूर्ण करने का प्रयत्न करे। बा० छोटेलाल ने अपनी 'जैन बिबलियोग्रेफी' मे सन् १९०६ से १९२५ तक के प्रकाशित अ ग्रेजी जैन साहित्य, उद्धरण एव अभिलेख सूचनाओ को सकलित करने का प्रयत्न किया है। किन्तु शिलालेखो के सम्बन्ध मे यह ग्रथ उतना सतोषजनक एव प्रमाणीक नही है। देश के विभिन्न भागो से प्राप्त अनेक जैन शिलालेख प्रकाश मे आ चुके हैं। किन्तु एक पूर्ण 'जैना एपिग्रेफी' के अभाव मे उनमे निहित तथ्यो का यथोचित लाभ उठाया जाना कठिन है। समस्त प्रकाशित जैन शिलालेखो के एक आधुनिकतम विवरण से जैनाध्ययन को निश्चयत भारी प्रगति मिलेगी।

मूर्त्तिकला—जैन मूर्त्तिकला भारतीय मूर्त्तिकला का महत्वपूर्ण अ ग है। भारतवर्ष के अनगिनत मदिरो मे विद्यमान असख्य जैन मूर्त्तियो तथा जन ग्रन्थो मे उपलब्ध तत्सबधी प्रचुर साहित्य के होते हुए भी, जैन मूर्त्तिकला एव विज्ञान का अध्ययन अभी तक अपनी शैशवावस्था मे ही है। इस दिशा मे जो महत्त्वपूर्ण कार्य हुआ है, उसमे जे० बरगेस तथा जे० एल० जैनी का, 'दिगम्बर जैन' 'आइकोनोग्रेफिये' बी० सी० भट्टाचार्य की 'दी जैना आइकोनोग्रेफी' (लाहौर १९३९) इत्यादि हैं किन्तु इनमे सशोधन सवर्द्धन की पर्याप्त आवश्यकता है। इस विषय की और अधिक उल्लेखनीय कृतियाँ, डा० एच. डी. साँकलिया कृत 'जैना आइकोनोग्रेफी' (एन आई ए, २८) 'जैन यक्ष यक्षणिया', 'बडौदा राज्य की तथा कथित बौद्ध मूर्त्तियाँ' (बुलेटिन आफ दी डेकन कालिज, आर आई I, २-४), 'नेमिनाथ के ससार त्याग कल्याणक का प्रस्तराँकन' (आई० एच० क्यू XVII, भा० २) 'एक जैन देवी की अद्भुत आकृति,' 'पीतल का जैन गणेश' (जे. ए.–IV पृ० ८४, V पृष्ठ ४६) इत्यादि हैं। डा० विनयदेव भट्टाचार्य (प्राच्य विद्याभवन, बडौदा) के निर्देशत्व मे, बडौदा के श्री यू पी शाह ने जैन

मूर्तिविज्ञान, पर कार्य किया है और तद्विषयक मूल आधारो से पर्याप्त सामग्री एकत्रित की है। उनके कुछ महत्त्वपूर्ण लेख प्रकाशित भी हो चुके हैं, यथा जैन देवी अम्बिका, जैन सरस्वती आदि (जे. यू. बी, १९४०–४१) डा० अग्रवाल ने जैन शिलालेखो पर से जैन मूर्तिविज्ञान सम्बन्धी कतिपय शब्दो की व्याख्या की है (जे ए V पृ० ४३)। उन्होने तथा श्री कृष्णदत्त बाजपेयी, एम० एम० नागर आदि ने, विशेषरूप से मथुरा की प्राचीन जैन मूर्त्तकला पर कई उपयोगी लेख लिखे है। मथुरा की जैन सरस्वती पर हमारा भी एक लेख प्रकाशित हुआ है। डा० मोतीचन्द्र के तद्विषयक लेख भी महत्त्वपूर्ण है। श्री के के गांगुली के लेख 'बगाल की जैन मूर्त्तिया' (जे सी --VI,२ पृ० १३७) से प्रकट है, कि देश के इस भाग की खोज और अधिक जाचपूर्वक किये जाने की आवश्यकता है। एक स्फूर्तिदायक लेख 'जैन धर्म और भट्टकल पुरातत्व' (बम्बई प्रान्तीय कन्नड अनुसधान की वार्षिक रिपोर्ट, १९३९-४०, धारवाड, १९४१, पृ० ८१) मे, उक्त अनुसधान निर्देशक श्री आर एस पचमुखी ने, जैन मूर्त्ति विज्ञान के कतिपय अगो पर सरसरी दृष्टि से विचार किया है। उनके कुछ सामान्य कथन अप्रमाणिक होते हुए भी, उसमे उन्होने दक्षिणात्य जैन धर्म का शृ खला-बद्ध विवरण दिया है और भट्टकल तथा उन अन्य स्थानो की जो किसी समय जैन सस्कृति के प्रसिद्ध केन्द्र थे, कतिपय नवीन मूर्तियो को प्रकाश मे लाये हैं। मुनि कान्ति सागर, अशोक कुमार भट्टाचार्य आदि कुछ अन्य विद्वानो ने भी इस विषय पर लेखादि लिखे है। जैन मूर्त्तिविज्ञान और जैन देववाद तथा जैनधर्म मे मूर्त्तिपूजा का विकास एव इतिहास—इन्हे पृथक २ विषय मानकर ऐतिहासिक पूर्वपीठिका के साथ उक्त अध्ययन का प्रारभ करना अधिक उपयुक्त होगा। ये दोनो विषय आगे चलकर एक मे ही गर्भित हो जाते हैं अत प्रारभ मे ही उनके बीच भ्रान्ति न होने देना ठीक होगा। ये अध्ययन अभी अपनी प्रारभिक अवस्थाओ मे है। हिन्दू, बौद्ध और जैन मूर्त्तिविज्ञान की परस्पर समानताओ पर लक्ष्य देना आवश्यक है, किन्तु बिना ठोस प्रमाण के सहसा ऐसे कथन कर देना कि अमुक बात, अमुक ने, अमुक से ग्रहण की है, उचित नही है।

स्थापत्य—जैन स्थापत्य का अध्ययन तो और भी कम हो गया है। विन्सेन्ट स्मिथ कृत 'मथुरा का जैन स्तूप तथा अन्य पुरातत्त्व' नामक ग्रन्थ बहुत महत्व पूर्ण है। आबू के जैन मन्दिरो पर पर्याप्त लिखा जा चुका है। फर्गुसन आदि ने भी प्रसगत: जैन स्थापत्य पर किंचित प्रकाश डाला है किन्तु इस विषय का भी यथोचित अध्ययन अभी तक नही हो पाया है। स्तूप, निषद्या, मन्दिर, बसति, गुहा आदि विभिन्न रूपो तथा देश कालानुसार विविध शैलियो मे उपलब्ध जैन स्थापत्य की अपनी निजी सास्कृतिक विशेषताएँ भी हैं।

इस प्रकार जैनाध्य्यन की कतिपय स्थूल शाखाओ का यह सक्षिप्त निर्देश है। अनेक जैन व अजैन विद्वान इन विषयो मे अपनी-अपनी रुचि एव साधन सुविधाओ के अनुसार कार्य कर रहे है। कई एक साहित्यक अनुसधान सस्थाए और उत्तम कोटि की पत्र-पत्रिकाए भी चालू है। प्राच्याध्य्यन के अन्तर्गत जैनाध्य्यन का प्रारम्भ और बहुत काल तक नेतृत्व भी पाश्चात्य विद्वानो ने किया था। अत तत्सम्बन्धी साहित्य भी अगरेजी आदि विदेशी भाषाओ मे ही लिखा जाता रहा है। किन्तु अब समय आगया है कि जैनाध्य्यन सम्बन्धी सर्व प्रकार के निर्देशात्मक ग्रथ कोष, सूचियें, विवरण, विवेचन, लेख, निबन्धादि राष्ट्रीय व लोकभाषा हिन्दी मे ही लिखे जॉय। इससे जैनाध्ययन को विशेष प्राप्ति मिलेगी, जो कि भारतीय सस्कृति के समुचित ज्ञान, मूल्याँकन एव विकास के लिये परमावश्यक है।

विज्ञप्ति

जैन धर्म, सस्कृति, इतिहास पुरातत्व, प्रकाशित व अप्रकाशित साहित्य आदि से सम्बन्धित, सर्व प्रकार की जिज्ञासा के समाधान के लिये निम्नाकित सस्थाओ, प्रकाशको तथा व्यक्तियो को पत्र लिखने से यथोचित उत्तर प्राप्त हो सकता है —

१. अधिष्ठाता, वीर सेवा मन्दिर, ७/२१ दरियागज, देहली।

२. जैन सिद्धान्त भवन, आरा बिहार।

३. भारतीय ज्ञानपीठ काशी, दुर्गाकुण्ड रोड, बनारस।

४. जैन कल्चरल इन्स्टीट्यूट, ७/३ हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस।

५. दिगम्बर जैन सघ, चौरासी मथुरा।

६. दि० जैन परिषद कार्यालय, दरियागज, देहली।

७. जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय, हीराबाग पो०, गिरगाँव, बम्बई।

८ दिगम्बर जैन पुस्तकालय, चान्दवाडी, सूरत।

९. लाला पन्नालाल जैन अग्रवाल, ३८७२, चर्खेवालान, गली कन्हैयालाल अत्तार, देहली।

१०. ज्योतिप्रसाद जैन, एम० ए०, एल० एल० बी०, ७४-७५, ठठेरवाडा, मेरठ शहर। अथवा—यूनियन मैडिकल स्टोर्स, कैसर बाग, लखनऊ।

११. जैन सूचना ब्युरो, ५८७, सदर बाजार, दिल्ली।

हिन्दी विभाग

हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत तथा अपभ्रंश की पुस्तकें

अकबर और जैन धर्म—ले० रामास्वामी आयंगर, अनु० कृष्णलाल वर्मा, प्र० आत्मानन्द जैन ट्रैक्ट सोसाइटी अम्बाला, भा० हि०, पृ० १४, व० १९८८।

अकल सीखने की पुस्तक—ले० श्रावक दुलीचन्द, प्र० लेखक स्वयं जयपुर, पृ० ३१, भा० हि०, आ० प्रथम।

अकलंक ग्रंथ त्रयम्—ले० श्रीमद्भट्टाकलंकदेव' सपा० प० महेन्द्रकुमार न्या० आ०, प्र० सिंधी जैन ग्रथ माला अहमदाबाद-कलकत्ता, भा० स०, पृ० ३६४, व० १९३९ ई०, आ० प्रथम, (लघीस्त्रयम्, न्याय विनिश्चय, प्रमाण संग्रह)।

अकलंक चरित्र और अकलंक स्तोत्र—सपा० प० पन्नालाल बाकलीवाल, प्र० जैन साहित्य प्रसारक कार्यालय बम्बई, भा० स० हि०, पृ० १८।

अकलंक देव की कथा—ले० बख्तावर रतनलाल, भा० हि०, पृ० १६, व० १९१२ ई०, प्र० जैन ग्रथ प्रचारक कार्यालय देवबद, आ० प्रथम।

अकलक नाटक—ले० सिद्धसेन जैन गोयलीय, प्र० जैन पाठशाला रिवाड़ी, भा० हि०, पृ० १०३, व० १९२८ ई०, आ० प्रथम।

अग्रवाल इतिहास—ले० अज्ञात, अनु० बी० एल जैन, प्र० लेखक स्वय बाराबकी, भा० हि०, पृ० २४।

अंगपण्णत्ति—ले० शुभचन्द्र, भा० प्रा० सं०, (सिद्धान्त सारादि संग्रह में प्रकाशित)।

अच्छी आदतें डालने की शिक्षा—ले० दयाचद्र जैन; भा० हि०, पृ० ३६, व० १९१५।

अजिताश्रम पाठावली—सपा० सक०-प० अजितप्रसाद एडवोकेट, प्र० ए० पी० जिंदल, अजिताश्रम, लखनऊ, भा० स० हि०, पृ० ७२, व० १९३५ ई०, आ० प्रथम ।

अजैन विद्वानों की जैन धर्म के विषय में सम्मतियाँ—(प्रथम भाग) सक० मा० बिहारीलाल, प्र० ज्ञानवर्धक जैन पाठशाला अमरोहा, भा० हि०, पृ० १७, व० १९१५ ई०, आ० प्रथम ।

अजैन विद्वानों की जैन धर्म के विषय में सम्मतियाँ द्वितीय भाग—सक० मा० बिहारीलाल, प्र० ज्ञानवर्धक जैन पाठशाला अमरोहा, भा० हि०, पृ० ३१, व० १९१५ ई०, आ० प्रथम ।

अठाई रासा—प्र० बा० सूरजभान वकील देवबद, भा० हि०, व० १८९८ ।

अठारह नाते (पद्य)—ले० यति नयनसुखदास, प्र० ज्ञानचद जैनी लाहौर, भा० हि०, पृ० ३२, व० १९१० ई०, आ० द्वितीय ।

अठारह नाते की कथा—ले० अज्ञात, प्र० जिन वाणी प्रचारक कार्यालय कलकत्ता, भा०, हि०, पृ० ६ ।

अढ़ाई द्वीप पूजन विधान—ले० प० कमलनयन, प्र० मूलचद किशनदास कापडिया सूरत, भा० हि०, पृ० ३४९, व० १९४४ ई०, आ० प्रथम ।

अतीत जिन चतुर्विंशतिका—ले० जयतिलक सूरि, भा० प्रा० स० ।

अद्भुत रामचरित्र (प्रथम तुग-बनवास)—ले० यति नयनसुखदास, प्र० ला० होशियारसिंह सोनीपत, भा० हि०, पृ० २३, व० १९१५ ई०, आ० प्रथम ।

अद्भुत रामचरित्र (दूसरा तुग–युद्ध-काड)—ले० निरजनदास, प्र० ला० होशियारसिंह सोनीपत, भा० हि०, पृ० ६८, व० १९१६ ई०, आ० प्रथम ।

अद्भुत रामचरित (तीसरा तुंग-अयोध्या कांड)—ले० निरन्जनदास,

प्र० ला० होशियार सिंह सोनीपत, भा० हि०, पृ० २२, व० १६१५ ई०, भा० हि०, आ० प्रथम ।

अद्भुत रामचरित (चौथा तुंग-वैराग्य कांड)—ले० निरंजनदास, प्र० ला० होशियारसिंह सोनीपत, भा० हि०, पृ० १८, व० १६१६, भा० हि० ।

अध्यात्म संग्रह—(२८ रचनाओ का सग्रह)-भा० हि० स०, पृ० ३८८ ।

अध्यात्म तरंगिणी—ले० सोमदेव, भा० स०, पृ० १० ।

अध्यात्म पंचासिका-ले० अज्ञात, भा० हि० ।

अध्यात्म कमल मार्तण्ड—ले० कवि राजमल्ल, संपा० प्रो० जगदीश चन्द्र, प्र० माणिकचन्द दि० जैन ग्रन्थमाला बम्बई, भा० स० ।

अध्यात्म कमल मार्तण्ड—ले० कवि राजमल्ल, अनु० सपा० दरबारी लाल कोठिया और प० परमानन्द शास्त्री; प्र० वीर सेवा मन्दिर सरसावा; भा० स० हि०, पृ० ११०, व० १६४४, आ० प्रथम ।

अध्यात्म विचार—ब्र० मोतीलाल, भा० हि०, पृ० ३४, व० १६३० ।

अध्यात्म ज्ञान—सपा० ब्र० शीतल प्रसाद जी, प्र० मूलचन्द किशनदास कापड़िया सूरत, भा० हि०, पृ० १६, व० १६३१ ई० आ० प्रथम ।

अध्यात्माष्टवाम्—ले० वादिराज सूरि, भा० स० ।

अध्यात्मिक निवेदन—सपा० ब्र० शीतल प्रसाद जी, प्र० आत्मधर्म सम्मेलन सूरत, भा० हि०, पृ१६, व० १६२५ ई० आ० प्रथम ।

अनगार धर्मामृत—ले० प० आशाधर जी, सपा० प० वशीधर व प० मनोहरलाल, प्र० माणिकचन्द दि० जैन ग्रथमाला बम्बई, भा० स०, पृ० ६६२ व० १६१६ ई० आ० प्रथम ।

अनगार धर्मामृत—(टीका) ले० प० आशाधर जी, अनु० टी०-प० खूबचन्द शास्त्री, प्र० सेठ खुशालचन्द मानाचन्द गांधी शोलापुर, भा० सं० हि०, पृ० ६३६, व० १६२७ ई०, आ० प्रथम ।

अनमोल बूटी—ले० मा० बिहारीलाल, भा० हि०, पृ० ५१, व० १६१४ ।

अनमोल रत्न अर्थात् आत्म कल्याण का उपाय—ले० शालिग्राम लमेचु, प्र० कुन्थूलाल इलाहाबाद, भा० हि०, पृ० १७, व०, १६१३ ई० ।

अन्य धर्मों से जैन धर्म में विशेषताएँ—ले० अजितकुमार शास्त्री, भा० हि०, पृ० ३१, व० १६२७ ।

अनन्तमती—ले० कृष्णलाल वर्मा, भा० हि० ।

अनाथरुदन—ले० प० न्यामतसिंह, प्र० स्वय हिसार, भा० हि०, पृ० ८, व० १६२४ ई०, आ० चतुर्थ ।

अनादि गणित—ले० नत्थनलाल जैन, प्र० स्वय देहली, भा० हि०, पृ० ३२, आ० प्रथम ।

अनावश्यक दि० जैन मूर्त्ति पूजा—ले० प्र० चम्पालाल जैन सोहागपुर, भा० हि०, पृ० ४६, व० १६४० ।

अनित्य भावना—(पद्मानुवाद)—ले० प० जुगलकिशोर मुख्तार, प्र० जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय बम्बई, भा० हि०, पृ० २०, व० १६२४, आ० प्रथम ।

अनित्य भावना—ले० पद्मनन्द्याचार्य, अनु० सपा०-प जुगलकिशोर मुख्तार, प्र० वीर सेवा मन्दिर सरसावा, भा० स० हि०, पृ० ४८, व० १६४६ ई०, आ० तृतीय, मूल्य ।

अनुभव प्रकाश—ले० दीपचन्द, प्र० लखमीचन्द वेणीचन्द कुडुंयाड़ी, भा० हि०, पृ० ११८ ।

अनुभव माला—ले० ब्र० नन्दलाल, भा० हि० (पद्य), पृ० १५, व० १६३२ ।

अनुभवानन्द—स० ब्र० शीतल प्रसाद जी, प्र० जैन मित्र कार्यालय बम्बई, भा० हि०, पृ० १२८, व० १६१२, आ० प्रथम ।

अबलाओं के आँसू—ले० अयोध्या प्रसाद जैन गोयलीय, प्र० जौहरीमल जैन सर्राफ देहली, भा० हि०, पृ० ७६, व० १६२६, आ० प्रथम।

अभिषेक पाठ संग्रह—सपा० पन्नालाल सोनी, भा० स०, पृ० ३६१, व० १६३५।

अभिषेक पाठ समीक्षा—ले० प० राजकुमार शास्त्री, प्र० सेठानी गुलाब बाई प्यार कुंवर बाई जी इन्दौर, भा० हि०, पृ० १६, व० १६४१।

अभिषेक पूजा पाठ संग्रह—प्र० माणिकचन्द सरावगी कलकत्ता, भा० हि०, पृ० १४८, व० १६४२।

अनेकार्थ रत्न मंजूषा—सपा० प्रो० हीरालाल, भा० स० पृ० १५६, व० १६३२।

अभिषेक पाठ—ले० पूज्यपादाचार्य, अनु० प० जिनदास, भा० स० हि०, पृ० ४८।

अमर जीवन और सुख का सदेश—ले० चम्पतराय जैन बैरिस्टर; अनु० बा० कामता प्रसाद जैन, भा० हि०; पृष्ठ १५।

अमितगति श्रावकाचार—ले० आचार्य अमितगति, अनु० टी० पं० भागचन्द्रजी; प्र० मुनि श्री अनन्तकीर्ति, दि० जैन ग्रन्थशाला बम्बई; भा० सं० हि०; पृ० ४४०; व० १६४२; आ० प्रथम।

अमृताशीति—ले० योगीन्द्रदेव; भा० सं०, पृ०, (सिद्धान्त सारादि सग्रह मे पृ०।

अर्थ का अनर्थ—(बृहद विमल पुराण की समालोचना)—प्र० जिनवाणी प्रचारक कार्यालय कलकत्ता; भा० हि०; पृ० ८७; व० १६२४; आ० प्रथम।

अर्थ प्रकाशिका—ले० प० सदासुखदास जी; प्र० कलप्पा भरमप्पा निटवे कोल्हापुर; भा० हि०; पृ० ७४३; व० १६०२; आ० प्रथम।

अर्थ प्रकाशिका (तत्त्वार्थसूत्र टीका)—मूल ले० आचार्य उमास्वामि; अनु० टी०-पं० सदासुखदास जी; प्र०-भारतीय जैन सिद्धान्त प्रकाशनी संस्था कलकत्ता; भा० हि०; पृ० ५४३; व० १६१६; आ० प्रथम।

अर्थ प्रकाशिका—ले० आचार्य उमास्वामी, टी० पं सदासुखदास जी; प्र० मूलचन्द किशनदास कापडया सूरत; भा० हि०; पृ० ४६८; व० १६४० ।

अर्घावली—प्र० सुमतिलाल, भा० हि०, पृ० १७।

अर्जुनलाल सेठी का जीवन चरित्र—प्र० चन्द्रसेन जैन वैद्य, भा० हि०; पृ० १५ ।

अर्जुनमाली—ले० डी० टी० शाह, भा० हि० ।

अर्थसंदृष्टि अधिकार—ले० पं० टोडरमल जी, प्र० भारतीय जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी सस्था कलकत्ता, भा० हि०, पृ० ३०८, आ० प्रथम ।

अर्द्ध कथा—ले० प० बनारसीदास जी, संपा० डा० माताप्रसाद गुप्त, प्र० हिन्दी परिषद प्रयाग, भा० हि०- पृ० ७३, व० १६४१, आ० प्रथम ।

अर्द्ध कथा—ले० प० बनारसीदास जी, सपा० डा० माताप्रसाद गुप्त; प्र० प्रयाग विश्वविद्यालय हिन्दी परिषद प्रयाग, भा० हि०, पृ० ५६, व० १६४३ ।

अर्द्ध कथानक—ले० प० बनारसीदास जी, सं० प० नाथूराम जी प्रेमी, प्र० हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय बम्बई, भा० हि०, पृ० १०२; व० १६४३, आ० प्रथम ।

अर्हत्प्रवचनम्—ले० प्रभाचन्द्राचार्य, भा० स०, (सिद्धान्त सारादि सग्रह मे) प्र० ।

अर्हत पासा केवली—(अर्हन्त पासा केवलि)–ले० कविवर वृन्दावन जी; सपा० प० नाथूराम प्रेमी, प्र० जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय बम्बई, भा० हि० पृ० २४, व० १६१०, आ० द्वितीय ।

अलकार चिन्तामणि—ले० अजितसेनाचार्य, प्र० सखाराम नेमचन्द दोशी शोलापुर, भा० स०, पृ० १६२, व० १८२६ शक ।

अवध परिचय—(अवध प्रान्त की जैन डाइरेक्टरी)–सपा० प० रामलाल पचरत्न, प्र० जिनेन्द्रचन्द्र मन्त्री अवध प्रान्तीय दि० जैन परिषद लखनऊ, भा० हि०, व० १६४५, आ० प्रथम ।

[illegible] के [illegible]—प्र० दिगम्बर जैन [illegible] सुर्वा, भा० हि०, पृ० २१।

अष्ट पाहुड़—ले० कुन्दकुन्दाचार्य; टी० पं० [illegible], प्र० मुनि अनन्त कीर्ति ग्रंथमाला बम्बई, भा० प्रा० हि०, पृ० ४१६; व० [illegible], आ० [illegible]।

अष्ट पाहुड़—ले० कुन्दकुन्दाचार्य, अनु० टी० पं० [illegible] जैन न्याय तीर्थ, प्र० भारतवर्षीय जैन ग्रन्थरक्षक सोसाइटी देहली, भा० प्रा० हि०, पृ० १४७, व० १९४३, आ० प्रथम।

अष्ट शती—ले० भट्टाकलंकदेव, (आप्तमीमांसा तथा अष्ट सहस्री के साथ प्रकाशित)।

अष्ट सहस्री—ले० विद्यानन्द स्वामी, संपा० पं० वंशीधर, प्र० सेठ [illegible] आकलूज, भा० सं०, पृ० २९५, व० १९१५, आ० प्रथम।

अष्ट सहस्री तात्पर्य विवरणम्—ले० यशोविजय गणी, प्र० श्री जैन ग्रंथ प्रकाश सभा अहमदाबाद, भा० सं०, पृ० ४२८, व० १९३७।

अष्टांग हृदय—ले० श्रीमद्वाग्भट्ट, प्र० पन्नालाल जैन देश हितैषी [illegible] बम्बई।

अष्टाह्निका पूजन व महात्म्य—ले० हेमराज जी, संग्रह० सिंघई [illegible], पन्नालाल, प्र० स्वयं अमरावती, भा० हि०, पृ० १८, व० १९२१।

असहमत संगम—ले० चम्पतराय बैरिस्टर, अनु० कामता प्रसाद जैन, प्र० लेखक स्वयं हरदोई, भा० हि०, पृ० ५१२, व० १९२२, आ० प्रथम।

[illegible]—ले० [illegible]पाल जैन, प्र० मधुकर कार्यालय टीकमगढ़, भा० हि०, पृ० ६६, व० १९४३, आ० प्रथम।

अहिक्षेत्र पार्श्वनाथ पूजा—ले० कल्याण कुमार शशि, प्र०, [illegible], भा० हि०, पृ० ३६, व० १९४०।

अहिंसा—ले० ब्र० शीतल प्रसाद, प्र० जैन मित्र मंडल देहली, भा० हि०, पृ० २०, व० [illegible], आ० द्वितीय।

अहिंसा—ले० पं० कैलाश चन्द शास्त्री, प्र० चम्पावती जैन पुस्तक माला अम्बाला छावनी, भा० हि० पृ० ४८, व० १९३०, आ० प्रथम।

अहिंसा अर्थात् आनन्द की कुंजी—ले० बा० सूरजभान वकील, प्र० प्रेम मंडल हरदा सी० पी०, भा० हि०, पृ० ११।

अहिंसा और कायरता—ले० अयोध्या प्रसाद गोयलीय, हिन्दी विद्या-मंदिर देहली, भा० हि० पृ० २६; व० १९३८, आ० तृतीय।

अहिंसा धर्म प्रकाश [पूर्वार्ध]—ले० फुलजारीलाल जैन, प्र० स्वयं जैन स्कूल पानीपत, भा० हि०, प्र० ८३, व १९२४, आ० प्रथम।

अहिंसा प्रदीप—ले० धीरेन्द्र कुमार शास्त्री, प्र० अहिंसा प्रचारक संघ काशी, भा० हि०; प्र० ३३, आ० प्रथम।

अहिंसा सिद्धांत—ले० मुनि अमर चन्द, भा० हि०, प्र० ४८, व० १९३२।

अहिंसा धर्म और धार्मिक निर्दयता—ले० प्र० अज्ञात, भा० हि०।

अहिंसा धर्म और प्रेम—प्र० जीव दया सभा आगरा, भा० हि०, पृ० १०।

अंजना—ले० अज्ञात, भा० हिन्दी।

अंजना पवञ्जय (काव्य)—ले० भवर लाल सेठी, प्र० जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय बम्बई, भा० हि०, पृ० ३०, व० १९१५; आ० प्रथम।

अंजना पवञ्जय (नाटक)—ले० परमानन्द; भा० हि०, पृ० १२०, व० १९३९।

अंजना सुन्दरी नाटक—ले० कन्हैयालाल; प्र० खेमराज श्री कृष्णदास बम्बई, भा० हि०, पृ० ११२, व० १९०९; आ० प्रथम।

अंजना सुन्दरी—ले० रामचरित उपाध्याय, भा० हि०।

आगम प्रमाणता सम्बन्ध में शास्त्रार्थ—ले० कई विद्वान; प्र० हीराचन्द नेमचन्द दोशी शोलापुर; भा० हि०; पृ० ३९; व० १९२४।

आचारसार—ले० आचार्य वीरनंदि; सपा० पं० इन्द्रलाल शास्त्री प० च

मनोहरलाल शास्त्री; प्र० माणिक चन्द दि० जैन ग्रन्थमाला बम्बई; भा० सं०; पृ० ६८; व० १६१८, आ० प्रथम।

आचारसार—ले० आचार्य वीरनंदि; टी० पं० लालाराम शास्त्री; प्र० सेठ शाह जोतीचन्द भाई चद सर्राफ बारामती, भा० स० हि०; पृ० २६६; व० १६३६, आ० प्रथम।

आचार्य शान्तिसागर पूजन स्तवन—ले० प० लालाराम व पं० मक्खन-लाल प्र० श्रीलाल जैन जव्हेरी कलकत्ता, भा० हि०; पृ० २८; व० १६३४।

आचार्य शान्तिसागर महाराज का चरित्र—प्र० राव जी सखाराम दोशी शोलापुर, भा० हि०, पृ० ३६, व० १६२८, आ० प्रथम।

आत्मकथा—ले० प० दरबारी लाल सत्य भक्त, प्र० सत्याश्रम वर्धा सी० पी०, भा० हि०, पृ० २६१, व० १६४०, आ० प्रथम।

आत्म तेज—ले० भगवत जैन, प्र० स्वय; भा०हि०; पृ० ३०;व० १६३६।

आत्म दर्शन (सचित्र)—ले० मास्टर मेवाराम; प्र० पृथ्वीपाल जैन बड़ौदा, भा० हि०, पृ० ४८, व० १६४४; आ० प्रथम।

आत्म चिन्तन –ले० केशरी मल जैन, भा० स० हि०; पृ० ६०।

आत्म दर्शन—ले० योगीन्द्र देव; भा० स०।

आत्म धर्म—ले० ब्र० शीतल प्रसाद, प्र० मूलचन्द किशनदास कापड़िया सूरत; भा० हि०, पृ०१५६, व० १६१६, आ० प्रथम।

आत्मध्यान का उपाय—सपा० ब्र० शीतल प्रसाद जी, प्र० सवाई सेठ खुशाल चद चौरई छिन्दवाड़ा, भा० हि०, पृ० ५६, व० १६२८, आ० प्रथम।

आत्म निवेदन—ले० के० भुजबलि शास्त्री, अनु० धरणीधर, भा० सं० हि०, पृ० ३२, व० १६४०।

आत्म प्रबोध—ले० कुमार कवि, अनु० पं० गजाधर लाल, संपा० पं० श्रीलाल; प्र० भारतीय जैन सिद्धान्त प्रकाशनी सस्था कलकत्ता, भा० स० हि०, पृ० १६४, आ० प्रथम।

आत्म प्रमोद—ले० ब्र० नन्दलाल, भा० हि० पृ० ३८ ।

आत्म प्रमोद (प्रथम द्वितीय भाग)—ले० ब्र० नन्दलाल, सम्पा० बिहारी लाल कठनेरा, प्र० लेखक स्वयं कारंजा, भा० हि०; पृ० ७१, व० १६२८, आ० प्रथम ।

आत्म भावना—ले० ब्र० नन्दलाल, भा० हि० पृ० १६, व० १६३१ ।

आत्म वन्दन (पद्य)—ले० ब्र० नन्दलाल, प्र० दुलीचन्द जैन कलकत्ता; भा० हि० पृ० २७; व० १६३६, आ० प्रथम ।

आत्मवाद और एकान्त परिहार—ले० प्र० ब्र० नन्दलाल, भा० हि०, पृ० २० ।

आत्म शुद्धि—ले० मुन्शीलाल एम० ए०, प्र० स्वयं; भा० हि०- पृ० ६६, व० १९१४, आ० द्वितीय।

आत्मसार छत्तीसी—ले० द्यानत राय कवि; भा० हि० ।

आत्म सिद्धि—ले० श्री मद्राज चन्द्र, संपा० पं० उदय लाल काशलीवाल, प्र० मनसुख लाल रावजीभाई बम्बई, भा० हि०, पृ० २०७, व० १६१८. आ० प्रथम ।

आत्म सिद्धि—ले० प दरबारी लाल सा० र०; प्र० आत्म जागृति कार्यालय ब्यावर; भा० हि०, पृ० १७; व० १६३२ ।

आत्म सिद्धि और सम्यक्त्व—ले० प० दरबारी लाल सा० र०, प्र० आत्म जागृति कार्यालय ब्यावर, भा० हि०, पृ० १२, व० १६३२ ।

आत्मानन्द का सोपान—ले० ब्र० शीतल प्रसाद, प्र० मूलचन्द किशन दास कापडिया सूरत, भा० हि०, पृ० २०, व० १६२३; आ० प्रथम ।

आत्मानंद जैन शताब्दी स्मारक ग्रंथ—प्र० आत्मानद जैन सोसाइटी; भा० हि० अ० गु०, पृ० ११, व० १६३६ ।

आत्मानुशासन—ले० गुणभद्राचार्य, टी० पं० टोडरमल जी, अनु० हकीम ज्ञान चन्द, प्र० ज्ञान चंद जैनी लाहोर, भा० सं० हि०, पृ० ३४४, व० १८६७ ।

[illegible]—ले० [illegible]; टी० पं० [illegible], प्र० [illegible] ग्रंथ रत्नाकर कार्यालय बम्बई, भा० स० हि०; पृ० २४२, व० १९२९, आ० द्वितीय।

आत्मिक मनोविज्ञान—ले० चम्पतराय बैरिस्टर; प्र० साहित्य मंडल देहली, भा० हि०, पृ० १०५, व० १९३२, आ० प्रथम।

आत्मोन्नति—ले० ब्र० शीतल प्रसाद, प्र० जैन मित्र मंडल देहली, भा० हि०, पृ० २४, व० १९३६, आ० प्रथम।

आदर्श कहानियाँ—ले० पंडिता चन्दा बाई, प्र० मूलचंद किशनदास कापडिया सूरत; भा० हि० पृ० २०४, व० १९३४ आ० प्रथम,

आदर्श जैन चर्या—ले० कामता प्रसाद जैन; प्र० दिगम्बर जैन पुस्तकालय सूरत, भा० हि०, पृ० ३२, व० १९४४, आ० प्रथम,।

आदर्श जैनी बनो—ले० ब्र० प्रेमसागर; प्र० बरातीलाल जैन [illegible] भा० हि०, पृ० १६; व० १९२६।

आदर्श नाटक—आ० प्रथम, भा० हि०, प्र० जिनवाणी प्रचारक कार्यालय कलकत्ता; व० १९३३;

आदर्श निबंध—ले० पंडिता चन्दाबाई; प्र० जैन बालाविश्राम आरा भा० हि०, पृ० १४६।

आदर्श भावना—ले० ब्र० सुन्दरलाल, भा० हि०; पृ० १६, व० १९३५।

आदर्श महिला पंडिता चन्दाबाई—ले० पं० परमानन्द जैन शास्त्री; प्र० [illegible] देवी बालाविश्राम आरा, भा० हि०, पृ० २८३, व० १९४३; आ० प्रथम।

आदिनाथ स्तुति (भाषा भक्तामर)—ले० पं० हेमराज, सपा०, मुंशी अमनसिंह, प्र० मु० अमनसिंह देहली, भा० हिं०, पृ० २८, व० १८९३; आ० प्रथम।

आदिनाथ स्तोत्र—ले० मानतुंगाचार्य, अनु० पं० [illegible] जी [illegible]

शुद्ध, प्र० सेठ हजारीलाल हरसुख राय सुसारी इन्दौर, भा० सं० हि०, पृ० २५, व० १९३६, आ० प्रथम।

आदिनाथ स्तोत्र व महावीराष्टक—ले० मानतु गाचार्य अनु० पं० भागचन्द प्र० हीरालाल पन्नालाल जैन दिल्ली, भा० स०, पृ० १६, व १९३९।

आदिनाथ स्तोत्र (विषापहार सहित)—ले० मानतु गाचार्य, अनु० टी० प० नाथूराम प्रेमी०, प्र० जैन ग्रथ रत्नाकर कार्यालय बम्बई, भा० स० हि०, पृ० ६०, व १९२३, आ० षष्टम्।

आदिपुराण—ले० जिनसेनाचार्य, टी० प० दौलतराम जी, प्र० भारतीय जैन सिद्धांत प्रकाशनी संस्था कलकत्ता, भा० हि०, पृ० ९६२, व० १९२०, आ० प्रथम।

आदिपराण—ले० जिनसेनाचार्य टी० अनु० प० लालाराम शास्त्री, प्र० जैन ग्रथ प्रकाशन कार्यालय इन्दौर, भा० स० हि०, पृ० १७६८, व० १९१५, आ० प्रथम।

आदिपुराण—ले० जिनसेनाचार्य, अनु० बुद्धिलाल श्रावक, प्र० दुलीचंद परवार देवरीसागर, भा० हि०, पृ० ४६०।

आदिपुराण—ले० जिनसेनाचार्य, प्र० जिनवाणी प्रचारक कार्यालय कलकत्ता, भा० स०, पृ० २५८, आ. प्रथम।

आदिपुराण—(सचित्र)—ले० जिनसेनाचार्य, अनु० बुद्धिलाल श्रावक, प्र० जिनवाणी प्रचारक कार्यालय कलकत्ता, भा० हि०, पृ० २०२, व० १९३५, आ० द्वितीय।

आदिपुराण (संक्षिप्त हिन्दी गद्यात्मक)—ले० मा० बिहारीलाल; प्र० शान्ति चन्द्र जैन, भा० हि०, पृ० १८८, व० १९२६, आ० प्रथम।

आदिपुराण समीक्षा (प्रथम भाग)—ले० बा० सूरजभान वकील; प्र० चन्द्र सेन जैन वैद्य इटावा; भा० हि०; पृ० ५४; व० १९१८; आ० प्रथम।

आदिपुराण समीक्षा (द्वितीय भाग)—ले० बा० सूरजभान वकील; प्र० चन्द्रसेन जैन वैद्य इटावा भा० हि० पृ० ७० ; व० ९१८ ; आ० प्रथम।

आदिपुराण समीक्षा की परीक्षा—ले० पं० लालाराम शास्त्री; प्र० माणिक चन्द्र बैनाड़ा बम्बई, भा० हि० ; पृ० ९६, व० १९१८, आ० प्रथम ।

आध्यात्मिक चौबीस ठाणा—ले० तारण तरण स्वामी, टी० ब्र० शीतल प्रसाद, प्र० सेठ मन्नूलाल जैन आगासोद, भा० हि०; पृ० १२४, व० १९३६, आ० प्रथम ।

आध्यात्मिक निवेदन—ले० ब्र० शीतल प्रसाद, प्र० मूलचन्द किशन दास कापड़िया सूरत, भा० हि०, पृ०, १६; व० १९१७, आ० प्रथम ।

आध्यात्मिक पत्रावली (प्रथम भाग)—ले० प० गणेश प्रसाद जी वर्णी, प्र० जिज्ञासु मंडल कलकत्ता, भा० हि०, पृ० १४०; व० १९४०, आ० प्रथम ।

आध्यात्मिक पत्रावली (द्वितीय भाग)—ले० गणेश प्रसाद जी वर्णी, संपा० बा० छोटेलाल ; प्र० सर सेठ हुकम चन्द इन्दौर, भा० हि०; पृ० ७२, व० १९४१ आ० प्रथम ।

आध्यात्मिक पत्रावली (तृतीय भाग)—ले० पंडित गणेश प्रसाद जी वर्णी प्र० जिज्ञासु मंडल कलकत्ता भा० हि०, पृ० १८३ व० १९४१, आ० प्रथम ।

आध्यात्मिक सोपान—संपा० ब्र० शीतल प्रसाद जी, प्र० दिगम्बर जैन पस्तकालय सूरत, भा० हि०, पृ० ३२५, व० १९३१, आ० प्रथम ।

आधुनिक जैन कवि—सपा० रमारानी, प्र० भारतीय ज्ञानपीठ काशी । भा० हि०, पृ० २१४, व १९४४ ।

आनुपूर्वी—प्र० उम्मेद सिह मुसद्दीलाल, भा० हि० पृ० २७, व. १९८८

आप्त परीक्षा—(मूल) ले० विद्यानन्द स्वामी, सपा० प लालाराम, प्र० जैन ग्रंथ रत्नाकर कार्यालय बम्बई, भा० स०, पृ० १४, व० १९०४ ; आ० प्रथम ।

आप्त परीक्षा (सटीक)-ले० विद्यानन्द स्वामी; टी० अनु० प० उमराव सिंह प्र० स्याद्वाद विद्यालय काशी, भा० सं० हि०, पृ० ७२ व० १९१५ , आ० प्रथम ।

आप्त परीक्षा (पत्र परीक्षा सहित)—ले० विद्यानन्द स्वामी ; संपा० प० गजाधरलाल, प्र० पन्नालाल जैन बनारस; भा० सं० ; पृ० १७८, व० १९१३; आ० प्रथम ।

आप्तमीमांसा—ले० समन्तभद्राचार्य, संपा० पं० कालाराम, प्र० जैन ग्रंथ रत्नाकर कार्यालय बम्बई; भा० स८; प्र० १४; व० १९०४, आ० प्रथम ।

आप्तमीमांसा वचनिका—ले० समन्तभद्र आचार्य; टी० पं० जयचन्द्र जी, प्र० मुनि अनन्तकीर्ति ग्रन्थमाला बम्बई, भा० सं० हि०, पृ० ११८, आ० प्रथम ।

आप्तमीमांसा प्रमाण परीक्षा—ले० समन्तभद्राचार्य, विद्यानन्द स्वामी संपा० प० गजाधरलाल, प्र० पन्ना लाल जैन काशी, भा० सं०, पृ० ८०, व० १९१४, आ० प्रथम ।

आप्त स्वरूप—ले० अज्ञात, टी० पं० उग्र सेन जैन एम० ए०, प्र० जैन मित्र मडल देहली, भा० हि०, पृ० २७२, व० १९४०, आ० प्रथम ।

